3 राजधानी
डीयू में दाखिले के लिए पोर्टल शुरू

6 अभिमत
महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना

9 राष्ट्रीय
अपनी पार्टी से नाखुश नहीं हूं : अजित पवार

12 स्पोर्ट्स
बुमराह, हर्षल की टी-20 विश्व कप टीम में वापसी



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 303
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का मजबूत दावेदार
विदेश-10

www.dailypioneer.com

# ज्ञानवापी-शृंगार गौरी विवाद सुनने योग्यः कोर्ट

● वाराणसी जिला और सत्र न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज करते हुए हिन्दू पक्ष के हक में सुनाया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी** की जिला अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी-शृंगार गौरी मामले की पोषणीयता पर सवाल उठाने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह पूजा के अधिकार की मांग वाली याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी। मुस्लिम पक्ष ने अदालत के इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देने की घोषणा की है। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने बताया कि जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश ने मामले की पोषणीयता पर सवाल उठाने वाली याचिका को खारिज करते हुए सुनवाई जारी रखने का निर्णय किया। अदालत में मौजूद एक वकील ने बताया कि जिला न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के वादियों और उनके अधिवक्ताओं समेत 32 लोगों की मौजूदगी में 26 पन्नों का आदेश 10 मिनट के अंदर पढ़कर सुनाया। अदालत ने गत 24 अगस्त को इस मामले में अपना आदेश 12 सितंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। मुस्लिम पक्ष के वकील मेराजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि जिला अदालत के इस निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में पांच महिलाओं ने याचिका दायर कर हिंदू देवी-देवताओं की दैनिक पूजा की अनुमति मांगी थी, जिनके विग्रह ज्ञानवापी मस्जिद की बाहरी दीवार पर स्थित हैं। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति ने ज्ञानवापी मस्जिद को वक्फ संपत्ति बताते हुए कहा था कि मामला सुनवाई योग्य नहीं है। मामले में अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। जिला जज ने अपने आदेश में कहा, दलीलों और विश्लेषण के मद्देनजर मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि यह मामला उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991, वक्फ अधिनियम 1995 और उप्र श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम 1983 तथा बचाव पक्ष संख्या 4 (अंजुमन इंतजामिया) द्वारा दाखिल याचिका 35 सी के तहत वर्जित नहीं गया है, लिहाजा इसे निरस्त किया जाता है। अदालत के यह फैसला सुनाने के बाद कुछ लोग सड़कों पर आ गए और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाईं। (शेष पेज 8)



न्यायालय के निर्णय की मीडिया को जानकारी देते हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता

## ज्ञानवापी मामले में अगली सुनवाई 28 सितंबर को करेगा इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ- ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सोमवार को अगली सुनवाई की तारीख 28 सितंबर, 2022 निर्धारित की। इससे पूर्व 30 अगस्त को न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने नौ सितंबर, 2021 के अंतरिम आदेश को 30 सितंबर, 2022 तक के लिए बढ़ा दिया था। इस अंतरिम आदेश के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का एक समग्र भौतिक सर्वेक्षण कराने के वाराणसी की अदालत के आदेश पर रोक लगा दी गई थी। उल्लेखनीय है कि वाराणसी की अदालत ने आठ अप्रैल, 2021 को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को (शेष पेज 8)

# डेयरी सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : मोदी

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व डेयरी सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा-भारत में इस क्षेत्र में 70 फीसदी महिलाओं का प्रतिनिधित्व

**रिंकू यादव।** नोएडा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां आयोजित विश्व डेयरी सम्मेलन का उद्घाटन किया। भारत 48 साल बाद इस कार्यक्रम की दोबारा मेजबानी कर रहा है। इस मौके पीएम मोदी ने कहा कि भारत के डेयरी सेक्टर की असली कर्णधार देश की महिलाएं हैं। भारत के डेयरी कोऑपरेटिव में भी एक तिहाई से ज्यादा सदस्य महिलाएं ही हैं। उन्होंने कहा कि डेयरी सेक्टर देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। साल, 2014 में भारत में 14.6 करोड़ टन दूध का उत्पादन होता था, अब ये बढ़कर 21 करोड़ टन तक पहुंच गया है। बीते आठ वर्षों में इसमें करीब 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

पीएम मोदी ने कहा कि विश्व के विकसित देशों से अलग, भारत में डेयरी सेक्टर की असली ताकत छोटे किसान हैं। आज भारत में डेयरी कोऑपरेटिव का एक ऐसा विशाल नेटवर्क है, जिसकी मिसाल पूरी दुनिया में मिलना मुश्किल है। डेयरी सेक्टर न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देता है, बल्कि ये दुनियाभर में करोड़ों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, डेयरी पशुओं का सबसे बड़ा डेटाबेस तैयार कर रहा है। डेयरी सेक्टर से जुड़े हर पशु की टैगिंग हो रही है। आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से हम पशुओं की बायोमीट्रिक पहचान कर रहे हैं। हमने इसे पशु आधार नाम दिया है। भारत के डेयरी सेक्टर मातृशक्ति का 70 प्रतिशत वर्कफोर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं।

मोदी ने कहा कि डेयरी कोऑपरेटिव देश के दो लाख से ज्यादा गांवों में, करीब.करीब दो करोड़ किसानों से दिन में दो बार दूध जमा करती हैं और उसे ग्राहकों तक पहुंचाती हैं। पीएम मोदी ने कहा, पिछले कुछ समय में भारत के अनेक राज्यों में लंपी नाम की बीमारी से पशुओं का नुकसान हुआ है। (शेष पेज 8)



विश्व डेयरी सम्मेलन का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला

## गुजरात की बन्नी भैंस की बताई खासियत

**मोदी** ने कहा, हमारे पास भैंस और गायों की जो नस्ल है, वह कठिन समय में भी खुद को ढालती है। गुजरात की बन्नी भैंस रात के कम तापमान में घास चरने के लिए निकलती है, क्योंकि गुजरात में दिन में भयंकर धूप होती है। विदेश से आए मेहमान यह सुनकर चौंक जाएंगे कि रात में भैंस के साथ उनका पशुपालक नहीं होता है। ये बन्नी भैंस 15 किमी दूर चरते हुए निकल जाती हैं। सुबह होते ही वह घर पहुंच जाती हैं। हमने सिर्फ बन्नी का उदाहरण दिया है। आज तक यह नहीं सुनने को मिला है कि किसी की बन्नी भैंस खो गई है। दूध से सैकड़ों तरह की मिठाइयां बनती हैं। इसमें 61 वे मिठाइयां हैं, जो देश के विभिन्न राज्यों में सबसे प्रसिद्ध हैं। वर्ल्ड डेयरी समिट में इन 61 मिठाइयों को मिठाई मैप ऑफ इंडिया नामक होर्डिंग्स पर प्रदर्शित किया गया है। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मिठाई के रूप में घेवर और गाजर के हलवे को इसमें शामिल किया गया है।

# गोगरा-हॉट स्प्रिंग से भारत-चीन की सेनाएं पीछे हटीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीमा** पर तनाव कम करने के लिए हुए समझौते के मुताबिक भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में गोगरा-हॉटस्प्रिंग (पेट्रोलिंग पॉइंट 15) से अपनी-अपनी सेनाएं पीछे हटाने का काम पूरा कर लिया है। इस बिंदु पर पिछले दो साल में दोनों ओर बने अस्थायी निर्माण को भी हटा दिया गया है। दोनों देशों के सैनिक पीछे हटकर अपने-अपने बेस शिविरों में पहुंच गए हैं और वहीं से बफर अथवा नो पेट्रोलिंग जोन पर निगाह रखेंगे। यह जोन दो से पांच किलोमीटर तक फैला है।

इससे पहले दिन में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने कहा था कि सैनिकों को हटाने का काम तय समय के अनुसार चल रहा है। दोनों देशों में आपसी सहमति के बाद पिछले गुरुवार को सैनिकों को पीछे हटाने की कार्रवाई शुरू हुई थी। यह प्रक्रिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उज्बेकिस्तान के समरकंद में वार्षिक संघाई संघ के सम्मलेन में जाने से कुछ दिन पहले पूरी कर ली गई।

आगामी 15-16 सितंबर को आयोजित होने वाली इस बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी हिस्सा लेंगे। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है कि सम्मेलन से इतर मोदी की चिनपिंग अथवा शहबाज शरीफ के साथ कोई बैठक होगी। वर्ष 2019 में आयोजित ब्राजील के ब्रेसिलिया में आयोजित ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) सम्मेलन के बाद पीएम मोदी और शी पहली बार मिल रहे हैं। इस बीच, एक बार सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद फिर किसी विवाद या संघर्ष से बचने एवं शांति बहाली के लिए दोनों देश दो से पांच किलोमीटर दायरे में फैले बफर जोन की शर्तों का पालन करेंगे। सूत्रों ने मंगलवार को नई दिल्ली में बताया कि इसी तरह का बफर जोन अन्य उन चार चौकियों पर भी निर्धारित किया गया है जहां से पिछले दो साल में भारत और चीनी सैनिक पीछे हट चुके हैं। (शेष पेज 8)



● दोनों देशों के सैनिक अपने आधार शिविरों से ही दो से पांच किमी दायरे में फैले बफर जोन की करेंगे निगरानी

# कांग्रेस के ट्वीट पर मचा घमासान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के सोशल मीडिया अकाउंट पर खाकी निक्कर में आग लगा फोटो पोस्ट किए जाने के बाद संघ और भाजपा ने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर जबरदस्त हमला बोला है। भगवा दल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों को घृणा से जोड़ रही है। जो फोटो पोस्ट किया गया है, उससे देश में हिंसा हो सकती है। विपक्षी दल ने तगड़ा पलटवार करते हुए कहा कि संघ और भाजपा कांग्रेस की ओर से आक्रामक जवाब के लिए तैयार नहीं हैं। यदि वे आक्रामक होंगे तो हम दोगुने आक्रामक होकर उत्तर देंगे।

खाकी निक्कर कुछ समय पहले तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक का ड्रेसकोड हुआ करता था। अब आरएसएस के स्वयंसेवक फुलपैंट पहनते हैं। कांग्रेस ने खाकी निक्कर में आग लगे होने की तस्वीर साझा करते हुए ट्विटर पर लिखा कि नफरत की बेड़ियों से देश को मुक्त कराना है और भाजपा-आरएसएस द्वारा किए गए नुकसान की भरपाई करनी है। एक-एक कदम करके हम अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा के लोगो का उपयोग किया और यात्रा के शेष दिनों का उल्लेख करते हुए कहा कि 145 दिन बाकी हैं। (शेष पेज 8)




● भाजपा-संघ का आरोप-घृणा फैला रही कांग्रेस, भड़काऊ ट्वीट से देश में हो सकती है हिंसा

● विपक्षी दल का पलटवार भगवा दल आक्रामक होगा तो हम दोगुने आक्रामक होकर जवाब देंगे

# अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7 प्रतिशत पर पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सब्जी,** मसाले जैसे खाने के सामान के दाम बढ़ने से खुदरा महंगाई दर अगस्त महीने में बढ़कर सात प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके साथ पिछले तीन महीने से खुदरा मुद्रास्फीति में कमी का रुख थम गया है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक महीने पहले जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 6.71 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने रिजर्व के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। आरबीआई मौद्रिक नीति पर निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अगस्त में 7.62 प्रतिशत रही जो जुलाई में 6.69 प्रतिशत थी। (शेष पेज 8)

# गैंगस्टरों, आतंकियों और ड्रग तस्करों के 50 ठिकानों पर एनआईए का छापा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने कथित गैंगस्टरों के मादक पदार्थ-आतंकवाद से जुड़े एक मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली/एनसीआर में सोमवार को 50 ठिकानों पर छापे मारे। इसका मकसद भारत और विदेशों में आतंकियों, गैंगस्टरों और ड्रग तस्करों के गठबंधन को समाप्त करना है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कुछ गैंगस्टर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी शामिल हैं। एनआईए ने दिल्ली पुलिस द्वारा 26 अगस्त को पहले दर्ज किए गए दो मामलों का फिर से पंजीकृत कर इन एजेंसी के सांगठगांठ के खिलाफ जांच की कार्रवाई शुरू की है।

एनआईए पाकिस्तान से मादक पादार्थ की तस्करी में पंजाब के गिरोहों की संलिप्तता और आतंकी गतिविधियों में धन लगाने की जांच कर रही है। मूसेवाला की 29 मई को मंसा में उस समय हत्या कर दी गई थी जब वो अपने दोस्तों और चचेरे भाई के साथ जीप में जवाहर के गांव जा रहे थे। इससे एक दिन पहले पंजाब पुलिस ने अस्थायी तौर पर उनकी सुरक्षा हटा ली थी। लारेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य गोल्डी बरार ने हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

अधिकारियों ने बताया कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा तथा गोल्डी बराड़ और जग्गू भगवानपुरिया के आवास समेत अन्य ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं। ये दोनों मूसेवाला की हत्या के मामले में भी आरोपी हैं। अधिकारियों ने बताया कि यमुना नगर, मजीठा रोड, (शेष पेज 8)

● पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली/एनसीआर में एजेंसी ने की कार्रवाई

● इनमें से कुछ मूसेवाला की हत्या में थे शामिल

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,115 ↑ 322 | |
| निफ्टी | 17,936 ↑ 103 | |
| सोना | 50,608 ↑ 79 | /10g |
| चांदी | 55,740 ↑ 690 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जैकलीन फर्नांडीज नहीं आईं, फिर भेजा समन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज सोमवार को दिल्ली आर्थिक अपराधा शाखा (ईओडब्ल्यू) की पूछताछ के लिए नहीं पहुंची। हालांकि जैकलीन ने पूर्व निर्धारित शूटिंग में व्यस्तता के चलते सोमवार को होने वाली पूछताछ को टालने का ईओडब्ल्यू से निवेदन किया था। वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार ताजा समन में फर्नांडीज को ईओडब्ल्यू के मंदिर मार्ग स्थित कार्यालय में 14 सितंबर बुधवार को 11 बजे उपस्थित होने को कहा गया है। ज्ञात रहे कि 12 सितंबर को फर्नांडीज को पूछताछ के लिए उपस्थित रहना था। अभिनेत्री को सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ की उगाही के मामले से जोड़ते हुए आरोपी बनाया गया है। यह दूसरी बार है जब जैकलीन ने पूछताछ टालने के लिए निवेदन किया है।

# सोनाली फोगाट मौत मामले की होगी सीबीआई जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सोनाली फोगाट की मौत के मामले की सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने के आदेश दिए। वहीं केंद्र के इस फैसले का सोनाली फोगाट के परिवार ने स्वागत किया है। सोनाली की बेटी और भाई शुरू से सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर विषय की सीबीआई से जांच कराने का अनुरोध किए जाने के बाद गृह मंत्रालय ने यह कदम उठाया।

मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की है। सीबीआई, डीओपीटी के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है। टिक-टॉक की पूर्व स्टार और रियलिटी टीवी शो बिग बॉस की प्रतिभागी रहीं फोगाट को 23 अगस्त को उत्तरी गोवा के एक अस्पताल में मृत हालत में लाया गया था। (शेष पेज 8)



सोनाली फोगाट का फाइल चित्र

● गृह मंत्रालय ने दिए आदेश, भाजपा नेत्री की बेटी और भाई कर रहे थे मांग

# सीएए को लेकर 31 अक्टूबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा कि वह संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 31 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। इस कानून में 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आ चुके पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ना के शिकार गैर मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने का प्रावधान है। प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति ए आर भट की पीठ ने कहा कि मामले को तीन जजों की पीठ को भेजा जाएगा। पाक, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदायों के लोगों को भारत की नागरिकता देने के प्रावधान वाले संशोधित कानून से मुस्लिम प्रवासियों को बाहर रखने पर विपक्षी दलों, नेताओं ने तीखी आलोचना की है।

# कुनो में चीतों को बसाने के लिए 25 गांव विस्थापित

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**मध्यप्रदेश** स्थित कुनो राष्ट्रीय उद्यान की परिधि में आ रहे 25 गांवों को दोबारा बसाने की प्रक्रिया आगामी 17 सितंबर तक पूरी हो जाएगी। इसी दिन अपने जन्मदिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस 26 साल पुराने उद्यान में नामीबिया से लाए गए आठ चीते छोड़ेंगे। अब तक 25 में से 24 गांव दूसरी जगह बसाए जा चुके हैं जिनकी आबादी लगभग 5000 है। शेष बचे एक गांव बागचा के 148 परिवारों को भी शीघ्र नए ठिकाने पर पहुंचा दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि कुनो राष्ट्रीय उद्यान करीब 740 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। इस समय उसकी सीमा में केवल एक गांव बचा है। उसे भी दूसरी जगह बसाने की प्रक्रिया चल रही है, जिसे 17 सितंबर से पहले पूरा कर लिया जाएगा। कुल 25 में से 24 गांवों को पूरी तरह से गत 10 से 15 साल में दूसरे स्थानों पर नए सिरे से बसा दिया गया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार दूसरी जगह बसाए गए इन गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देगी। गौरतलब है कि राजस्व ग्राम छोटा प्रशासनिक क्षेत्र होता है, जिसकी सीमाएं परिभाषित होती हैं। एक राजस्व गांव में कई पुरवे होते हैं। राजस्व ग्राम का प्रमुख ग्राम प्रशासन अधिकारी होता है। यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र की स्थापना करेगी। अधिकारियों ने कहा कि चीतों द्वारा इंसानों पर हमलों का रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। हालांकि, वे छोटे मवेशियों जैसे बकरी, भेड़ और बछड़ों पर हमला कर उन्हें अपना शिकार बना सकते हैं। चीतों द्वारा मवेशियों के मारे जाने पर सरकार प्रभावित मवेशी मालिक को मुआवजा देगी। नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के प्रमुख एसपी यादव ने बताया कि विशेष विमान आठ चीतों जिनमें पांच मादा और तीन नर हैं, को लेकर 16 सितंबर को अफ्रीकी देश नामीबिया की राजधानी विंडहोक से रवाना होगा और मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर की सुबह जयपुर हवाई अड्डे पहुंचेगा। (शेष पेज 8)



प्रतीकात्मक चित्र

● नामीबिया से लाए जाएंगे आठ चीते, अपने जन्मदिन पर 17 को पीएम मोदी राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ेंगे

● अगले पांच साल में केंद्र सरकार अफ्रीकी देशों से 50 चीते भारत लाने की बना रही योजना

# यूपी के पशुपालकों की बढ़ेगी आय: योगी

**विश्व डेयरी सम्मेलन**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विश्व डेयरी सम्मेलन 2022 का शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में 48 वर्ष बाद यह समिट आयोजित हो रहा है और यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर में यह आयोजन प्रारम्भ हो चुका है और जो आगामी 4 दिवसों तक संचालित होगा, इसके लिए, उन्होंने भारत सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि समिट के माध्यम से प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों को लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों एवं पशुपालकों की आमदनी दोगुना करने के लिए उत्तर प्रदेश को चुना और यह अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य आबादी की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है और दुग्ध उत्पादन में भी पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। आयोजित सम्मिट के माध्यम से आधुनिक तकनीक को जोड़कर प्रदेश के किसान एवं पशुपालन खेती के साथ साथ दुग्ध उत्पादन में अपनी आय की वृद्धि कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 4 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादक कार्य कर रहे है। उन्होंने नेशनल डेरी फेडरेशन से इस अवसर पर सहयोग की अपेक्षा करते हुये प्रदेश में और अधिक दुग्ध उत्पादन बढाने पर बल दिया। उन्होंने इस अवसर पर बलीनी महिला समूह का जिक्र करते हुये कहा कि डेरी के क्षेत्र में बलीनी स्टेक होल्डर के द्वारा वर्ष में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में 150 करोड़ का वार्षिक टर्नओवर करते हुये 13 करोड़ की आमदनी सुनिश्चित की जा रही है, यह प्रदेश के लिए एक उदाहरण है। इस क्षेत्र में 4 अन्य मिल्क प्रोडक्ट निर्माता से बात की गयी है, जिनके द्वारा अगले 5 वर्षों में दुग्ध सेक्टर में बड़े स्तर पर कार्य किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वावलम्बन बढाने के उद्देश्य से अन्य स्टेक होल्डर के साथ वार्तालाप चल रहा है, जिसके परिणाम भी आगे देखने को मिलेंगे। प्रदेशभर के गोवंश एवं पशुओं को खुरपका एवं मुंहपका बिमारियों की रोकथाम के लिए विगत मथुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया गया था। टीकाकरण कराया जा चुका है।

इस अवसर पर केंद्रीय मछली पालन, पशुपालन एवं डेरी मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला, सांसद डॉ महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर तथा इंटरनेशनल डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष पी ब्रजाले, आईडीएफ की डीजी कैरोलिन एमंड एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



विश्व डेयरी सम्मेलन के मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य

## आईआईटीजीएनएल का सीएम ने लिया जायजा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आईआईटीजीएनएल की ईंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने ऑटोमेटिक वेस्ट कलेक्शन प्लांट को देखा। उसे चलवा कर अत्याधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी ली। टाउनशिप के हर भूखंड से पाइप के जरिए इस प्लांट तक कूड़े को लाने की प्रक्रिया को समझा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में बिजली आपूर्ति के सिस्टम को भी समझा। मुख्यमंत्री ने टाउनशिप के प्लग एंड प्ले सिस्टम सराहना की।

## भारत सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश: अमित शाह

**नोएडा।** वर्ल्ड डेयरी समिट में अमित शाह ने कहा, 2014 में दुनिया की इकोनॉमी में भारत 11वें नंबर पर था, आज पांचवें नंबर पर है। 1974 के बाद डेयरी शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत में हुआ है। मैं आज यही सोच रहा था की 1974 में विश्व में भारत कहां खड़ा था, और 2022 में हम आत्मनिर्भर होकर निर्यातक के रूप में दुनिया के साथ खड़े हैं। लाखों छोटे और सीमांत डेयरी किसानों के योगदान से आज भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है।

उनके साथ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पशुपालन मंत्री भी मौजूद रहे। शाह ने कहा, 2014 में दुनिया की इकोनॉमी में भारत 11वें नंबर पर था, आज पांचवें नंबर पर है। मुझे उम्मीद है कि जल्द हम तीसरे नंबर पर होंगे। उस दिन भारत सहकारिता के योगदान पर जरूर चर्चा करेगा। सहकारिता के माध्यम से देश के 70 करोड़ लोग देश के आर्थिक विकास में योगदान करेंगे।

उन्होंने कहा, 120 साल से भी सहकारिता का इतिहास भारत का है। कुछ संस्थाएं 100 साल से ज्यादा पुरानी हैं। भारत ने तीसरा विकल्प दुनिया के सामने रखा है। इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी।

कम्युनिस्ट मॉडल, मार्केट मॉडल के बाद तीसरा मॉडल कॉपरेटिव होगा। यह मॉडल भारत ने दुनिया को दिया है। डेयरी और कॉपरेटिव सेक्टर को आगे बढ़ाना ही इस समिट का उद्देश्य है। कॉपरेटिव की अनंत संभावनाएं हैं। अगर हमें रोजगार का सृजन करना है तो सहकारिता और डेयरी सेक्टर को हमें आगे बढ़ाना होगा।

जिस परिवार का सदस्य किसी नौकरी में नहीं है, उस परिवार के एक सदस्य को हम नौकरी देंगे। सहकारिता भी इसी योजना का हिस्सा है। केंद्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने राम राम बोलकर अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा, अमित शाह आजाद भारत के पहले सहकारिता मंत्री हैं, जो इस समिट में मौजूद हैं। उन्होंने कहा, त्रिभुवन भाई पटेल ने गुजरात में अमूल की नींव रखी। आज उसका वटवृक्ष खड़ा हो गया है। त्रिभुवन पटेल ने कर्जा लेकर इस कंपनी की शुरुआत की थी, जिसका टर्न ओवर आज 60 हजार करोड़ रुपए का है।

मंत्री ने कहा, मल और मूत्र किसी का भी पवित्र नहीं होता। ये पवित्रता के धोतक हैं। मगर गाय माता को ऐसा बनाया कि इनका गोबर और मूत्र दोनों पवित्र हैं। अब इसको साइंटिफिक आधार भी मिल रहे हैं।

## नए नोटिस के हिसाब से ही देना होगा टैक्स

**गाजियाबाद।** शहर के लोगों को अब प्राइवेट कंपनी द्वारा तैयार किए गए हाउस टैक्स के नोटिस के हिसाब से ही टैक्स अदा करना होगा।

नगर निगम का कहना है कि जो इस बार नए नोटिस के हिसाब से हाउस टैक्स अदा नहीं करेगा उनसे बकाया टैक्स की वसूली अगले वर्ष बिल के साथ जोड़कर की जाएगी। अभी तक नगर निगम हाउस टैक्स के पुराने नोटिस के हिसाब से ही वसूली करता आ रहा था। हाल ही में नगर निगम प्रशासन की ओर से पूरे शहर में प्रॉपर्टी का सर्वे का कार्य कराया गया है। करीब 96 प्रतिशत हाउस का सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है और बाकी प्रॉपर्टी के सर्वे का कार्य चल रहा है। अभी तक शहर में नगर निगम की ओर से 100 में से 23 वार्ड की प्रॉपर्टी के तैयार किए गए हाउस टैक्स के नए नोटिसों का सत्यापन किया जा चुका है। नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा का कहना है कि नगर निगम हाउस टैक्स नए नोटिस के हिसाब से वसूल करेगा।

## चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में प्रवेश का आज अंतिम मौका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**कॉलेजों में 13 हजार सीटें खाली**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के संबद्ध जिले के सरकारी और अर्द्धसरकारी कॉलेजों में सीधे दाखिला पाने का आज अंतिम मौका है। मंगलवार के बाद कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया बंद हो जाएगी।

शेष सीटों पर विश्वविद्यालय की गाइडलाइन के बाद ही दाखिले हो सकेंगे। हालांकि इसकी उम्मीद बेहद कम है कि विश्वविद्यालय दोबारा ओपन मेरिट के आधार पर दाखिले के लिए कॉलेजों को आदेश देगा।

जिले के सरकारी और अर्द्धसरकारी सभी कॉलेजों में 13 हजार सीटें खाली पड़ी है। डिग्री कॉलेज में 21405 सीटों पर सिर्फ 8266 दाखिले ही हुए हैं। पहली और दूसरी कट आफ के तहत कॉलेजों में सीटें खाली रहने के चलते विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को 10 सितंबर से ओपन मेरिट के आधार पर सीधे दाखिले करने के आदेश दिए थे। यह प्रक्रिया मंगलवार को खत्म हो जाएगी। ओपन मेरिट के भी दाखिलों की चल रही दाखिला प्रक्रिया की रफ्तार धीमी ही रही। 50 कॉलेजों में तीन दिनों में सिर्फ 502 दाखिले ही हो सके। सोमवार को कॉलेजों में कुल 266 छात्रों ने प्रवेश लिया। सरकारी कॉलेजों में तक बीए बीकाम व बीएससी की 50 प्रतिशत से ज्यादा सीटें अभी भी खाली पड़ी है। ऐसे में मंगलवार को छात्रों के पास अच्छा मौका है कि वह सरकारी कॉलेज में अपनी सीट पक्की कर लें।

मंगलवार को शहर के एकमात्र सरकारी डिग्री कॉलेज नोएडा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए में 27ए बीएससी में 18 और बीकाम में 10 छात्रों ने प्रवेश लिया। यहीं स्थिति कुमारी मायावती डिग्री कॉलेज की भी रही।

## इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में 16 महिला कर्मी बेहोश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर नोएडा स्थित कंपनी परिसर में मच्छर मारने की दवा का किया गया था छिड़काव**

ग्रेटर नोएडा में एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में काम करने वाली लगभग 16 लड़कियां और महिलाएं बेहोश हो गईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पांच लड़कियां अभी भर्ती हैं। इकोटेक-3 थाना क्षेत्र के उद्योग केंद्र स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनी में रविवार दोपहर को मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव किया गया। थोड़ी देर बाद काम कर रहीं 16 लड़कियां और महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। सभी को हल्द्वानी स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। दो लड़कियों का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि कंपनी में तबीयत बिगड़ने के बाद किसी के घर पर फोन नहीं किया गया। सूरजपुर निवासी गुड्डू ने बताया कि उनकी 20 वर्षीय बेटी शिखा इसी कंपनी में पैकिंग का काम करती है।

कंपनी की छुट्टी 6 बजे तक हो जाती है, लेकिन रविवार को उनकी बेटी देर तक घर नहीं पहुंची। रात करीब 8 बजे अस्पताल से फोन आया, तब पता चला कि उसकी तबीयत खराब हुई है। जैसे ही परिजनों को तबीयत खराब होने की पता चली, वह अस्पताल पर इकट्ठा हो गए। अस्पताल में हंगामा किया।

इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इन लोगों द्वारा कंपनी पर लापरवाही और घटना को छिपाने का आरोप लगाया और उन्होंने पुलिस से लिखित शिकायत दी। अस्पताल में एडमिट मीनाक्षी ने बताया कि उनकी कंपनी में घड़ी बनती है। हम उन्हीं की पैकिंग का काम कर रहे थे। मच्छर की दवा का छिड़काव कंपनी में किया गया था।


**AXIS BANK**

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई–नीलामी दिनांक 23–09–2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

**कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण**

| शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कुमैल अब्बास | XXXXXXXXXXX8833 | 222641 | 27–06–22 | 81.10 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सरोज देवी | XXXXXXXXXXX5605 | 103554 | 27–06–22 | 37.10 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | संजय चौधरी | XXXXXXXXXXX4679 | 57403 | 18–07–22 | 22.40 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अमित जैन | XXXXXXXXXXX4197 | 42630 | 18–07–22 | 14.80 |
| बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मानवेन्द्र यादव | XXXXXXXXXXX7903 | 514049 | 22–06–22 | 170.50 |
| बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX5363 | 181270 | 26–07–22 | 71.00 |
| दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | सुनीता | XXXXXXXXXXX4829 | 303580 | 26–07–22 | 121.00 |
| दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | नवाजिश अहमद | XXXXXXXXXXX5926 | 78125 | 26–07–22 | 25.40 |
| दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | अनामिका देवी | XXXXXXXXXXX8288 | 38965 | 22–07–22 | 13.70 |
| फरीदाबाद (एचआर) | बबीता | XXXXXXXXXXX3377 | 843181 | 26–07–22 | 253.40 |
| फरीदाबाद (एचआर) | बबीता | XXXXXXXXXXX6541 | 374148 | 26–07–22 | 223.20 |
| फरीदाबाद (एचआर) | पूजा रानी | XXXXXXXXXXX9047 | 299707 | 26–07–22 | 107.50 |
| फरीदाबाद (एचआर) | गीता | XXXXXXXXXXX4155 | 279540 | 11–08–22 | 97.90 |
| फरीदाबाद (एचआर) | वीरंदर सिंह | XXXXXXXXXXX5887 | 142954 | 26–07–22 | 49.50 |
| फरीदाबाद (एचआर) | कंचन कुमारी | XXXXXXXXXXX9321 | 93382 | 26–07–22 | 33.10 |
| फरीदाबाद (एचआर) | परमानंद सिंह | XXXXXXXXXXX6771 | 96754 | 24–03–22 | 35.00 |
| फरीदाबाद (एचआर) | गौरव | XXXXXXXXXXX3237 | 53937 | 26–07–22 | 18.50 |
| फरीदाबाद (एचआर) | अशोक कुमार | XXXXXXXXXXX3152 | 45161.07 | 26–07–22 | 15.80 |
| फरीदाबाद (एचआर) | प्रेम वती | XXXXXXXXXXX2088 | 34371 | 26–07–22 | 11.10 |
| गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद शाहिद | XXXXXXXXXXX9929 | 195211 | 26–07–22 | 67.30 |
| गाजियाबाद (यूपी) | हकीकत अली | XXXXXXXXXXX9608 | 59771 | 14–07–22 | 20.80 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | सुरेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX0089 | 511582 | 06–08–22 | 229.40 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | मनीष शर्मा | XXXXXXXXXXX5595 | 346680 | 26–07–22 | 135.00 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | अमित पंवार | XXXXXXXXXXX9328 | 274349 | 26–07–22 | 95.50 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | मोहित | XXXXXXXXXXX7592 | 127247 | 26–07–22 | 54.90 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | अमित कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX8487 | 58759.42 | 06–08–22 | 22.00 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | मोहित | XXXXXXXXXXX7494 | 54370 | 24–03–22 | 19.20 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | अगम्य झा | XXXXXXXXXXX1894 | 558785 | 28–07–22 | 208.90 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | गौरव दुबे | XXXXXXXXXXX8283 | 407802 | 26–07–22 | 186.90 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | सुमित बिधूड़ी | XXXXXXXXXXX4042 | 121946 | 26–07–22 | 43.00 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | मुकेश कुमार | XXXXXXXXXXX5675 | 390335.71 | 26–07–22 | 126.60 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | ममता | XXXXXXXXXXX5189 | 70767.8 | 14–07–22 | 36.70 |
| किशनगंज ओडी डीएल | अजय कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX6135 | 112223 | 26–07–22 | 33.40 |
| किशनगंज ओडी डीएल | अजीत कुमार | XXXXXXXXXXX4400 | 58622 | 28–07–22 | 22.80 |
| किशनगंज ओडी डीएल | मोहम्मद शाहिद अंसारी | XXXXXXXXXXX2402 | 125621.8: | 28–07–22 | 43.80 |
| किशनगंज ओडी डीएल | सतीश कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX3598 | 27168.9 | 26–07–22 | 10.50 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | दिनेश सिंह | XXXXXXXXXXX7223 | 574765 | 11–06–22 | 218.80 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अरूण शर्मा | XXXXXXXXXXX2397 | 535782 | 26–07–22 | 204.80 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अरूण शर्मा | XXXXXXXXXXX8864 | 507387 | 26–07–22 | 175.40 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXXX2401 | 380088 | 28–07–22 | 126.60 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय सिंह | XXXXXXXXXXX8603 | 291122 | 26–07–22 | 96.30 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संदीप कुमार | XXXXXXXXXXX9427 | 203028 | 28–07–22 | 70.40 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | कौसर अली | XXXXXXXXXXX7503 | 159163 | 24–03–22 | 84.00 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मंगल रतन कश्यप | XXXXXXXXXXX1834 | 90674 | 26–07–22 | 34.90 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय चौधरी | XXXXXXXXXXX9433 | 58300.15 | 26–07–22 | 20.10 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अंकुश शर्मा | XXXXXXXXXXX7898 | 31201 | 18–07–22 | 7.50 |
| मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | गीतांजलि सिंह | XXXXXXXXXXX3735 | 282942 | 07–07–22 | 115.90 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शिव कुमारी जायसवाल | XXXXXXXXXXX6874 | 1021165 | 22–07–22 | 319.90 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजीव चौहान | XXXXXXXXXXX2876 | 458317 | 26–07–22 | 163.40 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रियंका यादव | XXXXXXXXXXX5554 | 166135 | 18–06–22 | 60.20 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अजयवीर सिंह | XXXXXXXXXXX9853 | 62872 | 22–07–22 | 27.60 |
| मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | बिलाल रियाज | XXXXXXXXXXX1682 | 398890 | 26–07–22 | 149.50 |
| मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | अमित कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX7643 | 40009.75 | 30–04–21 | 15.90 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | गुलाब | XXXXXXXXXXX0039 | 908985 | 18–06–22 | 390.50 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | अमिता शर्मा | XXXXXXXXXXX5398 | 108204 | 06–06–22 | 41.90 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राहुल सिंह | XXXXXXXXXXX4114 | 61670 | 26–07–22 | 22.70 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | मोनू कुमार | XXXXXXXXXXX1944 | 44038 | 26–07–22 | 15.20 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राहुल | XXXXXXXXXXX3685 | 84280 | 07–01–22 | 36.20 |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | दिलशाद हैदर | XXXXXXXXXXX8523 | 499073 | 17–05–22 | 181.90 |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | मोहम्मद मोहसिन खान | XXXXXXXXXXX1305 | 155224 | 22–07–22 | 58.20 |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | इब्राहीम खान | XXXXXXXXXXX6896 | 126704.7 | 09–06–22 | 43.00 |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | शहनाज | XXXXXXXXXXX2723 | 36928.77 | 22–07–22 | 13.90 |
| नोएडा (यूपी) | सुनीता | XXXXXXXXXXX5944 | 334034 | 26–07–22 | 133.60 |
| नोएडा (यूपी) | किशोर कुणाल | XXXXXXXXXXX8216 | 330660 | 22–06–21 | 108.80 |
| नोएडा (यूपी) | प्रदीप अवाना | XXXXXXXXXXX4021 | 285617 | 26–07–22 | 93.50 |
| नोएडा (यूपी) | अरविंद कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX9468 | 280823 | 18–06–22 | 92.40 |
| नोएडा (यूपी) | प्रोमिश कुमार | XXXXXXXXXXX6958 | 185947 | 17–05–22 | 84.50 |
| नोएडा (यूपी) | रतन चंद | XXXXXXXXXXX5279 | 145348 | 28–07–22 | 80.40 |
| नोएडा (यूपी) | संतोष कुमार भारद्वाज | XXXXXXXXXXX0011 | 95868 | 26–07–22 | 37.20 |
| नोएडा (यूपी) | संतोष कुमार भारद्वाज | XXXXXXXXXXX1861 | 36854 | 21–06–21 | 11.80 |
| नोएडा (यूपी) | अभय राज मिश्रा | XXXXXXXXXXX6156 | 158239 | 30–03–21 | 61.70 |
| नोएडा (यूपी) | राम कुमार चौधरी | XXXXXXXXXXX6929 | 77739 | 22–07–22 | 25.00 |
| नोएडा (यूपी) | आकाश यादव | XXXXXXXXXXX8768 | 68187 | 18–06–22 | 24.40 |
| नोएडा (यूपी) | रजनीकांत कुमार | XXXXXXXXXXX0656 | 44989 | 29–01–22 | 15.20 |
| पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूजा बराला बराला | XXXXXXXXXXX6441 | 304861 | 18–06–22 | 98.00 |
| पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXXXXX5377 | 97825 | 29–01–22 | 25.60 |
| पालम, दिल्ली (डीएल) | नवीन कुमार | XXXXXXXXXXX8100 | 101656 | 26–07–22 | 31.10 |
| पालम, दिल्ली (डीएल) | ज्ञान सिंह रावत | XXXXXXXXXXX7873 | 56037 | 26–07–22 | 18.60 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | विकास गर्ग | XXXXXXXXXXX5046 | 1024902 | 22–07–22 | 475.70 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | आशीष डबास | XXXXXXXXXXX6362 | 675227 | 22–06–22 | 236.80 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | चंद्र प्रकाश पांडे | XXXXXXXXXXX0043 | 446666 | 17–05–22 | 145.70 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX6436 | 342621 | 22–06–22 | 137.10 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | योगेश | XXXXXXXXXXX6340 | 336050 | 18–06–22 | 106.60 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX5213 | 269132 | 30–03–22 | 91.80 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX3453 | 235600 | 17–05–22 | 81.50 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार | XXXXXXXXXXX0390 | 224648 | 26–07–22 | 81.90 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | परमजीत चोपड़ा | XXXXXXXXXXX3320 | 160095 | 17–05–22 | 71.80 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | हिमांशु कुमार | XXXXXXXXXXX4600 | 86294 | 15–03–21 | 26.50 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | प्रीति गर्ग | XXXXXXXXXXX3067 | 72801 | 05–02–22 | 28.60 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सुशील कुमार | XXXXXXXXXXX3764 | 96399 | 28–02–22 | 33.70 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX5761 | 33903 | 18–06–22 | 13.40 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | अताउर रहमान | XXXXXXXXXXX9065 | 32939 | 18–06–22 | 17.75 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | अंकित यादव | XXXXXXXXXXX2524 | 32472 | 11–08–22 | 11.50 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXXXXX9275 | 119550 | 24–01–22 | 47.69 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXXXXX4133 | 58719.82 | 28–07–22 | 21.34 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | श्रुति वर्मा | XXXXXXXXXXX7254 | 361008 | 26–07–22 | 136.50 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | विनोद कुमार | XXXXXXXXXXX4547 | 297280 | 26–07–22 | 103.80 |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | सचिन | XXXXXXXXXXX9621 | 170780 | 29–01–22 | 58.20 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | सुरेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX6697 | 152691 | 17–05–22 | 55.10 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | राम बहादुर सिंह | XXXXXXXXXXX6013 | 147781 | 06–08–22 | 52.60 |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | रूबी देवी | XXXXXXXXXXX6965 | 108221 | 03–12–21 | 38.90 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | लोक नाथ गिरि | XXXXXXXXXXX5739 | 51496 | 18–07–22 | 19.30 |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | पिंकी | XXXXXXXXXXX4678 | 231742.36 | 09–06–22 | 83.90 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | सुमैया अहमद | XXXXXXXXXXX9582 | 156980.79 | 26–07–22 | 78.00 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | अमित बहल | XXXXXXXXXXX5344 | 697588 | 22–07–22 | 255.30 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXXXXX0753 | 690284 | 28–07–22 | 210.10 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | धर्मेन्द्र सिह | XXXXXXXXXXX9415 | 468717 | 22–06–21 | 170.80 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | सुनीता यादव | XXXXXXXXXXX1266 | 439054 | 12–08–21 | 144.40 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | प्रसेनजित डे | XXXXXXXXXXX6879 | 343715 | 26–07–22 | 119.00 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | मुकेश चौहान | XXXXXXXXXXX6771 | 36460 | 21–04–22 | 25.00 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | XXXXXXXXXXX1618 | 224771 | 22–07–22 | 61.10 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विनोद कुमार | XXXXXXXXXXX3778 | 192775.86 | 07–01–22 | 68.50 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | ओंकार प्रसाद शर्मा | XXXXXXXXXXX7473 | 170576 | 30–03–22 | 55.20 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | दीपक | XXXXXXXXXXX3254 | 126068.27 | 24–03–22 | 62.40 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | XXXXXXXXXXX8953 | 75712 | 30–03–22 | 30.30 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | प्रमोद गुप्ता | XXXXXXXXXXX5808 | 69674.56 | 24–03–22 | 28.20 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | गिरराज शर्मा | XXXXXXXXXXX5567 | 55496 | 17–05–22 | 27.70 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | ओंकार प्रसाद शर्मा | XXXXXXXXXXX6848 | 55300 | 26–07–22 | 28.60 |
| शाहदरा, दिल्ली (डीएल) | सयद सरफराज | XXXXXXXXXXX3042 | 113588 | 26–07–22 | 37.30 |
| शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | मन्नू कुमार | XXXXXXXXXXX2064 | 64216.27 | 17–05–22 | 23.90 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रवि पाल | XXXXXXXXXXX7236 | 237392 | 22–06–22 | 81.90 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद वसीम | XXXXXXXXXXX6658 | 206426 | 26–07–22 | 77.20 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रिया कुमारी | XXXXXXXXXXX9640 | 103150 | 22–06–22 | 35.60 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | नीलम तिवारी | XXXXXXXXXXX2189 | 93263 | 29–01–22 | 32.30 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आदित्य मोराल | XXXXXXXXXXX9937 | 327510.36 | 06–08–22 | 141.40 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रीना सिंह | XXXXXXXXXXX5984 | 177627.5 | 26–07–22 | 69.10 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती अग्रवाल | XXXXXXXXXXX8175 | 134448 | 22–06–22 | 37.40 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | राजेश कुमार | XXXXXXXXXXX1014 | 891241 | 30–04–21 | 316.00 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद कलाम | XXXXXXXXXXX9238 | 169761 | 26–07–22 | 67.60 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXXX5442 | 121144 | 26–07–22 | 40.80 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXXX2117 | 61057 | 30–03–21 | 22.10 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रानी देवी | XXXXXXXXXXX0166 | 121184 | 22–07–22 | 44.70 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रूद्र देव पांडे | XXXXXXXXXXX4102 | 69715.27 | 22–07–22 | 24.10 |
| उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मानस कुमार परीदा | XXXXXXXXXXX2417 | 297349 | 30–03–21 | 106.40 |
| उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रोहित सोढ़ी | XXXXXXXXXXX6656 | 274881.65 | 18–06–22 | 97.30 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजीव मेहता | XXXXXXXXXXX2548 | 146742 | 24–03–22 | 50.50 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजीव मेहता | XXXXXXXXXXX8837 | 138807 | 24–01–22 | 49.20 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजन अहलावत | XXXXXXXXXXX1127 | 211157 | 24–01–22 | 88.60 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | कुलदीप सिंह सेंगर | XXXXXXXXXXX4864 | 98642 | 26–07–22 | 34.50 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद अखलाक | XXXXXXXXXXX6740 | 95743 | 26–07–22 | 35.00 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विशाल सागर | XXXXXXXXXXX9862 | 67362.82 | 25–03–21 | 20.70 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | आदित्य गंजू | XXXXXXXXXXX7864 | 46977.63 | 26–07–22 | 14.00 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजन अहलावत | XXXXXXXXXXX0003 | 45598 | 29–01–22 | 16.80 |
| विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | विनीत यादव | XXXXXXXXXXX5046 | 82341.83 | 18–07–22 | 31.20 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

स्थान : दिल्ली एवं एनसीआर
तिथि : 13–09–2022


## संक्षिप्त समाचार


नोएडा में बिना फिटनेस के चलते ऑटों की जांच करती पुलिस।

### बिना फिटनेस दौड़ते 12 ऑटो पकड़े

**नोएडा।** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को 12 अनफिट ऑटो पकड़े हैं। सभी ऑटो जब्त कर लिए गए हैं। परिवहन विभाग की ओर से सेक्टर-37, सेक्टर-62 और सेक्टर-63 में जांच अभियान चलाया गया। बिना फिटनेस और बिना मीटर दौड़ते ऑटो जब्त किए गए हैं। इसके अलावा पांच ऐसे ऑटो पकड़े गए, जिनमें अतिरिक्त सवारियां बैठाई गई थी।

### मंकीपॉक्स संदिग्ध मरीज का नमूना जांच को भेजा

**नोएडा।** मंकीपॉक्स के एक संदिग्ध मरीज के नमूने जांच के लिए दिल्ली भेजा गया है। 20 वर्षीय संदिग्ध मरीज जर्मनी से लौटा है। एक महीने में तीन संदिग्ध मरीज मिले हैं। दो की रिपोर्ट पहले ही निगेटिव आ चुकी है। नए संदिग्ध की रिपोर्ट बुधवार को आएगी। जर्मनी से लौटा 20 वर्षीय व्यक्ति को त्वचा की एलर्जी जैसे लक्षण थे। मंकीपॉक्स की आशंका को देखते हुए वह शनिवार को सेक्टर.39 स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचा था। पहले उसकी प्राथमिक जांच की गई और त्वचा रोग विशेषज्ञ ने मरीज को देखा। इसके बाद उसके नमूने रविवार को लिया गया। सेक्टर-39 स्थित मंकी पॉक्स के लिए बनाए गए वार्ड के प्रभारी डॉ तृतीय सक्सेना ने बताया कि संदिग्ध मरीज जर्मनी से लौटा था। लिहाजा एहतियात के तौर पर नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं, क्योंकि संदिग्ध की ट्रैवल हिस्ट्री थी। प्राथमिक जांच में मरीज को त्वचा रोग होने की आशंका है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होगी।

### छह साल बाद मिली चोरी की बाइक

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदी कॉलेज के गेट के पास से छह साल पहले चोरी हुई बाइक को एक युवक ने खुद ही ढूंड निकाला। इस दौरान बाइक को छह बार बेचा गया। अब तीन साल से एक युवक बाइक को चला रहा था। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोदीनगर की लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी अभिषेक वर्मा की बाइक 10 अप्रैल 2016 को दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदी कॉलेज के पास से चोरी हो गई थी। उन्होंने मोदीनगर थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोट दर्ज नहीं की। अभिषेक छह अगस्त को किसी काम से मेरठ गए थे। वहां उनको अपनी बाइक दिखाई दी। वह बाइक के पीछे पीछे गांव गोटका मेरठ पहुंच गए, लेकिन बाइक सवार युवक नहीं मिला। जब उन्होंने जानकारी ली तो पता चला कि बाइक को छह साल के अंदर छह लोगों को बेची गई है।

### किसानों ने की यूपी को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के किसानों ने उत्तर प्रदेश को सूखाग्रस्त प्रदेश घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि यूपी के अधिकतर जिलों में इस बार औसत सामान्य से भी कम बारिश हुई है, जिसकी वजह से किसानों के उत्पादन में भारी गिरावट होने वाली है। बारिश न होने के कारण किसान अपनी फसल लगा नहीं पाए और जिन्होंने फसल लगाई व बिना बारिश के कारण समाप्त हो गई। सूखे के कारण एक तिहाई फसल बीमारियां लगने के कारण नष्ट हो गई। इसकी वजह से यूपी का किसान बेहद परेशान है। यूपी में इस बार किसानों के समक्ष बड़ा संकट है। किसानों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन में मांग की है कि यूपी को सूखाग्रस्त प्रदेश घोषित किया जाए, तत्काल प्रभाव से एक वर्ष के लिए रोक लगा दी जाए।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# डीयू में दाखिले के लिए पोर्टल शुरू

## तीन अक्टूबर तक खुला रहेगा, एक नवंबर से नया सत्र शुरू होने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए सोमवार को सामान्य सीट आवंटन प्रणाली पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र अपने मनपसंद कॉलेज और विषय का चयन कर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि में नए सत्र के एक नवंबर से शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही दिल्ली विश्वविद्यालय में बहुप्रतीक्षित दाखिला प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। इस साल विश्वविद्यालय में दाखिला विश्वविद्यालईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के जरिए होगा। सीयूईटी के परिणाम 15 सितंबर को घोषित होने की उम्मीद है।

कुलपति योगेश सिंह ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विश्वविद्यालय में एक नवंबर से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने की संभावना है। वह स्नातक कार्यक्रमों के लिए आज सीएसएएस (सामान्य सीट आवंटन प्रणाली) पोर्टल शुरु कर रहे हैं। यह पहला मौका है जब डीयू में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश होंगे। सिंह ने कहा कि यह पोर्टल तीन अक्टूबर तक खुला रहेगा जिससे छात्रों को वांछित स्नातक कार्यक्रम के लिए आवेदन करने की खातिर 21 दिनों का समय मिलेगा। उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट पर जाना होगा और स्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश संबंधी लिंक पर क्लिक कर पंजीकरण करना होगा।

उम्मीदवारों को सभी बुनियादी विवरण भरने होंगे तथा अंकपत्र, तस्वीर और हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे व पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा।

किसी भी उम्मीदवार को उन पाठ्यकमों का चयन करना होगा जिनमें वे दाखिला लेना चाहते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा मेरिट सूची जारी की जाएगी और उसके आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा।


दाखिले के लिए पोर्टल का उद्घाटन करते कुलपति योगेश सिंह। फोटो: रंजन डिमरी

## प्रवेश के लिए डीयू की नीति अपनाए सेंट स्टीफंस कॉलेज: हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को स्नातक पाठ्यक्रमों में गैर-अल्पसंख्यक सीटों पर दाखिला देते समय दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की दाखिला नीति का अनुसरण करने और सीयूईटी 2022 के अंकों को सौ फीसदी तरजीह देने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने हालांकि कहा कि डीयू ईसाई समुदाय से संबंधित उम्मीदवारों के दाखिले के लिए एक भी मेरिट सूची तैयार करने पर जोर नहीं दे सकता है, चाहे वे किसी भी संप्रदाय आदि के हों। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा अल्पसंख्यक संस्थान को दिया गया मौलिक अधिकार गैर-अल्पसंख्यक सीट पर दाखिले के लिए नहीं दिया जा सकता है। अदालत ने कहा, सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों को उक्त विश्वविद्यालय के मानदंडों और प्रक्रिया का पालन करना चाहिए।

# आप का दावा : अहमदाबाद में पार्टी दफ्तर पर पुलिस का छापा

● गैर कानूनी रूप से छापा मारे जाने का सबूत है : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी दावा किया कि उसके पास अहमदाबाद में पार्टी के कार्यालय पर पुलिस द्वारा गैरकानूनी रूप से छापा मारे जाने का सबूत है और अगर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल इन छापों के बारे में सभी सवालों के जवाब देने के लिए तैयार हैं तो वह सबूत दिखा देगी। पार्टी ने दावा किया कि गुजरात पुलिस रविवार को उसके अहमदाबाद कार्यालय में जबरन घुसी और अदालत के किसी आदेश के बिना दो घंटे तक वहां तलाशी ली तथा जाते वक्त यह धमकी दी कि वे फिर आएंगे।

आप ने दावा किया कि गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनके शासन के मॉडल की बढ़ती लोकप्रियता से बौखला गई है। आप का यह बयान तब आया है जब गुजरात पुलिस ने रविवार शाम को अहमदाबाद में अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी के कार्यालय पर छापा मारने की बात से इनकार कर दिया। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, पुलिस ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यालय पर रविवार को अवैध रूप से छापा मारा। वे जबरन कार्यालय में घुस गए और अदालत के किसी वारंट या आदेश के बिना दो घंटे तक तलाशी लेते रहे।

उन्होंने दावा किया कि पुलिस के दल ने सभी कम्प्यूटरों को खंगाला, पार्टी कार्यालय में रखे सभी दस्तावेजों की जांच की और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। लेकिन अब अहमदाबाद पुलिस इससे इनकार कर रही है क्योंकि उन्हें पार्टी कार्यालय पर अवैध तलाशी के दौरान आप के खिलाफ कुछ नहीं मिला। पुलिस ने अहमदाबाद में आप के कार्यालय पर इस उम्मीद में छापा मारा था कि उसे धन और कुछ बेनामी संपत्ति समेत अवैध दस्तावेज मिलेंगे लेकिन उसे बहुत हताशा के साथ जाना पड़ा क्योंकि उन्हें वहां से कुछ नहीं मिला।

आप नेता ने कहा, हमारे पास पुलिस द्वारा अहमदाबाद में हमारे पार्टी कार्यालय में अवैध छापे मारने और तलाशी लेने का सबूत है। हमारे लोग उन पुलिस अधिकारियों को जानते हैं जो वहां गए थे। अगर गुजरात के मुख्यमंत्री छापे से जुड़े सभी सवालों का जवाब देने के लिए राजी हो जाते हैं तो हम सबूत पेश करने के लिए तैयार हैं।

यह पूछने पर कि पार्टी गुजरात के मुख्यमंत्री के पष्टीकरण का इंतजार करने के बजाय अब कथित पुलिस छापे का सबूत पेश क्यों नहीं कर रही है, भारद्वाज ने कहा, अगर वह अभी सबूत दिखा देते हैं तो कुछ नहीं होगा।

### गुजरात पुलिस ने किया इनकार, कहा-छापा नहीं मारा गया

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के नवरंगपुरा इलाके में आम आदमी पार्टी के दफ्तर में छापेमारी से स्थानी पुलिस ने इनकार किया है। उसने कहा कि छापेमारी की इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अहमदाबाद पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा, उसे सोशल मीडिया के जरिए पता चला कि आम आदमी पार्टी के नेता यह दावा कर रहे हैं कि नगर की पुलिस ने रविवार को आप के कार्यालय पर छापा मारा है। नवरंगपुरा पुलिस थाने के निरीक्षक पी. के. पटेल ने इन दावों का निराधार बताया। उन्होंने कहा पुलिस ने ऐसा कोई छापा नहीं मारा है।

# केजरीवाल ने पुलिस रेड की झूठी स्क्रिप्ट लिख डाली : भाजपा

● आप संयोजक ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिसका प्रचार वो दूसरे राज्यों में कर सकें : गुप्ता



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा और आम आदमी पार्टी में सियासी तनातनी लगातार जारी है। अब गुजरात विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुजरात माडल व दिल्ली माडल की चर्चा शुरू हुई, जो अब आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच गई है। इस बीच भाजपा नेता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के पार्टी के डेटा प्रबंधन कार्यालय पर छापा मारे जाने के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले झूठी स्क्रिप्ट लिखना और फिर उस स्क्रिप्ट को इतनी बार पढ़ना ताकि लोगों को सच लगने लगे। यह आम आदमी पार्टी के नेताओं की फितरत है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने अहमदाबाद में आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर पुलिस छापेमारी की खबरों को झूठा बताते हुए कहा कि खुद अहमदाबाद पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि उसने ऐसी कोई रेड डाली ही नहीं है। आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता में आने के समय से ही झूठ बोलती आई है। झूठ बोलकर जनता की भावनाओं के साथ खेलना आप की दिनचर्या में शामिल हो गया है। आम आदमी पार्टी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा में इतनी डूबी हुई है कि वह किसी भी हद तक जा सकती है। गुप्ता ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी को दिल्ली वालों से कोई सरोकार नहीं है। लोगों ने केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया ताकि यहां विकास हो सके, लेकिन आज वही केजरीवाल जनता के अरमानों का गला घोटकर अपनी राजनीतिक चमकाने में व्यस्त हैं।

केजरीवाल को पता है कि नई आबकारी नीति, स्कूलों में कमरे बनवाने में घोटाला और अब बस घोटाले पर जवाब देने के लिए उनके पास कुछ बचा नहीं है। आज लोग उनसे हर विभाग में हुए भ्रष्टाचार का हिसाब मांग रही है, लेकिन सीएम राजनीतिक पर्यटन में व्यस्त हैं। केजरीवाल के पास कोई काम ही नहीं किया जिसे वो दूसरे राज्यों में जाकर बता सके।

### कक्षा निर्माण घोटाला : भाजपा नेताओं का बयान दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में घोटाले की शिकायत के संबंध में सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं के बयान दर्ज किए। दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना, पूर्व मंत्री कपिल मिश्रा और नीलकांत बख्शी सहित अन्य नेताओं ने अपने आरोपों के समर्थन में सबूत और अन्य दस्तावेज सौंपे।भाजपा नेताओं ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उन्हें विश्वास है कि एसीबी और लोकायुक्त कक्ष निर्माण घोटाले में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। खुराना ने कहा कि भाजपा के नेता जरूरत पड़ने पर उपराज्यपाल को भी दस्तावेज सौंप सकते हैं।

### विमानन कर्मियों के लिए ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने कहा है कि कोविड-19 की स्थिति के मद्देनजर नागरिक उड्डयन महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ही वायु यातायात नियंत्रकों, वाणिज्यिक पायलटों, चालक दल और अन्य स्टाफ सदस्यों का शराब के सेवन की जांच के लिए सांस के जरिए किया जाने वाला ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट जारी रहेगा।

हालांकि, अदालत ने अपनी पहले की शर्त हटा की कि एक घंटे में केवल छह ऐसे कर्मी ही जांच से गुजर सकते हैं। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने हवाई यातायात में वृद्धि और मामलों में कमी को ध्यान में रखते हुए यह आदेश दिया और डीजीसीए द्वारा संशोधन के लिए एक आवेदन के बाद इस मुद्दे पर पहले के आदेश को संशोधित किया। हालांकि कोविड-पूर्व प्रोटोकॉल के अनुसार जांच के संचालन की अनुमति देने से संबंधित डीजीसीए के अनुरोध को खारिज कर दिया, डॉक्टर और किसी अन्य पैरामेडिक कर्मी के बिना ड्यूटी में शामिल होने से पहले जांच के क्षेत्र में ही कोविड-19 टेस्ट कराना।

# व्यस्त समय में फिर ठहर गई मेट्रो यात्री तीन घंटे रहे परेशान

● सुल्तानपुर और घिटोरनी स्टेशन के बीच तकनीकी खामी के कारण येलो लाइन सेवा रही बाधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

येलो लाइन पर व्यस्त समय में दिल्ली मेट्रो का पहिया धमने से यात्री करीब तीन घंटे परेशान रहे। बड़ी संख्या में यात्रियों को मेट्रो स्टेशन से निकलकर बसों व आटो-टैक्सियों से गंतव्य तक जाना पड़ा। अलग-अलग स्टेशनों और उसके बाहर यात्रियों की भीड़ लगी रही। नौकरी पेशा लोगों को दफ्तर, जाने के लिए आटो व कैब भी नहीं मिल रहे थे। कुछ यात्रियों ने कहा कि मेट्रो ने फिर बॉस से डॉट खिलवा दी। समयपुर बादली- हुडा सिटी सेंटर कॉरिडोर पर सुल्तानपुर और घिटोरनी स्टेशन के बीच एक ट्रेन में तकनीकी खामी के कारण मेट्रो सेवाएं बाधित रहीं। जानकारी के अनुसार, एक ट्रेन में तकनीकी खामी के कारण सुल्तानपुर और घिटोरनी के बीच सुबह सात बजे से 10 बजे तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध न होने के कारण हजारों लोग फंस गए। कई यात्रियों ने मेट्रो स्टेशन पर तथा उनके आसपास मची अफरा-तफरी की तस्वीरें और वीडियो ट्विटर पर पोस्ट किए।



एक वीडियो में लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए सवारी गाड़ियों के अलावा अन्य वाहन का इस्तेमाल करते हुए भी देखा गया। एक अन्य वीडियो में एक यात्री को साइकिल पर जा रहे एक प्लम्बर से लिफ्ट मांगते हुए देखा गया। प्लम्बर ने करीब सात किलोमीटर तक अपनी साइकिल पर बैठाकर यात्री की उसके दफ्तर पहुंचने में मदद की। उसने लिखा, जब मेट्रो सेवाएं बाधित हो गईं तो राजेंद्र ने करीब सात किलोमीटर दूर तक साइकिल से मुझे पहुंचाने में मदद की और एक भी पैसा नहीं लिया।

कई लोगों को सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशन से गुड़गांव तक सफर पैदल ही तय किया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि एलो लाइन पर सामान्य सेवाएं सुबह 10 बजे के कुछ मिनट बाद बहाल कर दी गई।

डीएमआरसी ने कहा था, एलो लाइन पर सुल्तानपुर और घिटोरनी के बीच सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। हुडा सिटी सेंटर और घिटोरनी के साथ ही सुल्तानपुर और समयपुर बादली के बीच सेवाएं उपलब्ध हैं। बाकी सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं। इससे करीब 20 मिनट पहले उसने ट्वीट किया था कि घिटोरनी और सुल्तानपुर के बीच सेवाओं में विलंब है। सेवाओं मे परेशानी के कारण सुबह येलो लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर काफी भीड़ रही।

# मोबाइल फोन चुराने को लेकर युवक की पिटाई, मौत

● सीसीटीवी से हुआ खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों के एक समूह ने एक व्यक्ति को एक मोबाइल फोन चोरी करते हुए पकड़े जाने के बाद उसकी कथित तौर पर बेरहमी से पिटाई की जिससे युवक की जान चली गई। यह घटना शनिवार को उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में हुई। पुलिस ने मुख्य आरोपी ज्ञानी को रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसने इजहार को फोन चोरी करते हुए पकड़े जाने के बाद उसके बाल भी काट दिए थे।

पुलिस उपायुक्त, सागर सिंह कलसी ने कहा कि सराय रोहिल्ला पुलिस थाने के शहजादा बाग में सड़क पर एक शव पड़ा होने की सूचना दी गई। मृतक के शरीर पर चोटों के कई निशान थे और उसके कटे हुए बाल आसपास बिखरे हुए थे।



जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे पता चला कि शनिवार को इजहार सुबह-सुबह करीब चार बजे फैक्ट्री में घुसा और उसने एक मोबाइल फोन चुराया लेकिन ज्ञानी ने उसे पकड़ लिया। ज्ञानी उसे फैक्ट्री के बाहर घसीटकर लाया, जहां उसने तथा अन्य लोगों ने लात-घूंसों, प्लास्टिक के पाइप और बेल्ट से उसकी पीट-पीटकर कथित तौर पर हत्या कर दी।

कलसी ने कहा कि जांच के दौरान ज्ञानी ने बताया कि उसने अन्य मजदूरों के साथ मिलकर इजहार की बेरहमी से पिटाई की और उसे सबक सिखाने के लिए उसके बाल भी काट दिए थे।

### मां से दुर्व्यवहार से नाराज बेटे ने पड़ोसी महिला पर किया हमला

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सागरपुर में मां से दुर्व्यवहार करने पर एक व्यक्ति ने पड़ोस में रहने वाली महिला पर चाकू से हमला कर दिया। घायल महिला को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत बेहतर है। घटना के समय आरोपी सुनील नशे में था। उसके खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्जकर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा, जांच से पता चला है कि महिला अपने पड़ोसी सुनील द्वारा रसोई के चाकू से हमला करने के कारण घायल हो गई। हाथापाई के समय आरोपी नशे में था। आरोपी ने बताया कि महिला ने उसकी मां से दुर्व्यवहार किया जिससे वह नाराज था। पीड़िता की गर्दन और गाल पर जख्म के निशान हैं।

### गोलीबारी की दो घटनाओं में चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में गोलीबारी की दो घटनाओं के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गोलीबारी की दोनों घटनाएं रविवार को एक के बाद एक हुईं। दोनों घटनाएं व्यक्तिगत रंजिश के कारण हुईं और पीड़ित और आरोपी दोनों एक दूसरे के रिश्तेदार हैं।

पुलिस ने बताया कि पहली घटना में उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में हुई, जहां चार लोगों ने एक व्यक्ति को घर के बाहर गोलियां बरसानीं शुरू कर दीं। पूछताछ के दौरान पीड़ित जब्बार ने बताया कि चार लोगों- दानिश, सलमान और साजिद ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके घर के बाहर गोलियां चलाईं। पुलिस ने मौके से एक खाली और एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने कहा, पीड़ित के बयान के आधार पर उत्तम नगर थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-440, धारा-34 और शस्त्र अधिनियम की अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि गोलीबारी की दूसरी घटना उत्तम नगर स्थित मछली बाजार के पास हुई।

उन्हें फोन पर गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सलमान ने शहजादा पर गोलियां बरसाई थीं। जांच के दौरान आरोपी सलमान और दानिश खान को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, बाद में, तरुण और साजिद को भी पकड़ा गया।

# पीएम का सत्ता में बने रहना लोगों के विश्वास का नतीजा: रिजिजू

● केन्द्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यों की व्याख्या करतीं किताब पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरण रिजुजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 20 वर्षों तक शासन में बने रहना लोगों के विश्वास कस नतीजा है।

उन्होंने सोमवार को पीएम मोदी के जीवन एवं उनकी कार्यशैली पर आधारित किताब MODI@20 DREAMS MEET DELIVERY पर चर्चा करते हुए कहा कि पीएम ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रुप में पूरे किए अपने 20 सालों के शासन की व्याख्या करती यह पुस्तक पूरी तरह उनके मिशन और कर्तव्यों को बताती है। विवेकानंद देशबंधु विश्वविद्यालय में हुए पुस्तक पर चर्चा में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती चली गई जो उनके व्यक्तित्व को बताती है।

ईमानदारी के साथ जीवन जीते हुए आगे बढ़ना अगर किसी से सीखना हो तो वह नरेन्द्र मोदी सीखे। वसुधैव कुटूंबकम को भी ध्यान में रखकर पीएम ने अपने राजनीतिक जीवन को जीने का काम किया। उन्होंने हमेशा सशक्तिकरण की बात की है। चाहे वह महिला, युवा, वंचित, पीड़ित, गांव, गरीब, शोषित, दलित इत्यादी की भलाई के बारे में सोचा। इसी का परिणाम है कि उज्जवला योजना, किसान योजना, अन्न योजना, आयुष्मान योजना, बुजुर्गों को पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आंगनबाड़ी के लिए योजना इत्यादी ने देश के करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाने का काम किया है। इस मौके पर सांसद रमेश बिधूड़ी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बिधूड़ी ने कहा कि पिछली सरकारों में विकास फाइलों में अटका रहता था लेकिन आज प्रत्यक्ष रुप से इस विकास को देखा जा सकता है। मोदी @20 का मतलब बताते हुए उन्होंने कहा कि मोदी का मतलब कर्तव्यनिष्ठा, संकल्प, किसान, गरीब कल्याण, ईमानदारी, आशा, देश की सुरक्षा, देशभक्ति, आयुष्मान भारत, विकास, समावेश, जनभागिदारी, सहित लोगों का विश्वास।



विवेकानंद देशबंधु विश्वविद्यालय में पुस्तक के विमोचन पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू व अन्य।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजीत कुमार/शिप्रा सिंह/ LBDEL00003356957/ फ्लैट नंबर 02191 टावर नंबर 2, तल सं. 19, एटीएस एडवांटेज, अहिंसा खंड-1, इंदिरापुरम, शिप्रा सनसिटी, गाजियाबाद-201014 | फ्लैट नंबर 101, प्रथम तल, महागुन माडर्नी, ब्लॉक मार्वेला, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-78, नोएडा - 201305 | 08-08-2022 रू. 52,92,303/- | 02-05-2022 |
| 2. | किरण अरोड़ा कपूर/सुरिन्दर कपूर/ LBGUR00004663386/ 234 - द्वितीय तल, फार्मर अपा., सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली-110085 | सम्पत्ति सं. सी-12/160, भू तल और प्रथम तल, ब्लॉक-सी-12, यमुना विहार, शाहदरा, दिल्ली-110053 | 08-08-2022 रू. 75,51,213.88/- | 06-05-2022 |
| 3. | ललित कुमार अग्रवाल/अनीता अग्रवाल/ LBDEL00002146529/ 1341-पी, सेक्टर-46, गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम-122001 | अपार्टमेंट नंबर 4202, 20वां तल, टाइप बी, टावर-4, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर-104, गुरूग्राम- 122001 | 08-08-2022 रू. 1,50,93,393/- | 03-05-2022 |
| 4. | महिन्दर गौतम/तरूण गौतम/हाड्रोन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड/मिथिलेश गौतम/ LBFDB00004758518/ मकान नंबर 2400, सेक्टर-9, फरीदाबाद-121006 | प्लॉट नंबर 2400, सेक्टर-9, फरीदाबाद-121006 | 08-08-2022 रू. 1,32,35,839.25/- | 16-05-2022 |
| 5. | प्रभुदत्त शर्मा/नीता रानी शर्मा/ LBDEL00004923655/ ई-244, गली नंबर 7, मित्तल कालोनी, पुल पहलाद पुर जैत पुर, साउथ दिल्ली, दिल्ली-110044 | फ्लैट नंबर ए1703, 17वां तल, सेठी वेनिस, एससी-01/ए-4, सेक्टर-150, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | 08-08-2022 रू. 54,21,588/- | 06-04-2022 |
| 6. | रोडरिगस रोलैंड जोसफ/मोनिका शर्मा/ LBGHZ00005043777/ प्लॉट नंबर 585, सेक्टर-28, निकट मालसकानी चौक, निग्गाई प्राधिकरण पुणे-411044 | फ्लैट नंबर जी-803, 8वां तल, सेक्टर-35, दि मेलिया - टावर जी, सोहना, जिला गुरूग्राम-122103 | 08-08-2022 रू. 66,20,498/- | 06-05-2022 |
| 7. | सुमन लता/बृजबाला/सुभाष चंदर कुंडू/नरेश कुमार/ LBGUR00004914848/ एच नंबर 420 ए, सेक्टर-38, गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम-122001 | प्लॉट नंबर 596 बी, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम-122001 | 08-08-2022 रू. 1,31,87,358.4/- | 15-04-2022 |
| 8. | अंकित बत्रा/पुष्पा बत्रा LBGHZ00004755677/ 25-बोर्बोलेटा एसटी टारनीट, विक्टोरिया टारनीट, मेलबर्न 3029 मारिब्रिनोंग-3021 | फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, स्पीडवे एवेन्यू, टावर 3 ए, प्लॉट नंबर जीएच-ए 2, सेक्टर-25, जेपी ग्रीन्स, ग्रेटरनोएडा, नोएडा-201307 | 08-08-2022 रू. 45,43,485.72/- | 03-01-2022 |
| 9. | मोहम्मद इकराम/रूही इकराम/ LBNOD00002428956/ 77 ए, सेक्टर-100, एमआईजी लैट, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201310 | फ्लैट नंबर एएम डी 307, तृतीय तल, टावर डी, अजनारा ऐम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | 08-08-2022 रू. 52,58,436/- | 30-12-2021 |
| 10. | आशीष राज कुमार गुप्ता/जय प्रकाश तिवारी/ LBNOD00002099852/ 14 कारगेट एवेन्यू ऐल्डरशॉट हैम्पशायर गुई 3 ईपी हैम्पशायर जीयू 111 पीजैड | फ्लैट नंबर 3 ए 113, 13वां तल, टावर बिग स्काई, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सेक्टर-1, पाकेट-डी, सुशांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ-226030 | 08-08-2022 रू. 76,37,953.12/- | 09-09-2021 |
| 11. | अतुल राजपाली/अटल राजपाली/ LBDEL00002059731/ 127, ब्यूलीयू गार्डन्स, ब्लैक वाटर, कैम्बरली, सरे, जीयू 153 वाईएल | फ्लैट नंबर 312 ए, 12वां तल, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सेक्टर-आई, पाकेट-डी, लखनऊ-226001 | 08-08-2022 रू. 1,00,74,930.12/- | 09-09-2021 |
| 12. | बबीता कुमारी/उपदेश कुमार राय/ LBGUR00004837466/ एच नंबर 3, वाटिका कुंज, भोंडसी, गुरूग्राम-122001 | प्लॉट नंबर सी-12/337, भू तल और प्रथम तल बिना छत/टेरेस अधिकार, ब्लॉक सी-12, यमुना विहार, दिल्ली-110053 | 08-08-2022 रू. 75,51,622/- | 06-04-2022 |
| 13. | ऋषि शर्मा/विजेता शर्मा/ LBDEL00005117973/ सम्पत्ति सं. 116, तृतीय तल, विज्ञान लोक, दिल्ली-110092 | फ्लैट नंबर 2 - 805, 8वां तल, गोवा पैराडाइज, प्लॉट नंबर 215/1, जुआरी नगर, सैनकैओल, गोवा - 403710 | 08-08-2022 रू. 63,89,657/- | 06-04-2022 |
| 14. | अखिलेश कपूर/टैक्ट इंडिया प्रा. लि./नीरू कपूर/ LBDEL00005371925/ टैक्ट इंडिया प्रा. लि., 51, हारट्रोन इलेक्ट्रॉनिक सिटी, सेक्टर-8, उद्योग विहार, हरियाणा, गुरूग्राम-122015 | फ्लैट नंबर 1004, 10वां तल, ब्लॉक ए, सीसपाल विहार, सेक्टर-49, सोहना रोड, गुरुग्राम-122001 | 08-08-2022 रू. 25,57,279.12/- | 30-09-2021 |
| 15. | राजीव रंजन/सर्व नारायण मलिक/ LBNOD00002078874/ 768, साराटोगा एव 202, सान जोस कैसान कार्लोस सीए-94070 | फ्लैट नंबर 3 बी-117, टावर-बी, 17वां तल, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट्स, सुशांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 08-08-2022 रू. 2,02,20,953.11/- | 30-09-2021 |
| 16. | विवेक चौहान/शीला चौहान/ LBDEL00004222055/ पी-24, तृतीय तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, एंड्रयूजगंज, दिल्ली-110017 | मकान नंबर 24, तृतीय तल मय टेरेस ब्लॉक-पी, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट-2, दिल्ली-110049 | 13-08-2022 रू. 56,62,892/- | 06-04-2022 |
| 17. | विवेक चौहान/शीला चौहान/ LBDEL00004222054/ पी-24, तृतीय तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, एंड्रयूजगंज, दिल्ली-110017 | मकान नंबर 24, तृतीय तल मय टेरेस ब्लॉक-पी, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट-2, दिल्ली-110049 | 13-08-2022 रू. 56,24,571/- | 06-04-2022 |
| 18. | विवेक चौहान/शीला चौहान/ LBDEL00004222051/ पी-24, तृतीय तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, एंड्रयूजगंज, दिल्ली-110017 | मकान नंबर 24, तृतीय तल मय टेरेस ब्लॉक-पी, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट-2, दिल्ली-110049 | 13-08-2022 रू. 56,21,843.5/- | 06-04-2022 |
| 19. | मनोज जितेन्द्र सिंह/उषा सिंह/ LBGHZ00005792456/ यूजी 1 प्लॉट नंबर 141, सेक्टर-2 ए, वैशाली आई ई, साहिबाबाद, गाजियाबाद-201014 | मकान नंबर 138, एचआईजी ड्यूपलेक्स, नीति खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201001 | 13-08-2022 रू. 77,64,296/- | 30-05-2022 |
| 20. | मनोज जितेन्द्र सिंह/उषा सिंह/ LBGHZ00005879912/ यूजी 1 प्लॉट नंबर 141, सेक्टर-2 ए, वैशाली आई ई, साहिबाबाद, गाजियाबाद-201014 | मकान नंबर 138, एचआईजी ड्यूपलेक्स, नीति खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201001 | 13-08-2022 रू. 3,59,855/- | 30-05-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 13-09-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# गैंगस्टर कौशल, अमित डागर, संदीप के ठिकानों पर एनआईए की रेड

## जांच में गैंगस्टर के परिजनों को भी किया शामिल

## दो बैग में सामान भरकर ले गई आईएनए की टीम



गांव नाहरपुर में गैंगस्टर कौशल, अमित डागर, संदीप के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची एनआईए की टीम के साथ मौजूद क्राइम ब्रांच गुरुग्राम की टीम।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नेशनल** इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार सुबह पांच बजे गुरुग्राम में गैंगस्टर कौशल के घर समेत तीन अन्य गैंगस्टर के स्थानों पर छापेमारी की गई। करीब आठ घंटे तक चली रेड के दौरान एनआईए ने गैंगस्टर के परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीमें भी मौजूद रही। गैंगस्टर कौशल के घर पर रेड होने की सूचना फैलते ही क्षेत्र के लोग घर के आसपास लोगों की भीड़ लग गई।

एनआईए ने पंजाब में सक्रिय बंबोरिया गैंग से जुड़े गैंगस्टर्स के उत्तर भारत में 50 ठिकानों पर छापे मारे हैं। इसमें से तीन छापे गुरुग्राम के नाहरपुर स्थित गैंगस्टर कौशल, अमित डागर व संदीप उर्फ बंदर के घर पर मारे गए। सूत्रों के मुताबिक यह तीनों गैंगस्टर ही बंबोरिया गैंग से जुड़े हुए है। एनआईए को संदेह है कि तीनों ही बंबोरिया गैंग के साथ मिलकर देश की आंतरिक सुरक्षा को क्षति पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे थे। इसलिए सुरक्षा एजेंसी ने छापे मारे। पंजाब में सक्रिय बंबोरिया गैंग के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। ऐसे में एनआईए को पूरा यकीन था कि बंबोरिया गैंग से जुड़े गैंगस्टर और उसके गुर्गों के यहां रेड करने पर कुछ ऐसे सबूत हाथ लग सकते हैं, जो जांच को एक नई दिशा दे सकते हैं। सोमवार सुबह पांच बजे गुरुग्राम पहुंची एनआईए की टीम ने दोपहर करीब एक बजे तक छापेमारी की। छापेमारी के बाद जब एनआईए के अधिकारी गैंगस्टर कौशल के घर से बाहर निकले तो उनके हाथों में दो बैग थे। माना जा रहा है कि घर से कुछ ऐसे सबूत मिले हैं, जिनके तार बंबूरिया गैंग व पाकिस्तान से जुड़े हो सकते हैं।

बता दें कि हत्या, हत्या के प्रयास व रंगदारी मांगने के मामले में सक्रिय गैंगस्टर कौशल ने फरीदाबाद के कांग्रेसी नेता की हत्या कराई थी। उसके बाद एसटीएफ हरियाणा को गैंगस्टर के दुबई में होने का पता लगा था। एसटीएफ ने दुबई पुलिस से संपर्क कर गैंगस्टर को डीबोर्ट कराया था। दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पहुंचते ही एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। गैंगस्टर कौशल के करीबी संदीप उर्फ बंदर व अमित डागर पर भी हत्या, हत्या के प्रयास समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं। इनके तार आतंकी गतिविधियों से जुड़े बताए जा रहे हैं। इसलिए एनआईए ने यहां सोमवार को छापेमारी की।

# किर्गिस्तान में गुरुग्राम के अजब सिंह ने किया गजब

## 9वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंकलाइन ब्रेंच प्रैस चैंपियनशिप में दिखाया जलवा



गुरुग्राम के कादरपुर गांव में अजब सिंह उर्फ अजबी का स्वागत करते ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** किर्गिस्तान में हुई 9वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंकलाइन ब्रेंच प्रैस चैंपियनशिप में गुरुग्राम के अजब सिंह उर्फ अजबी ने गजब किया है। एक साथ दो मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। सोमवार को अजब सिंह का गुरुग्राम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

गुरुग्राम के गांव कादरपुर के रहने वाले अजब सिंह ने 105 किलोग्राम भार वर्ग में दो गोल्ड मेडल जीते। वह इस चैंपियनशिप के लिए पांच साल से तैयारी कर रहा था। चैंपियनशिप में भारत समेत 15 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अजबी सिंह का किर्गिस्तान से इस चैंपियनशिप में विजय हासिल करने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही एयरपोर्ट से उन्हें गांव कादरपुर तक जुलूस निकालकर ले जाया गया। गांव में भी उनके स्वागत में बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, महिलाएं उमड़ पड़ी। अब तक 165 मेडल जीत चुके अजब सिंह का कहना है कि हरियाणा की खेल नीति सबसे बेहतर है। हरियाणा सरकार की खेल नीति से उसे भी काफी मदद मिली।

अगर इस खेल को भी अधिक कॉमनवेल्थ गेम में शामिल कर लिया जाए तो बड़ी संख्या में ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं, जो स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करके देश को मेडल दिला सकते हैं। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई कि इस खेल को भी कॉमनवेल्थ में शामिल किया जाए। इससे बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को बड़े मंच पर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

# नागरिक अस्पताल में डा. शिवानी व उनके बेटे को दी श्रद्धांजलि





डा. शिवानी गुप्ता व उनका बेटा अमित जिंदल।

## जींद के पास सड़क दुर्घटना में दो दिन पूर्व हुआ था निधन

## गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में कार्यरत थीं डा. शिवानी गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को यहां सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में डा. शिवानी गुप्ता और उनके बेटे अमित जिंदल को सभी स्टाफ सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान माहौल गमगीन रहा। रात की ड्यूटी करके पटियाला के लिए निकलीं डा. शिवानी गुप्ता के निधन से हर कोई दुखी और स्तब्ध था।

शनिवार को ससुर के निधन पर शोक प्रकट करने जा रहीं डा. शिवानी गुप्ता को नहीं पता था कि वह ऐसे सफर पर जा रही हैं, जहां से कभी वापस लौटेंगी। नागरिक अस्पताल में ऑपरेशन से पहले मरीजों की बेहोशी की जांच करने वाली डा. शिवानी अब खुद कभी होश में नहीं आएंगी। डा. शिवानी गुप्ता के पति डा. अरविंद जिंदल पर इस हादसे से दुखों का पहाड़ टूटा है। एक तो सिर से पिता का साया उठ जाना और इसी बीच पत्नी और बेटे का भी दुनिया से चले जाने का दुख शायद हम और आप तो शब्दों में बयां कर दें, लेकिन जिसके घर में यह मानवीय नुकसान हुआ है, उनके दुख को मापने का कोई पैमाना नहीं है। डा. शिवानी गुप्ता की यहां नागरिक अस्पताल में विशेष ड्यूटी रहती थी। उन्हें 24 घंटे में किसी भी समय यानी ड्यूटी के समय के अलावा भी जरूरत पड़ने पर घर से बुला लिया जाता था। ऑपरेशन करने से पूर्व मरीज की बेहोशी की जांच की जाती है। जांच के बाद अगर डाक्टर उसे सही बता देते हैं तभी मरीज का ऑपरेशन किया जाता है। यह ड्यूटी डा. शिवानी गुप्ता की थी। बेहद ही शील स्वभाव और सादगी से रहने वाली डा. शिवानी गुप्ता के निधन के समाचार ने यहां हर किसी को झकझोर दिया। दुर्घटना के चंद मिनट बाद ही हर किसी के मोबाइल पर डा. शिवानी गुप्ता के साथ हुए हादसे की सूचना पहुंच चुकी थी। घटना की सूचना के बाद से ही स्टाफ गमगीन है। अस्पताल में घटना के दिन से लेकर अब तक भी उन्हीं की चर्चाएं हैं। डा. शिवानी गुप्ता के पति डा. अरविंद जिंदल नागरिक अस्पताल में ही हड्डियों के डॉक्टर हैं। मूलरूप से पटियाला के रहने वाले डा. अरविंद जिंदल अपने पिता के निधन पर पटियाला ही गए हुए थे और उनकी पत्नी डा. शिवानी अपने बेटे अमित जिंदल के साथ गाड़ी में पटियाला जा रहीं थी।

# किसी भी चीज की अधिकता हमारे लिए हानिकारक है : डा. मंजू बांगड़

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पालम विहार में लगाया शिविर

## योग एवं प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पालम विहार में लोगों की स्वास्थ्य जांच करते आयुष विभाग के चिकित्सक।

**आयुष** विभाग की ओर से आयुष विंग पालम विहार में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ ने किया। शिविर में 175 रोगियों को होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा के साथ-साथ योग एवं प्रदर्शनी के माध्यम से उचित खानपान की जानकारी दी गई। डा. मंजू बांगड़ ने कहा कि आजकल अधिकतर रोग जीवन शैली संबंधित या हमारे गलत खानपान एवं मानसिक तनाव के कारण हो जाते हैं। अपने दैनिक जीवन शैली में थोड़ा सा बदलाव करके हम स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी चीज की अधिकता हमारे लिए हानिकारक है। चाहे वो पानी हो, खाना हो या एक्सरसाइज ही क्यों ना हो। आज के युवाओं में योग के स्थान पर जिम अधिक प्रचलन में है। जिम में जाने के साथ-साथ हाई प्रोटीन के नाम पर बनावटी प्रोटीन का सेवन करते हैं। अधिक मात्रा में सेवन करते हैं। इन दोनों के ही कारण पेट की कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जो कि कुछ समय पश्चात अन्य रूप में सामने आ सकते हैं। इसलिए यह अति आवश्यक है कि हम योग को अपनाएं एवं प्रोटीन को अपने भोजन में शामिल करने के लिए पनीर, दूध, दालें, अंकुरित भोजन (मूंग, मोठ, चना , सोयाबीन) आदि। अच्छा खाने के लिए बिना मौसम के महंगे फल और सब्जियां ना खाकर मौसम के अनुसार उपलब्ध फल और सब्जियों का सेवन अवश्य और समुचित मात्रा में करना चाहिए। सर्दी में दही का सेवन स्वस्थ व्यक्ति के लिए भी वर्जित है। इससे बचना चाहिए।

रोग अनुसार एवं चिकित्सक के परामर्श अनुसार छाछ का सेवन भुना जीरा और काली मिर्च डाल कर दिन के समय कर सकते हैं। इनके साथ-साथ सर्वाधिक प्रयोग में आने वाले गेंहू और चावल के साथ-साथ मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, सोयाबीन इत्यादि को हमें अपने भोजन का हिस्सा जरुर बनाना चाहिए।

# जैकबपुरा सैनी चौपाल में 18 सितम्बर को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**गुरुग्राम।** समाज उत्थान न्यास (सन फाउंडेशन) संस्था द्वारा गत वर्षों की भांति इस बार भी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में 10वीं और 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए संस्था के सभी कार्यकर्ता लगातार मीटिंग का आयोजन कर रहे हैं।

लोगों से मिलकर उन्हें इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण भी दे रहे है। इसी श्रृंखला में संस्था के चेयरमैन नरेश सैनी, संरक्षक बुधराम सैनी, मुख्य सलाहकार सूबे सिंह, प्रधान महेन्दर सिंह, हितेश सैनी, गगनदीप सैनी और गौतम सैनी ने गांव-गांव जाकर सभी लोगों के साथ मीटिंग की। पदाधिकारियों ने हेलीमंडी, मौजाबाद, जैतपुर, पटौदी, भोड़ाकलां का दौरा किया।

# अब शोभा यात्रा में सम्मेद शिखरजी के दर्शन किए

## जैन समाज की ओर से निकाली शोभा यात्रा

## जैन समुदाय के 24 में से 20 तीर्थंकरों को सम्मेद शिखरजी में मिला है मोक्ष

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जैन मंदिर की ओर से शोभा यात्रा में नृत्य करती जैन महिलाएं।

**राष्ट्रसंत** मुनि श्रीविहर्ष सागर महाराज के यहां जैन बारादरी में चल रहे ससंघ चातुर्मास के दौरान सोमवार को दूज के दिन जैन मंदिर की ओर से सालाना वार्षिक रथ यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, नफीरी, तासे बजाते हुए यह यात्रा निकाली गई। रास्ते भर महिलाएं, पुरुष श्रद्धालु झूमते रहे। यह रथ यात्रा बड़े मंदिर से शुरू होकर सदर बाजार, बड़ा डाकखाना खौक, भूतेश्वर मंदिर से होते हुए मंदिर जी की नशिया जी पर पहुंची। वहां पर भगवान का अभिषेक, शांति धारा की गई। उसके बाद रथ यात्रा वापस जैन मंदिर पहुंची। जाते समय रथ यात्रा में देवेंद्र जैन, रथ संजय जैन ने चलाया। धन कुबेर मनीष जैन बने। रमेश जैन, दिनेश जैन इंद्र बने। रथ यात्रा की वापसी में उसमें भगवान को लेकर अशोक कुमार जैन बैठे। सारथी अभय जैन बने। पवन जैन धन कुबेर बने। सचिन जैन व कृष्ण चंद्र जैन कुबेर बने।

जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन ने बताया कि शोभा यात्रा में एक झांकी सम्मेद शिखरजी की भी सजाई गई। इसमें कलाकारों ने सम्मेद शिखरजी की हूबहू कलाकृति तैयार की। सम्मेद शिखरजी (पार्श्वनाथ पर्वत) झारखंड में है। इस पर्वत पर जैन समुदाय के 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों को मोक्ष मिला है। यह पर्वत जैन समुदाय के लिए आस्था का बड़ा स्थल है। मंदिर के प्रधान नरेश जैन, उप-प्रधान रविंद्र जैन, महामंत्री अशोक जैन, सह-मंत्री जिनेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने बताया कि यह शोभा यात्रा राष्ट्रसंत मुनि श्री विहर्ष सागर जी महाराज के यहां चल रहे चातुर्मास के उपलक्ष्य में निकाली गई।

समाज को धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश देने के लिए जैन समाज की ओर से समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम गुरुओं की धरती है। गुरुग्राम की धरती धन्य है कि यहां पर जैन धर्म के गुरूओं का प्रवास होता रहता है। सोमवार को निकाली गई शोभा यात्रा में सेंकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। रास्तेभर सभी नाचते, गाते हुए यात्रा में शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## लॉ कालेज में निदेशक को छात्रों ने सौंपा मांग पत्र



गुरुग्राम के लॉ कालेज प्रशासन को अपनी मांगों की जानकारी देते छात्र।

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-40 स्थित लॉ कालेज के छात्रों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने निदेशक को ज्ञापन सौंपकर इन मांगों को पूरा करके छात्रों को राहत देने की बात कही। छात्र नेता जलजीत थुराना के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। जलजीत थुराना ने छात्रों की सामूहिक मांगों के बारे में बताया कि कालेज में छात्रों के लिए हॉस्टल की सुविधा की जाए, प्रथम तल पर लाइब्रेरी बनाई जाए, कक्षाओं में बंद पड़े पंखे सही कराए जाएं। कालेज के प्रथम द्वार का नाम ज्योतिबा फुले रखा जाए। लाइब्रेरी का नाम डा. भीम राव अंबेडकर के नाम पर रखा जाए। ऑडिटोरियम का नाम माता सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखा जाए। खेल मैदान का नाम शहीद भगत सिंह के नाम रखने की मांग भी की गई है। इन मांगों को लेकर निदेशक को ज्ञापन सौंपा गया। मांगों के पूरा ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर विपुल यादव, आनंद, दीप्ति, सचिन, अनीस, मनीष मेहरा, रविन्द्र, नकुल, भूपेंद्र, जोगिंदर यादव, मनीष यादव, राहुल, नवीन, सोरभ, दीक्षांत, अभिषेक, नवनीत, आदि मौजूद रहे।

## गुरू नगरी गुरुग्राम के 31 गुरुजनों को किया सम्मानित



गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए शिक्षक व अतिथि।

**गुरुग्राम।** गुड़गांव विकास मंच, वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान व ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान, सिविल डिफेंस चीफ राजेश दुआ, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रशांत भारद्धाज मौजूद थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य गौरी शंकर गौतम, समाजसेवी रतन प्रकाश शर्मा, कीर्ति अस्पताल की निदेशक स्वाति राठौर, करणी सेना की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैशाली तोमर मौजूद थी। इस अवसर पर बेस्ट प्रधानाचार्य का अवार्ड राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल काटरपुरी प्रधानाचार्य सुमन शर्मा, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य नैंसी शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंडसी प्रधानाचार्य डॉ. श्याम राघव, राव भरत सिंह इंटरनेशनल स्कूल प्रधानाचार्य समिता यादव, आरएचएम मेमोरियल पब्लिक स्कूल सेक्टर-87 प्रधानाचार्य संगीता दास, निदेशक रितु गनगल, बीनू चाहर, रेखा शर्मा, उप-प्राचार्या सुमित्रा जैन, उप प्रधानाचार्य कीर्ति मदान, डाइट हैड डॉक्टर सोना यादव, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल इंछापुरी पवन कुमार को मिला है। बेस्ट टीचर का अवार्ड वंदना जोली, दिशा कक्कड़, नीलम रानी, योगेश शर्मा, मंजूषा, आंलिव फर्नांडिस, मनीषा अग्रवाल, रजनी अरोड़ा, अक्षीमा, रचना कटारिया, कामाक्षी, तनु जैन, रत्ना जैन, सुनीता चितारा, मुकेश शास्त्री, ज्योति साहू, नवीन त्यागी, हर्षू शर्मा को मिला है। कार्यक्रम के आयोजक अजय शर्मा ने कहा कि गत 11 वर्षों से संस्था प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर अच्छे व्यक्तित्व वाले, शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने वाले अध्यापकों को सम्मानित करती है।

## राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए 15 अक्टूबर तक होंगे आवेदन

**मेवात।** भारतीय बाल कल्याण परिषद ने राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए बहादुर बच्चों के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर, 2022 निर्धारित की गई है। उपायुक्त अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरस्कार पाने वाले बच्चों की आयु 6 वर्ष से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उन द्वारा बहादुरी का कार्य 1 जुलाई, 2021 से 30 सितंबर, 2022 तक किया हुआ हो। उन्होंने ऐसे बहादुर बच्चों और संस्थानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक आवेदन भारतीय बाल कल्याण परिषद को सभी निर्धारित नियमों सहित भेजना सुनिश्चित करे।

डीसी ने बताया कि भारतीय बाल कल्याण परिषद ने ऐसे बहादुर बच्चों को सम्मानित करने का फैसला किया है, जिन्होंने जोखिम परिस्थितियों में बहादुरी का कार्य किया हो। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा देश भर में 25 बहादुर बच्चों को यह पुरस्कार दिए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने के बाद परिषद द्वारा एक कमेटी गठित कर ऐसे बहादुर बच्चों को चुना जाएगा। चयनित बहादुर बच्चों को एक पदक, प्रमाण पत्र तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगद राशि के रूप में बहादुर बच्चों को एक लाख रुपये से लेकर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले प्रार्थियों के लिए स्कूल के प्राचार्य या हैड मास्टर, जिला परिषद या पंचायत के मुखिया, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक या राज्य बाल कल्याण परिषद के प्रधान और महासचिव की अनुशंसा जरूरी है। इसके अलावा अनुशंसा करने वाले अधिकारी या मुखिया द्वारा आवेदक के पूर्ण विवरण का 250 शब्दों में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आवेदक निर्धारित प्रोफोर्मा में जन्मतिथि, वीरता के लिए छपे न्यूज पेपर या मैगजीन की क्लिपिंग, एफआईआर आदि का विवरण भी देना अनिवार्य है।

# शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस में इनक्यूब 2.0 का समापन हुआ, आईआईटी मद्रास ने सर्वोच्च पुरस्कार जीता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**आज** शिव नादर इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एवं एंट्रप्रेन्योरशिप द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की व्यवसायिक क्विज, बिजनेस केस एवं साईमुलेशन प्रतियोगिता, 'इनक्यूब' के दूसरे संस्करण का समापन हुआ। भारत के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों को खोजने, चुनौती देने, संगठित करने और पुरस्कृत करने के लिए आयोजित होने वाली इस बहुआयामी प्रतियोगिता में भारत के 50 से ज्यादा शहरों से 3000 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया।

यह प्रतियोगिता 9 सितंबर से 11 सितंबर, 2022 तक चली और विजेता टीमों को 5 लाख रुपये मूल्य का नकद पुरस्कार दिया गया। आईआईटी मद्रास के विजेता अन्वित रेड्डी और आनंद आर ने कहा, "हमें इनक्यूब में भाग लेने की बहुत खुशी है। यह प्रतियोगिता अंतिम राउंड तक मुश्किल थी। हम शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस में मिली हॉस्पिटलिटी के लिए उनके आभारी हैं, हम अन्य लोगों से आग्रह करेंगे कि वो भी इसमें भाग लेकर इनक्यूब द्वारा हमें प्रदान किया गया लर्निंग का अनुभव प्राप्त करें।"

एचसीएल टेक्नॉलॉजीज की चेयरपर्सन और शिव नादर फाउंडेशन की ट्रस्टी, मिस रोशनी नादर मल्होत्रा ग्रांड फिनाले की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी और प्रतिभागी टीमों द्वारा प्रदर्शित उद्यमिता के उत्साह की सराहना की। शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस की वाईस चांसलर, डॉ. अनन्या मुखर्जी ने कहा, "अभिनवता एवं उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देना और नेतृत्व के गुणों का विकास करना हमारे इंस्टीट्यूट का मूल उद्देश्य है। उद्यमशीलता की भावना भारत की युवा आबादी के बहुत करीब है। यह प्रगतिशील वर्ग मौजूदा स्थितियों पर हमेशा सवाल उठाता है, जोखिम लेने से डरता नहीं और चुनौतियों के लिए हमेशा तैयार रहता है। एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में हम युवाओं के इन गुणों वाले समूह को एक साथ लाना चाहते थे और इसी के लिए हमने इनक्यूब का लॉन्च किया, जो विद्यार्थियों को सबसे होनहार नए उद्यमी बनाने में मदद करने की एक पहल है।"

# पुलिस ने पांच लाख रुपये ठगी के आरोपी को दिया हाजिर होने का नोटिस

## पुलिस ने कहा, दिल्ली निवासी दो अन्य आरोपियों को भी जल्द नोटिस जारी होंगे

**सोहना।** सोहना सदर थाना पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये ठगी मामले में दमदमा निवासी आरोपी को नोटिस जारी किया है। आरोपी को 14 सितम्बर को पुलिस की जांच में दस्तवेज समेत हाजिर होने को कहा गया है। दिल्ली निवासी दो अन्य आरोपियों को भी जल्द नोटिस जारी किए जाएंगे।

सोहना सदर थाना पुलिस ने मुख्यमंत्री के आदेश पर सोहना निवासी अनिल सैनी की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ नौकरी लगवाने के नाम पर 5 लाख रुपये ठगी विवाद में जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जांच की शुरुआत में दमदमा निवासी रघुराज को नोटिस जारी करते हुए 14 सितम्बर को हाजिर होने को कहा है। इसके अलावा अनिल सैनी द्वारा लगाएं गए आरोपों के तहत रघुराज को सबूत से संबंधित दस्तवेज भी लाने को कहा है। ताकि मामले की जांच सही से हो सके। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि दिल्ली मयूर विहार निवासी आकिब और पन्नलाल को भी जल्द ही नोटिस जारी किए जाएंगे। ताकि उन्हे भी जांच में शामिल करते हुए पूछताछ की जा सके।

**एसआई हुआ निलंबित :** मालूम रहे कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में जैसे ही अनिल सैनी की फरियाद को सुना और सीएम विन्डो की जांच में एसआई सतेन्द्र द्वारा बरती गई लापरवाही सामने आने पर तुरन्त प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए थे।

**ये है मामला :** सोहना के वार्ड-18 निवासी अनिल सैनी ने रविवार को ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में अपने व अपने साला गौरव निवासी होडल जिला पलवल के साथ हुई नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी मामले में शिकायत ली। मुख्यमंत्री ने आदेश करते हुए तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ सोहना सदर थाना में ठगी का मामला दर्ज करने को कहा था।

# डाबर हाजमोला ने समाज के गुमनाम नायकों को सम्मानित करने के लिए लॉन्च किया अनूठा कैंपेन

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ




**अपने** सीएसआर प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए विज्ञान पर आधारित भारत की अग्रणी आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से स्वादिष्ट, मजेदार और पाचक डाबर हाजमोला ने समाज के गुमनाम नायकों को सम्मानित करने के लिए एक फिल्म कैंपेन 'हाजमोला अच्छाई का चटकारा' का लॉन्च किया है।

'हमें गर्व है कि हम समाज के इन गुमनाम नायकों को सम्मानित करने के लिए मानवता से भरा यह कैंपेन लेकर आए हैं। ये वे लोग हैं जो समाज कल्याण के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करते हैं और लोगों को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उनके प्रयासों की सराहना करते हुए डाबर हाजमोला उनकी कहानियां लेकर आया है। फिल्म के माध्यम से दर्शाई गई ये कहानियां उनके नि:स्वार्थ समर्पण को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि समाज में बदलाव लाने वाली ये सकारात्मक कहानियां लोगों के दिलों को छू जाएंगी और उन्हें खूब प्रेरित करेंगी। यह फिल्म अपने सकारात्मक विचारों के साथ दर्शकों के अचेत मन को जागरुक बनाएगी और उन्हें हर कदम पर भलाई एवं दयालुता की याद दिलाती रहेगी।

अजय सिंह, परिहार, एचओडी, मार्केटिंग ओटीसी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा। फिल्म 'हाजमोला अच्छाई का चटकारा' में तीन व्यक्तित्वों को दर्शाया गया है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के मिशन के साथ लगातार आगे बढ़ रहे हैं। फिल्म में शिल्पा सोनाली वंचित बच्चों को पढ़ाते हुए दिखती हैं, आंचल भल्ला ज़रूरतमंद लोगों को भोजन दे रही हैं, वहीं ओमकार नाथ शर्मा लोगों से वो दवाएं इकट्ठा करते हैं जिनकी अब उन्हें ज़रूरत नहीं और इन दवाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाते हैं।

'जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। एक समाज के इन गुमनाम नायकों को धन्यवाद देना चाहिए, जो अपनी दयालुता के साथ इस दुनिया को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। डाबर हाजमोला सभी से आग्रह करता है कि रुहाजमोला अच्छाई का चटकारा के साथ इन नायकों की गुमनाम कहानियों को सामने लेकर आएं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 सितंबर, 2022



# जलघर में जंग खा रही स्ट्रीट लाइटें, सड़कों पर अंधेरा

कविता। फरीदाबाद

सेक्टर-25 जलघर में एक जर्जर को इमारत को तोड़ने पर उसमें से नई जंग लगी स्ट्रीट लाईटें बरामद की गई हैं। जिसकी वीडियो एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने वायरल की है। उन्होंने वीडियो डालकर सवाल किया है कि बंद कमरे से निकली यह हाई मास्क लाईटें किसने कमरे में बंद की, इसकी जांच की जाए। लाखों रुपये की यह हाई मास्क लाईटें गल गई हैं। जिसके लिए वह सरकार और निगम को पत्र लिखेंगे।

जब हम लाईटें लगाने की बात करने पर निगम कहता है लाईटें नहीं हैं। ऐसे में सैकड़ों लाईटे एक खंडहर इमारत के कमरे से बरामद होना निगम के लापरवाह रवैये को दर्शाता है।

## नगर निगम को मामले की करनी चाहिए जांच, लिखेंगे पत्र : नीरज शर्मा

वहीं निगम के अनुसार 48 हजार स्ट्रीट लाईटे लगाई गई है। फिर सड़कों पर अंधेरा क्यों हैं। हर दसवें घर के बाहर लाइट क्यों नहीं है। जानकारी के मुताबिक निगम के अनुसार 48 हजार स्ट्रीट लाईटें शहर में लगाई गई है। जिसके तहत 4 लाख 80 हजार प्रोपर्टी आईडी निगम के पास है। इस हिसाब से हर दसवें घर के बाहर लाईटे होनी चाहिए। लेकिन घरों के बाहर तो क्या शहर की मुख्य सड़कों पर भी लाईटें नहीं है। पब्लिक को अंधेरे में सफर करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी नौकरीपेशा महिलाओं को होती है। यह बात एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि निगम के कागजों में लाईटे लगी हैं, लेकिन हकीकत सोमवार को उस वक्त खुली, जब सेक्टर-25 के जलघर में मौजूद एक कंडम घोषित कमरे को तोड़ा गया। इस बंद कमरे को जब तोड़ा गया, तो उसमें से काफी संख्या में नई हाई मास्क लाईटे मिलीं। लाइटों पर जंग लगा हुआ था।




सेक्टर-25 जलघर में पड़ी और जंग खाती नई स्ट्रीट लाईटें। सेक्टर-24 की सड़क पर बिना स्ट्रीट लाइट के अंधेरे में जाती नौकरीपेशा महिलाएं।



**लिखेंगे पत्र :** नीरज शर्मा ने कहा कि सड़कों और गलियों में लाइट ना होने के कारण आए दिन हादसे होते है, लेकिन काफी दुख हुआ जब मैंने यह वीडियो देखी, जोकि टीम के साथी सुदेश डागर ने मुझे भेजी थी। जिसमें दर्शाया गया सेक्टर 25 जलघर में बंद पड़े कमरे में सैंकड़ों हाई मास्क लाइट पड़ी हैं। जोकि पड़े-पड़े गल गई। जबकि एक हाई मास्क लाइट लाखों रुपये की आती है। इस बाबत सरकार को पत्र लिखकर शिकायत की जाएगी तथा नगर निगम आयुक्त को इसकी जानकारी दे दी गई है।

# बेलगाम हुए मिक्सचर डंपर ने तीन लोगों को कुचला, दंपति की मौत

## बेसहारा हो गए चार मासूम बच्चे, मदद की मांग को लेकर लगाया जाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बीके चौक पर जाम को खुलवाते पुलिस अधिकारी। नमन आंखों से मां-बाप की बाट जोहते बच्चे। इनसेट में मिक्सचर डंपर वाहन।

**बाईपास** रोड पर बड़ौली पुलिस के पास तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक मिक्सचर डंपर वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बड़ोली पुल के पास पैदल जा रहे एक दंपति समेत तीन लोगों को कुचल दिया। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह डिवाइडर को पार करता हुआ दूसरी तरफ जाकर फंसा गया। इस दौरान कुछ झुग्गियां भी टूट गई हैं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे घायल की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से बिहार के मुंगेर जिले का रहने वाला 40 वर्षीय गौतम दास बड़ौली गांव में किराये का कमरा लेकर अपने परिवार के साथ रहता था। उसके परिवार में 30 वर्षीय पत्नी के अलावा चार बच्चे शामिल हैं। गौतम और कंचन सेक्टर छह स्थित एक कंपनी में काम कर किसी तरह परिवार का गुजारा चला रहे थे। बताया कि है कंपनी उनके घर से दूर पड़ती थी। जिसके कारण वे बल्लभगढ़ की चावला कालोनी में किराए का कमरा लेना चाहते थे। रविवार की शाम को गौतम अपनी पत्नी कंचन और जीजा धर्मेन्द्र के साथ चावला कालोनी में गया था। देर शाम को तीनों साइकिल हाथ से पकड़ कर पैदल बड़ोली गांव स्थित अपने कमरें में लौट रहे थे। इस दौरान तीनों आपस में बातचीत करते हुए चल रहे थे। उसी दौरान तेज रफ से दौड़ रहे एक मिक्सचर डंपर के चालक ने लापरवाही से तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह हादसे के बाद डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ जाकर फंस गया। हादसे के बाद मिक्सचर डंपर का चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना बीपीटीपी के प्रभारी अर्जुन देव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को तुरंत एक निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने गौतम और कंचन को मृत घोषित कर दिया। जबकि धर्मेन्द्र को गंभीर हालत में दाखिल कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। दंपति के शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गए है।

### परिजनों ने लगाया जाम

**दंपति** की मौत के बाद उनके घर में चार मासूम बच्चे रह गए हैं। माता पिता की एक साथ मौत हो जाने से उनका रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। बच्चों को मृतक के जीजा धर्मेन्द्र के परिजन और गांव के लोग किसी तरह सम्भालने का प्रयास कर रहे हैं। इस घटना के विरोध में और मासूम बच्चों को मदद दिलवाने की मांग को लेकर परिजनों ने बीके चौक पर जाम भी लगा दिया था, लेकिन पुलिस ने उन्हें किसी तरह समझा बुझा कर जाम खुलवा दिया।

# बाईपास रोड पर 1.90 लाख लूटने वाले पांच गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने लूट की वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सरफराज, नवाब खान, आकिब, समीर तथा सलमान का नाम शामिल है। आरोपी सलमान दिल्ली के संगम विहार का रहने वाला है वहीं अन्य चारों आरोपी फरीदाबाद के इस्माइलपुर एरिया के निवासी हैं। सभी आरोपियों की उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष है। आरोपी सरफराज की इस्माइलपुर में बिल्डिंग मैटीरियल की दुकान है इसके अलावा सभी आरोपी छोटी मोटी ध्याड़ी मजदूरी का काम करते हैं।

क्राइम ब्रांच की टीम ने कल गश्त के दौरान आरोपी आकिब को पल्ला तथा सलमान को सेक्टर 31 से देशी कटे सहित काबू किया था। आरोपियों के खिलाफ़ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। जिसमें पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 5 सितंबर को संजय के साथ 1.90 लाख रुपए की लूट की वारदात का खुलासा किया। आरोपियों की जानकारी के आधार पर वारदात में शामिल आरोपी सरफराज, नवाब तथा समीर को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 05 सितंबर की शाम के समय सेक्टर 85 के रहने वाले संजय पल्ला से अपने घर जा रहे थे। जो सेक्टर 28 /29 के बीच बाईपास रोड पर पहुंचे तो 4 आरोपी स्कूटी पर सवार होकर आए और संजय की गाड़ी के पीछे से टक्कर मार दी जो संजय द्वारा गाड़ी रोकने पर चारों आरोपी पिस्तौल के साथ संजय के साथ लड़ाई झगड़ा करने लगे और उसके सिर में हथियार से चोट मार कर उससे रुपये 190000 व गाड़ी की चाबी लूटकर भाग गए। जाते-जाते आरोपी पिस्तौल को वही फैंककर चले गए। पीड़ित संजय ने इसकी शिकायत पुलिस थाना सेक्टर 31 में दी जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ लूट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा घटनास्थल से 2 पिस्तौल बरामद किए गए। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि वारदात का मुख्य आरोपी सरफराज है जिसने इस वारदात की योजना बनाई थी और अपने अन्य चार साथियों को लूट के लिए भेजा था।



लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार सरफाज, नवाब, आकिब ,समीर और सलमान।

# मकान में घुसा चोर ऊंचाई से कूदा, हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद के बड़ौली गांव में बीती रात कुछ चोर चोरी की नीयत से एक घर में जा घुसे। उसी दौरान ग्रामीणों ने नींद खुलने पर चोर को पकड़ने का प्रयास किया तो वे भाग निकले। पीछा करने पर अन्य चोर तो भागने में कामयाब हो गया, लेकिन एक चोर सेक्टर 75 स्थित बीपीटीपी के एक फ्लैट में जा घुसा। जहां आरोपी लेपटॉप और मोबाइल लेकर निकल ही रहा था कि फ्लैट मालिक की नींद खुल गई और उन्होंने चोर को पकड़ लिया। इस बीच आरोपी ने हाथ छुड़ा कर नीचे छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को दिल्ली के ट्रामा सेंटर में दाखिल करवा दिया।

जानकारी के मुताबिक पेशे से इंजीनियर सुरेंद्र गर्ग सेक्टर 75 बीपीटीपी क्यू ब्लॉक में रहते है। बीती रात गर्ग तीसरी मंजिल में सो रहे थे। सोमवर तड़के पीछे के हिस्से से एक चोर उनके घर में घुस आया। चोर ने घर में रखा मोबाइल फोन और लेपटॉप उठा लिया। इस बीच सुरेंद्र गर्ग की नींद खुल गई। उन्होंने तुरंत चोर को दबोच लिया। परिवार के सदस्यों को शोर मचा कर जगाने लगे। तभी चोर ने हाथ छुड़ा लिया और नीचे कूद गया। गर्ग ने नीचे आकर तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली के ट्रामा सेंटर में दाखिल करा दिया है। थाना प्रभारी अर्जुन देव का कहना है कि आरोपी ने इससे पहले बड़ोली गांव में भी अपने साथियों के साथ चोरी की थी। चोरी का माल उसके साथियों के पास है। आरोपी के स्वस्थ्य होने पर पूरी स्थिति का पता चल पाएगा।

## बड़ौली गांव में चोरी के बाद ग्रामीण द्वारा पीछा करने पर फ्लैट में घुसा था चोर

# समाज की उन्नति में सामाजिक संस्थाओं का बड़ा सहयोगः नागर

## सामाजिक संस्था विभय फाउंडेशन ने विनय नगर में विधायक राजेश नागर का किया जोरदार स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



नाहर पार विनय नगर विभय फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर का आज विनय नगर में जोरदार स्वागत किया गया। इसका आयोजन विभय फाउंडेशन की ओर से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विधायक राजेश नागर ने कहा कि समाज की उन्नति में सामाजिक संस्थाओं का बड़ा योगदान होता है। विभय फाउंडेशन भी समाज की उन्नति के लिए अनेक प्रकल्प चला रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का कार्य समाज की उन्नति और प्रगति को आगे ले जाना होता है। यह एक प्रकार का जुनून है कि हम किसी के काम आ सकें। जनप्रतिनिधि निश्चित तौर पर प्रशासन और शासन से जनता के लिए अधिक सुविधाएं ला पाता है और मुझे यह सेवा देने के लिए मैं आप सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। विधायक नागर ने कहा कि आज तिगांव क्षेत्र में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं। हमने अन्य अनेक जगहों के भी एस्टीमेट बनाने के लिए अधिकारियों को दिए हैं। जिन पर जल्द से जल्द अनुमति लेकर काम शुरू करेंगे। नागर ने कहा कि क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति में तेजी आने वाली है, हमारे क्षेत्र में एक बिजली घर बनकर तैयार है और दो अन्य बिजलीघरों के निर्माण कार्य आरम्भ हो चुके हैं। विधायक नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से तिगांव विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने वाली है। नागर ने कहा कि आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा की क्रांति आई हुई है।

# एनीमिया की रोकथाम के लिए जागरुकता जरूरी : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में एनीमिया की रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी है। डीसी विक्रम के दिशा-निर्देश पर आयुष विभाग से डॉ प्रीति द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास फरीदाबाद कार्यालय में अनीमिया की रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें एनीमिया के लक्षण एवं एनीमिया से होने वाले रोग और उनके रोकथाम के उपाय बताए गए। उन्होंने आगे बताया कि महिलाओं में प्राय: कैल्शियम और विटामिन डी की कमी पाई जाती है। जिसकी वजह से उन्हें अन्य बीमारियां भी आसानी से जकड़ लेती है। डॉ प्रीति ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए उत्साहित किया तथा उन्हें आगे फील्ड में भी अन्य लोगों को भी इस बारे में जागरूक करने के लिए कहा।

# 85 महिलाओं को ब्लैकमेल करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसीपी** एनआईटी नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा महिला विरुद्ध अपराध के मामलों में संज्ञान लेते हुए आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया व उनकी टीम ने 4 महीनों की कड़ी मशक्कत करते हुए महिलाओं के अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले बहुत ही अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गणेश है। आरोपी की उम्र करीब 42 वर्ष है और वह एक ट्रक ड्राइवर है। आरोपी के खिलाफ महिला थाना एनआईटी में आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पीड़ित महिला ने बताया कि 6 मई 2022 को व्हाट्सएप पर उसे एक मैसेज प्राप्त हुआ। जिसमें उसी की अश्लील फोटो थी। जिसमें उसका चेहरा किसी अश्लील फोटो से जोड़ा हुआ था। आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसका नंबर ब्लॉक किया तो उसकी यह फोटो इंटरनेट पर वायरल कर दी जाएगी। महिला काफी डर गई और उसने यह बात अपने पति को बताई। जिसके पश्चात महिला ने अपने पति के साथ आकर पुलिस को इसकी शिकायत दी। जिसके पश्चात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। आरोपी की धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर माया के नेतृत्व में टीम गठित की गई जिसमें उप निरीक्षक शाहिद, महिला एएसआई प्रियंकी, सिपाही कर्मवीर तथा साइबर सेल एक्सपर्ट सिपाही अजय का नाम शामिल था। पुलिस टीम ने आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस ने नागौर, अजमेर, जयपुर, किशनगढ़, रुपनगढ़, दौसा, अलवर, भरतपुर सहित कई स्थानों पर रेड डाली परंतु आरोपी हर बार बचता रहा। करीब 4 महीने की कड़ी मशक्कत के पश्चात पुलिस ने आरोपी को कल अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए जिसमें उसने बताया कि वह फेसबुक पर लगातार महिलाओं को ढूंढता रहता है। उनकी प्रोफाइल फोटो लेकर उसे किसी न्यूड महिला की फोटो से जोड़कर उसकी अश्लील फोटो बना देता था। इसके पश्चात वह फेसबुक मैसेंजर तथा फेसबुक से महिला का फोन नंबर लेकर व्हाट्सएप के माध्यम से इस फोटो को उस महिला के पास भेज देता था और इस फोटो को इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देकर उन्हें बातचीत करने के लिए ब्लैकमेल करता था।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन प्रक्रिया कल

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि सीनियर स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 24-25 सितम्बर को एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक में किया जा रहा है। इस राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले के एथलीट खिलाड़ियों के चयन हेतु जिला एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 12 जिला खेल परिसर में 14 सितम्बर आयोजित कराना सुनिश्चित किया गया है।

जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि दौड इवेंट में 100 मीटर दौड से लेकर 10 किलोमीटर दौड ,जंप इवेंट, थ्रो इवेंट और 20 किलोमीटर रेस वाक इवेंट का आयोजन एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के द्वारा जारी किए गए नियमों के अनुसार किया जाएगा। ओमवीर सिंह ने कहा कि जो भी एथलीट खिलाडी जिला प्रतियोगिता में अनुशासन भंग करते हुए पाया जाएगा उस पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# लंबित मांग पूरी कराने के लिए किया प्रदर्शन




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तीन** महीने से वेतन के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारी तरस रहे हैं। सफाई का कार्य करने के बावजूद भी समय पर वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाया। लंबित मांगों की प्राप्ति के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने आज सोमवार को खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी के बल्लभगढ़ कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। जमकर नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व राज्य प्रधान देवी राम, जिला सचिव दिनेश पाली ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बीडीपीओ बल्लभगढ़ के पास ही तिगांव ब्लाक का चार्ज भी है। यूनियन के नेताओं ने वीडीपीओ बल्लभगढ़ पर तिगांव ब्लॉक में कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का वेतन रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा की तिगांव में कार्यरत सफाई कर्मचारी सुनील, राजेंद्र, मूर्ति, शीला और कौराली गांव में कार्यरत सफाई कर्मी पप्पी को पिछले तीन महीने से काम करने के बावजूद भी वेतन नहीं मिल रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## योग प्रतियोगिता में तीन लड़कियों ने जीता गोल्ड



जिला स्तरीय योगासान प्रतियोगिता में अपनी योग कला का प्रदर्शन करती लड़कियां।

**फरीदाबाद।** जिला स्तरीय योगासान प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितम्बर को भी किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तहत 12 सितम्बर को लड़कियों की और 13 सितम्बर की लड़कों की योगासान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को लड़कियों की योगासान की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 75 लड़कियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन इंद्र सक्सेना, डीपीई, जेएसएसएस वजीरपुर, सीमा, प्रिंयंका सिन्हा, अरूणा चौधरी, मुनेश, श्याम ने करवाया। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन रोहतक में होने 15 से 17 राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता में 9 से 13 आयुवर्ग में ट्रेडिशनल और आर्टी स्ट्रीक सिंग में श्रीराम स्कूल की जानवीं ने गोल्ड और लावण्या ने सिल्वर मैडल जीता। वहीं भूमिका ने ब्रांज मैडल जीता। वहीं 14 से 18 आयुवर्क में डीएवी सेक्टर-37 की अंजली ने गोल्ड जीता, होली चाईल्ड की सृष्टि ने सिल्वर मेडल और कमला नेहरू पटिलक स्कूल की पुष्टी ने ब्रांज मेडल जीता। जिसमें गोल्ड मैडलिस्ट को 1000, सिल्वर मैडलिस्ट को 700 और ब्रांच मैडलिस्ट को 500 रुपये की राशि दी गई।

## गोल्ड मेडलिस्ट को फीएवा ने किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद एस्टेट एजेंटस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आज वर्ल्ड पावर लिफ्टर गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी नीलम सिंह को उनके निवास सेक्टर-14 फरीदाबाद में देश-प्रदेश और हमारे जिले का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित करने के लिए संस्था की ओर से आर्थिक मदद के रूप में चेक व नगद राशि भेंट करते हुए प्रधान आकाश गुप्ता ने उन्हें हरियाणा सरकार की ओर से हर संभव मदद दिलवाने के लिए खेल मंत्री संदीप सिंह से मिलकर विशेष लाभ दिलवाने का भी आश्वासन दिया। इसके साथ ही सम्मान स्वरूप महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने उन्हें अपनी ओर से एक कृपाण भेंट की। उप प्रधान मुकेश चौधरी ने संस्था की डायरी और पेन भी भेंट किया। दशरथ सिंह शेखावत ने उन्हें एंटी ऑक्साइड सूचित करने और शुद्ध ऑक्सीजन के साथ वायुमंडल को शुद्ध करने वाला एक पौधा उपहार दिया। फीवा जॉन-5 से कार्यकारिणी के सदस्य ऋतुराज भारद्वाज जो गीता मंदिर सेक्टर-15 के महासचिव भी हैं, ने उन्हें मंदिर कमेटी की ओर इस खेल में और प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देकर देश का नाम रोशन करने के लिए से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। आज इस स्वागत समारोह के अवसर पर प्रधान आकाश गुप्ता,उप प्रधान मुकेश चौधरी, कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत, सह कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह, फीवा ग्रीवेंस कमेटी सदस्य अशोक अरोड़ा, नरेंद्र धमीजा, एमिनेंट पर्सन उमाशंकर गर्ग, ऋतुराज भारद्वाज, राजवीर नेताजी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आनंद विला में पुराने फिल्मी नगमों पर झूमे श्रोता



**फरीदाबाद।** रविवार की शाम में ग्रेटर फरीदाबाद के आनंद विला सोसाइटी के ऑडिटोरियम में रंगारंग कार्यक्रम को देखने का मौका मिला। इसमें श्रोताओं की संगीत के मोहम्मद रफी, किशोर कुमार समेत अन्य कई गायकों की यादें तरोताजा हो गई। दोपहर बाद करीब 4 बजे से शाम 6.30 बजे तक चले इस मस्ताना कार्यक्रम को कई सुरीले गायकों और गायिकाओं ने अपनी आवाज में सजाया। जिसमें नमीश खट्टर द्वारा प्रस्तुत ..तुम जो मिल गए हो....,ने माहौल ही बदल कर रख दिया, इसके अलावा गिरीश खन्ना का दिल में आग लगाए सावन का महीना... ऐ मरे हम सफर..,दिल के टुकड़े टुकड़े कर के..., ..देखो... देखो देखो... ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा.., मंजिलें अपनी जगह हैं...दिल हुम हुम करे..., सुहानी चांदनी रातें हमें सोने नही देती...मैं यह प्यार का गीत सुनाता चला।... तेरे दिल की गलियों से मैं हर रोज गुजरती हूं.. हवा के झोकों से...। दिल में हो तुम.. आंखों में हो तुम। दिवानों से ये मत पूछो.. दीवानों से क्या गुजरी है... जाइए आप कहां जायेंगे...,समेत अन्य गीतों से शाम मस्तानी बन गई। इस कार्यक्रम में श्री गिरीश खन्ना, अक्षय साहू, सुनील बंसल, मोहिनी जैकब, स्वाति भल्ला, पंकज गोयल, कुलदीप सक्सेना,दिनेश दुआ,किशन लाल छाबरा,गोपाल कालरा,शीतल जाखू, वंदना इत्यादि ने कार्यक्रम में मुख्य गायकी प्रस्तुति की..श्रोता गण इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते थक नहीं रहे थे। कार्यक्रम के अंत में सभी गायकों का धन्यवाद किया।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा सेवा पखवाड़ा




**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिला फरीदाबाद में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिला में सेवा पखवाड़ा अभियान बनाकर चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा के प्रति आम जन में जागरुकता और भागीदारी की भावना भी बढ़े इसके लिए प्रशासन और पुलिस अधिकारी मिशन मोड पर कार्य को अमलीजामा पहनाने की कोशिश करें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इस सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान जिला में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर सहित आमजन के उत्थान के लिए अनेक जन हितैषी कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों के साथ-साथ जन जागरण करके सफाई अभियान, रक्तदान सहित अन्य सामाजिक उत्थान की गतिविधियां चलाई जाएंगी। इन सामाजिक उत्थान की गतिविधियों में जिला विकास एवं पंचायत विभाग, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग सहित ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य सहित तमाम विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल करके इसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सड़क सुरक्षा बैठक की मॉनिटर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा बेहतर प्रयास किया जा रहा है।

## डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**फरीदाबाद।** सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसच में एओएसएमआई (ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी) के दिल्ली एनसीआर स्टेट चैप्टर का 7वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित 10 और 11 सितंबर को किया गया। सम्मेलन का विषय था 'लार ग्रंथि विकार'। इसका संचालन इसके संरक्षक श्री डीवी गुप्ता (अध्यक्ष), दीपक गुप्ता (सचिव), डॉ सीएम मढ़िया (प्रधानाचार्य) डॉ विशाल जुनेजा (सीईओ) के मार्गदर्शन में किया गया था। इस कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर और ओरल मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के प्रमुख- डॉ आशीष गुप्ता और टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. मंजूनाथ राय - अध्यक्ष, एओएसएमआई ने किया। सम्मेलन में 16 से अधिक डेंटल कॉलेजों के 130 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सुधा रुस्तगी डेंटल कॉलेज की छत के नीचे पैन-इंडिया के 25 अनुभवी वक्ता दो दिनों के कार्यक्रमों में अपने ज्ञान को साझा करने और फैलाने के लिए एक साथ आए। इसके अलावा नई तकनीक और उन्नत शल्य प्रक्रिया के बारे में चर्चा मनोरंजक गतिविधियों से भरी रही। कुल मिलाकर सम्मेलन की न केवल प्रतिनिधियों बल्कि वक्ताओं ने भी सराहना की। सम्मेलन ने एसोसिएशन और संस्था के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 सितंबर, 2022



# कांग्रेस में चुनाव

## अच्छा निर्णय

**कांग्रेस** ने अपने सभी निर्वाचकों की सूची सार्वजनिक करने का निर्णय किया है। इससे नेहरू-गांधी परिवार का प्रभुत्व घट सकता है। अगले कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के पहले पार्टी नेतृत्व ने सभी 9,000 प्रतिनिधियों की सूची सार्वजनिक करने पर सहमति प्रकट की है जो मतदाता मंडल का गठन करते हैं। यह एक अच्छा निर्णय है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर व मनीष तिवारी तथा कर्ति चिदम्बरम समेत पांच सदस्य सदस्यों ने कांग्रेस के केन्द्रीय चुनाव अधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री से चुनाव प्रक्रिया में 'पारदर्शिता व न्याय' सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था। उल्लेखनीय है कि कर्ती के पिता व पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम तथाकथित जी-23 का हिस्सा नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं का यह समूह गांधी परिवार की भूमिका की आलोचना करता रहा है, हालांकि थरूर व तिवारी इस समूह के सदस्य थे। मिस्त्री ने सभी पांच सांसदों को सूचित किया था कि पहली बार क्यूआर कोड वाले परिचय पत्र कांग्रेस कमेटियों वाले 28 राज्यों व 9 संघशासित क्षेत्रों के सभी प्रतिनिधियों को जारी किए जांएगे। ये बहुत अच्छे कदम हैं जिनसे न केवल चुनाव में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि सभी उम्मीदवारों को अपने प्रचार अभियान में सहायता मिलेगी। इसमें गांधी परिवार के आलोचक भी शामिल हैं। अब वे उन लोगों को जान जाएंगे जिनसे संपर्क करना है। इसके साथ ही पार्टी चुनाव के बाद इससे पराजितों को कोई दु:ख भी नहीं होगा क्योंकि वे यह कह कर शोर नहीं मचा सकेंगे, 'हमें तो पता ही नहीं था कि वोट कौन दे रहा है।' इसके अलावा पार्टी में सभी लोग जान जाएंगे कि पार्टी अध्यक्ष का चुनाव समुचित लोकतांत्रिक तरीके से हुआ है और उसे 'परिवार' द्वारा चुना नहीं गया है।



दूसरे शब्दों में, अब 9,000 निर्वाचकों की जिम्मेदारी है कि वे देश की सबसे पुरानी पार्टी को उस गतिरोध से बाहर से ले जाएं जिसमें वह फंस गई है। वह लगातार दो आम चुनावों तथा दर्जनों विधानसभा चुनावों में हार चुकी है और वरिष्ठ नेताओं के बाहर जाने से निराशा का सामना कर रही है। यदि देश की सबसे पुरानी पार्टी में अध्यक्ष का चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होगा तो कोई नैतिक रूप से गांधी परिवार को पिछले कुछ साल से जारी इसके लगातार पतन का जिम्मेदार नहीं ठहरा सकेगा। यदि इसके बावजूद वे 'परिवार' के एक सदस्य को या उसका आर्शीवाद प्राप्त नेता को चुनते हैं तो वे स्वयं विनाश नहीं तो कमजोरी के जिम्मेदार होंगे। यह ऐसी पार्टी में होगा जिसका एक शताब्दी से अधिक समय तक राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रभुत्व रहा है। यदि उनको 'परिवार' के प्रति स्वामिभक्ति के कारण निर्वाचक बनाया गया है तो भी उनको अहसास होना चाहिए कि पार्टी के प्रति स्वामिभक्ति परिवार के प्रति स्वामिभक्ति से ऊपर है। भले ही अतीत में 'परिवार' पार्टी को कई बार सत्ता में ला चुका हो, पर वर्तमान समय में वह भारतीय जनता पार्टी से मुकाबले में दयनीय रूप से विफल हुआ है। हालांकि, राहुल गांधी भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने का बहुत गंभीर प्रयास कर रहे हैं और 'भारत जोड़ो यात्रा' इस प्रयास का एक प्रमाण है, लेकिन उनके तथा उनके परिवारी सदस्यों के अतीत में लिए गए निर्णयों ने पार्टी की संभावनाओं को भारी धक्का पहुंचाया है। अमरिंदर सिंह के बजाय नवजोत सिंह सिद्धू की पसंद हानिकारक सिद्ध हुई। समय आ गया है कि 9,000 निर्वाचक कांग्रेस को उस 'परिवार' के शिकंजे से मुक्त करें जिसका नियंत्रण इसका गला घोंट रहा है।

# महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना

**लाजिस्टिक्स उद्योग प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना व बदलती तकनीक की स्वीकार्यता से लाभ उठा रहा है। इसने अपना महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त किया है तथा देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है।**



**अभिषेक चौधरी**
(लेखक, कारीडोर डेवलपमेंट कार्पोरेशन के उपाध्यक्ष हैं।)




भारतीय लाजिस्टिक्स क्षेत्र 22 मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहा है। इस क्षेत्र में सुधार से लाजिस्टिक्स खर्च 10 प्रतिशत घटाने में सहायता मिलेगी जिससे निर्यात में 5 से 8 प्रतिशत वृद्धि होगी। इससे मजबूत ढांचागत संरचना के समर्थन से भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति होगी। वर्तमान समय में भारतीय लाजिस्टिक्स उद्योग का हिस्सा देश की जीडीपी में लगभग 14.4 प्रतिशत है, पर इससे लगभग 14 प्रतिशत जीडीपी ही प्राप्त होती है, जबकि ब्रिक्स में यह औसत 11 प्रतिशत है। हालांकि विभिन्न अध्ययन लाजिस्टिक्स पर खर्च के अलग-अलग दावे करते हैं जो जीडीपी के 8 प्रतिशत से लेकर 14 प्रतिशत तक हैं। यह परिवर्तन के वर्तमान मोड़ पर अत्यधिक विवादास्पद विषय है। लेकिन इन आंकलनों में व्यापक अंतर का प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। वित्त वर्ष 2021 में भारतीय लाजिस्टिक्स बाजार 250 बिलियन डालर का था। अनुमान था कि इस उद्योग की संपूर्ण वार्षिक वृद्धि दर-सीएजीआर 10 से 12 प्रतिशत होगी तथा 2025 तक बाजार में इसका शुद्ध मूल्य 380 बिलियन डालर पहुंच जाएगा।

वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ है और भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने मार्च, 2023 में समाप्त होने वाले वर्तमान वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। लाजिस्टिक्स किसी जीवन्त अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है और यह सूचना के सतत प्रवाह तथा अबाधित प्रबंधन सप्लाई श्रृंखला का आधार बननी चाहिए। भारत के लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में वह अगले कुछ साल में सारी दुनिया की प्रगति का आधार बन जाए। इसके लिए लाजिस्टिक्स को अनुमति के लिए एकल खिड़की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि यह यथासंभव सबसे तेज गति से प्रगति कर सके।

भारतीय लाजिस्टिक्स का केवल 10 प्रतिशत संगठित क्षेत्र में है। यह एक अत्यधिक विखंडित उद्योग क्षेत्र है। यह बहुत जटिल भी है क्योंकि इस क्षेत्र में 20 से अधिक सरकारी एजेंसियां, 40 पीजीए व 37 निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ 10,000 वस्तुयें शामिल हैं। इसमें 12 मिलियन का कर्मचारी आधार, 200 शिपिंग एजेंसियां, 36 लाजिस्टिक सेवायें, 129 आईसीडी, 168 सीएफएस, 50 आईटी परिस्थितिकी तंत्र तथा बैंक व बीमा एजेंसियां शामिल हैं। इक्ज़िम के लिए 81 अधिकार पत्र तथा 500 प्रमाणपत्रों की आवयश्कता है। ये सभी अलग-अलग संगठनों के रूप में काम करते हैं जो किसी दिलचस्पी लेने वाले निवेशक को हतोत्साहित करने के लिए काफी है। भारत में लाजिस्टिक्स क्षेत्र की देखभाल नहीं हुई है और यह एक लावारिस बच्चे की तरह है। यह केवल वस्तुओं व सेवाओं के परिवहन का उपकरण बना रहा है। भंडारण, निगरानी, माल की क्लियरेंस, दस्तावेजीकरण, कैरियन व कंटेनरों के बारे में जानकारी पर कभी समुचित ध्यान नहीं दिया गया।

इसके कारण व्यापक स्तर पर कुप्रबंधन व्याप्त है, सूचनाओं का विलंबित साझा व अनेक अन्य कारणों से यह क्षेत्र कभी अपनी पूरी क्षमता नहीं प्राप्त कर सका। रेलवे, एयरवे, वाटरवे व रोडवेज़ के बीच कोई संबंध नहीं है और इस कारण यह क्षेत्र अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। इसके कारण इसे अनेक ज्ञात व अज्ञात अक्षमताओं का सामना भी करना पड़ता है। इसके साथ ही भारत की व्यापक भौगोलिक विविधता के कारण कभी सूचना को एक स्थान पर संकेन्द्रित करने का अवसर नहीं मिलता है। इसके बिना अबाध परिवहन तथा उस पर निगरानी असंभव है। एक एकल खिड़की व्यवस्था होने पर सूचना प्रवाह की समस्या दूर हो सकती है। यदि इसे प्रमुखता दी जाए तो लाजिस्टिक सेवाओं के उपभोक्ताओं तथा सेवा प्रदाताओं का काफी समय बच सकता है, उनको माल के आवागमन के बारे में लगतार सूचना मिलती रहेगी तथा इससे अनेक अवांछित खर्चों पर भी रोक लगेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा लाजिस्टिक्स को ढांचागत विकास का अभिन्न अंग माना है। उन्होंने लाकडाउन के पहले चरण में राष्ट्र को संबोधित करते हुए इसका उल्लेख किया था। वास्तव में सीमित कार्यबल के साथ काम करने की अनुमति वाले कुछ क्षेत्रों में यह भी शामिल था, हालांकि इसकी आवश्यकता व उद्देश्य निश्चित की गई थी। इस सोच के साथ पीएम गति शक्ति-नेशनल मास्टर प्लान की अवधारणा सामने आई तथा इसे पिछले साल अक्टूबर, 2021 में शुरू किया गया। इस योजना का उद्देश्य विभागीय खांचों को तोड़ना तथा परियोजनायें बनाने व उनके क्रियान्वयन में एक ज्यादा समग्र व समन्वित दृष्टिकोण अपनाना था। इससे मल्टी-मोडल व लास्ट-माइल कनेक्टिविटी संबंधी मुद्दों के समाधान की उम्मीद थी। आंकड़ों के सुसंगत व समन्वित प्रवाह से उम्मीद की गई थी कि उत्पादकता बढ़ेगी तथा सप्लाई श्रृंखला का बेहतर समन्वय संभव होगा जिससे आर्थिक वृद्धि तेज होगी। इससे परियोजनाओं के नियोजन, क्रियान्वयन, निगरानी तथा समय व खर्च बचाने के साथ आधुनिक ढांचागत विकास को नई दिशा मिलने की आशा थी। इसे शुरू करने का एकमात्र उद्देश्य अर्थव्यवस्था के सात इंजनों तथा लाजिस्टिक्स ढांचागत संरचना को एकसाथ एक मंच पर लाना था ताकि आर्थिक प्रगति व टिकाऊ विकास सुनिश्चित हो सके। इनमें रेलवे, सड़कें, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाईअड्डे व व्यापक परिवहन शामिल हैं। इस मास्टर प्लान का उद्देश्य एक विश्वस्तरीय आधुनिक ढांचागत संरचना तैयार करना तथा आवागमन व परिवहन के विभिन्न माध्यमों के बीच लाजिस्टिक्स सिनर्जी बनाना है। इसमें जनता तथा वस्तुओं, दोनों का परिवहन शामिल है तथा परियोजनाओं का स्थान सुनिश्चित करना प्रमुख है। हालांकि, वैश्विक महामारी या उसके पहले से ही उद्योग का बिजनेस माडल बदल रहा था, इसमें धीरे-धीरे कनवर्जेंस हो रहा था और इसका डिजिटलीकरण भी हो रहा था। यूनीफाइड लाजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफार्म-यूलिप एक स्वदेशी एपीआई इंटीग्रेशन प्लेटफार्म है जिसका विकास नेशनल इंडस्ट्रियल कारीडोर डेवलपमेंट कार्पोरेशन-एनआईसीडीसी की लाजिस्टिक्स डेटा बैंक परियोजना के अंतर्गत किया गया है। इसका उद्देश्य एक राष्ट्रव्यापी एकल खिड़की लाजिस्टिक्स प्लेटफार्म बनाना है जिसमें एक से दूसरे सिरे तक पारदर्शिता हो तथा यह पीएम गति शक्ति के दृष्टिकोण से संगति रखता हो। इस वर्चुअल गेटवे ने सात अलग-अलग मंत्रालयों की 30 व्यवस्थाओं से 100प्लस एपीआई के माध्यम से संबंध स्थापित किया है जिसका प्रयोग 1,600 से अधिक क्षेत्रों में सफलतापूर्वक किया गया है। जैसा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था, इसने लाजिस्टिक्स का खर्च और समय घटाया है तथा जटिल दस्तावेजीकरण को दूर किया है। इससे लाजिस्टिक्स उद्योग में प्रभावशीलता व पारदर्शिता आ रही है। इस प्रकार भारत लाजिस्टिक्स के क्षेत्र में प्रतियोगी व 'आत्मनिर्भर' बन रहा है।

इस वर्चुअल गेटवे से लाभान्वित लाजिस्टिक्स डेटा बैंक-एलडीबी ने हाल ही में 50 मिलियन इक्जिम कंटेनरों की हैंडलिंग का महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त किया। इससे नई लाजिस्टिक्स नीति का रोडमैप स्पष्ट हुआ है। इसका अर्थ है कि इस क्षेत्र के पास लगभग 50 मिलियन कंटेनरों का पूरा डेटा उपलब्ध है। इससे नियामक एजेंसियों को काफी कागजी लिखापढ़ी से मुक्ति मिली है तथा कंटेनरों के आवागमन में सुविधा मिली है। इससे समग्र रूप से आयात-निर्यात चक्र में समय बचेगा। इससे खाली कंटेनरों के प्रबंधन, मांग के पूर्वानुमान व इन्वेंटरी खर्च में कमी आएगी जिससे वित्तीय लाभ होगा तथा ढांचागत संरचना मजबूत होगी। सरकार से इस चरण पर विनिर्माण उद्योग में ज्यादा निवेश की उम्मीद की जाती है। यह लाजिस्टिक्स क्षेत्र में विश्वास बहाली का पहला चरण होगा जिसने एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। एलडीबी भारत के शत प्रतिशत इक्ज़िम कंटेनरों का प्रबंधन करती है। इसकी कल्पना दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा परियोजना के शुरुआती चरण में भारत और जापान के बीच स्मार्ट सामुदायिक परियोजना के रूप में की गई थी। इसका दृष्टिकोण भविष्योन्मुखी है।

# टीबी के खिलाफ देश का जनांदोलन



**भारती प्रवीण पवार**
(लेखिका, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री हैं)

क्षय रोग या ट्यूबरकुलोसिस-टीबी एक खतरनाक बीमारी है जिससे भारत पिछले अनेक साल से मुकाबला कर रहा है। वर्तमान समय में प्रभावित लोगों की पोषण संबंधी सहायता समेत बहु-आयामी नीतिगत हस्तक्षेप, टीबी के खिलाफलड़ाई में भरपूर लाभ दे रहे हैं। यह महामारी हम सभी के लिए एक कठिन शिक्षण की अवस्था रही है।

मुझे यह कहते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि हम न केवल व्यापक परीक्षण के माध्यम से कोरोना वायरस वैश्विक महामारी का मुकाबला करने में कामयाब रहे, बल्कि हमने देश के सबसे दूरदराज हिस्सों में पहुंचकर और प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। हमने सामुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप की शुरुआत की और कोरोना के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान भी चलाया। इसके अलावा, हमारे फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और कार्यक्रम कार्यान्वयन कर्ताओं के सराहनीय प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि न केवल कोविड- 19 के खिलाफ व्यापक अभियान के साथ ही अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी निर्बाध रूप से जारी रहें। इस संबंध में, एक और संक्रामक रोग, तपेदिक (टीबी) का मुकाबला करने के हमारे प्रयास महामारी के दौरान बेरोकटोक जारी रहे।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान में 2018 में इस मुद्दे की गंभीरता को पहचान लिया था, जब उन्होंने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) से पांच साल पहले 2025 तक टीबी को खत्म करने के लिए अपना दृष्टिकोण रखा था। समय सीमा समाप्त होने में, अभी लगभग तीन साल शेष है, अत: यह आवश्यक है कि हम देश के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की उपलब्धियों का निर्माण करें और आगे की रणनीतियों को तेज करने के तरीकों की तलाश करें।

हमारे पास पहले से ही इस रोग का मुकाबला करने की अच्छी नीतियां हैं जो समुदाय में टीबी के प्रभाव को कम करने का प्रयास करती हैं। चाहे वह इलाज मुफ्त में उपलब्ध हो - चाहे रोगी कहीं भी देखभाल चाहता हो, सार्वजनिक या निजी क्षेत्र - या यह सुनिश्चित करना कि जांच और निदान सबसे दूर के स्थानों पर किया जाता है, हमारे पास मजबूत बुनियादी सिद्धांत हैं। साथ ही, हमने न केवल रोग की नैदानिक प्रकृति पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को पहचाना है, बल्कि उन नीतियों को लागू किया है, जो स्वास्थ्य और सामाजिक हस्तक्षेपों को मिलाकर बीमारी से प्रभावित लोगों का अधिक समग्र तरीके से समर्थन करते हैं।

यहां, मैं उन नीतियों का समर्थन करने में हमेशा सक्रिय रहने के लिए टीबी कार्यक्रम की सराहना करती हूं जो रोगियों के लिए सामाजिक समर्थन उपायों को मजबूत करने का प्रयास करती हैं। 2018 में, एक विस्तृत मार्गदर्शन दस्तावेज विकसित किया गया था, जिसमें देश भर में सामाजिक समर्थनकारी हस्तक्षेपों से प्राप्त सीखों पर प्रकाश डाला गया था, जिसमें आगे बढ़ने की क्षमता थी। इन पाठों या सर्वोत्तम प्रथाओं का मूलत: लक्ष्य, प्रोत्साहन और पोषण सहायता सुनिश्चित करके टीबी प्रभावित रोगियों को उनकी उपचार अवधि के दौरान सहयोग करना है। पिछले वर्षों में हमने इस मार्गनिर्देश पर बहुत अच्छी तरह चलने का प्रयास किया है और इससे सफलता भी प्राप्त हुई है।

यह देखते हुए कि टीबी का मुकाबला करने के लिए पौष्टिक आहार कितना महत्वपूर्ण है, सरकार ने एक महत्वपूर्ण पोषण सहायता योजना, निक्षय पोषण योजना शुरू की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, प्रत्येक अधिसूचित टीबी रोगी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए उपचार की पूरी अवधि के लिए हर महीने 500 रुपये प्राप्त करने का हकदार है। 2018 में इस कार्यक्रम की शुरुआत के समय से, एनपीवाई के तहत डीबीटी के माध्यम से भुगतान की गई कुल राशि 57 लाख से अधिक थी। इस योजना के अंतर्गत अब तक टीबी रोगियों को मिली धनराशि 1,488 करोड़ रुपये से अधिक है।

इसके अलावा, टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत एक सामुदायिक सहायता तंत्र स्थापित किया जा रहा है। इस पहल के तहत, टीबी के खिलाफ लड़ाई में, हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला बनाई गई है जिसमें - सहकारी समितियों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों, गैर-सरकारी संगठनों, राजनीतिक दलों आदि को शामिल किया गया है। इस योजना में उनको भारत में राज्यों के जिलों और ब्लॉकों को 'गोद लेने' का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य टीबी रोगियों के लिए समाज के विभिन्न वर्गों से सामाजिक समर्थन जुटाना है, ताकि वे बीमारी से लड़ने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।

टीबी रोगियों के लिए इस तरह का ठोस सामुदायिक समर्थन मिलना आवश्यक है क्योंकि उन्हें टीबी का मुकाबला करने के लिए आवश्यक सख्त टीबीरोधक दवाओं के मद्देनजर एक सख्त उपचार और देखभाल दिनचर्या का पालन करने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को समर्थन विभिन्न समूहों और व्यक्तियों से आता है, सामान्य सामाजिक व्यवस्था से संबंधित होने की भावना को पोषित करने का एक अच्छा तरीका है। तपेदिक के खिलाफ इस कठिन लड़ाई में सारे समाज की ओर से पैदा एकजुटता की भावना ही इस सामुदायिक समर्थन पहल का लक्ष्य है। भारत सरकार द्वारा बनाए कार्यक्रम के अनुसार जो लोग भी भारत को टीबी से मुक्त कराने में मदद करना चाहते हैं वे समर्थन के अपने पसंदीदा प्रारूप - पोषण, निदान और व्यावसायिक - को चुनने में सक्षम होंगे। यदि समर्थक चाहे तो इस प्रकार का समर्थन रोगी के करीबी परिवारिक सदस्यों पर भी लागू हो सकता है। इससे परिवार में टीबी रोगी के प्रति समर्थन व सहायता की भावना मजबूत होती है तथा उसे मानसिक दबाव झेलने में सहायता मिलती है।

हमारा दृढ़ विश्वास है कि इस तरह की व्यापक पहल धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से हमारे समाज की नींव को जमीनी स्तर पर मजबूत कर सकती है। इससे हम टीबी से संक्रमित लोगों को इस बीमारी से लड़ने के लिए सही संसाधनों से लैस कर सकते हैं।

सामूहिक सहायता की यह भावना जन आंदोलन या टीबी के खिलाफ जनांदोलन के आदर्शों के अनुरूप भी है। 2020 में 'टीबी-मुक्त भारत' अभियान शुरू किया गया था, जिसमें पहली बार टीबी के खिलाफ जनांदोलन का आह्वान किया गया था। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम के तहत टीबी के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता पैदा करना, इसके जुड़े कलंक को दूर करना और समस्त उपलब्ध टीबी सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना है।

राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम की सामुदायिक सहायता पहल निश्चित रूप से टीबी के खिलाफ देश के जन आंदोलन के सिद्धांतों के अनुरूप है। मुझे विश्वास है कि जैसे-जैसे कॉरपोरेट नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों व अन्य प्रभावशाली सामुदायिक आवाजों सहित अलग-अलग पृष्ठभूमि के अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल होंगे, हमारे बीच से टीबी का खात्मा किया जा सकेगा। हमारा पूर्ण विश्वास है कि अंतत: टीबी हारेगा, देश जीतेगा!

## आप की बात

### हिंदी दिवस

**14** सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने निर्णय लिया कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। क्योंकि भारत में अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती थी इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया। वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का स्थान प्रमुख है। पिछले कुछ दशकों में हिंदी भाषा की मीडिया काफी लोकप्रियता बढ़ी है। प्रिंट हो या इलेक्ट्रॉनिक, मीडिया के क्षेत्र में भी हिंदी तेजी से काबिज हो रही है। भारत में सबसे अधिक पढ़े जाने वाले समाचार पत्र हिंदी के हैं। 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संख्या में छपने वाले समाचार पत्र भी हिंदी में ही हैं। देश में आज दो तिहाई से अधिक टीवी चैनल भी हिंदी के हैं। हिंदी पत्रकारिता में रोजगार की एक बड़ी संभावना है। टीवी के 90 प्रतिशत विज्ञापनों की भाषा हिंदी है। आज हिंदी में सैंकड़ों एप्स और इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म हैं। इनके लिए भी हिंदी विशेषज्ञों की खूब जरूरत पड़ रही है। ऑनलाइन हिंदी ट्यूशन की वेबसाइट भी हैं। ये सब हिंदी की लोकप्रियता के स्पष्ट प्रमाण हैं।

**सदन जी,** पटना

### मूल्य वृद्धि से परेशानी

**सरकार** बार-बार कहती रही है कि वो महंगाई पर लगाम लगाने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रख छोड़ेगी। लेकिन दूसरी तरफ वो मूल्यों में वृद्धि की आधिकारिक इज़ाज़त देती है। पेट्रोल डीज़ल के दाम में बढ़ोतरी को लेकर उसका दावा रहा है कि यह बाज़ार मूल्यों पर तय होता है। महंगा कच्चा तेल होगा तो उसकी कीमत भी अधिक होगी। लेकिन पिछले दो तीन सप्ताहों के दौरान कच्चे तेल का मूल्य में 15 से 20 फीसदी की कमी आयी, मगर कहां देश में मूल्य कम हुए? अब रेलवे को ही ले लीजिये। सरकार ने कहा है कि रेलवे के राजस्व में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 38 फीसदी का इज़ाफा हुआ है। फिर तत्काल शुल्क में प्रीमियम सेवा लागू क्यों किया जा रहा है? तत्काल की सुविधा उन्हें लेना पड़ता है जो अकस्मात यात्रा करने को मजबूर होते हैं। रेलवे का एक सामाजिक दायित्व हुआ करता था। माल ढुलाई से लेकर यात्रियों को, सस्ते दरों में, उनके गंत्वय तक पहुंचाना इसका लक्ष्य था। लगता है कि आज सब कुछ लाभ-हानि के हवाले कर दिया गया है। यह स्थिति भयावह के साथ साथ दु:खद भी है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### भारत जोड़ो यात्रा

**राहुल गांधी** ने 118 वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की है। कन्याकुमारी से शुरू 3,500 किलोमीटर की यह यात्रा पांच महीने तक चलेगी। घोषित रूप से कहा गया है कि इसका उद्देश्य जनता के सामने आने वाले महंगाई, बेरोजगारी व सामाजिक विघटन जैसे मुद्दे उठाना है। यह यात्रा 12 राज्यों व दो संघशासित क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को उम्मीद है कि इससे उसकी किस्मत फिर जाग जाएगी। वैसे राहुल गांधी के नेतृत्व में की जाने वाली यह यात्रा अपने किस्म की पहली यात्रा नहीं है। इसके पहले पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने 1983 तथा पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 1991 में ऐसी ही व्यापक भारत यात्रायें की थीं। इन दोनों यात्राओं के प्रति जनता में भारी जोश दिखा था। लेकिन कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रति जनता में उत्साह तथा उसकी सहभागिता की तुलना चंद्रशेखर व आडवाणी की यात्राओं से नहीं की जा सकती है। आने वाला समय ही इसके प्रभाव का आंकलन करेगा।

-**अजहर खान**, रामपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**राहुल** बाबा ने कहा था कि भारत एक राष्ट्र नहीं है। मेरे विचार से उनको भारतीय इतिहास पढ़ने की जरूरत है।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**यह** ट्वीट भाजपा की सोच का प्रतीक है। वह भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से परेशान है।

- **जयराम रमेश**
कांग्रेस महासचिव



**भारत-जापान** संबंधों की जड़ें लोकतंत्र, स्वतंत्रता व कानून के शासन के साझा मूल्यों के प्रति सम्मान में निहित हैं।

- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

# प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को एक हजार करोड़ का होगा निवेश

## पूरे देश में अकेले यूपी करता है 16 फीसद से ज्यादा दुग्ध उत्पादन

● यूपी कुल उत्पादन का 52 प्रतिशत अन्य राज्यों को करता है सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है। देश भर में अकेला उत्तर प्रदेश कुल दुग्ध उत्पादन का 16.60 प्रतिशत उत्पादित करना है। प्रदेश में प्रतिदिन 8.72 करोड़ किलो से ज्यादा दुग्ध का उत्पादन होता है। वहीं प्रदेश में 48 प्रतिशत ही इसकी खपत होती है। शेष 52 प्रतिशत दुग्ध अन्य राज्यों को सप्लाई किया जाता है। प्रदेश में संगठित क्षेत्र में 110 डेयरी प्लांट है जिसमें सहकारी क्षेत्र के तहत 13 डेयरी प्लांट आते हैं।

प्रदेश के दुग्ध आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में 20 दुग्ध संघ सहकारी क्षेत्र में हैं जबकि 8600 से अधिक कार्यरत दुग्ध समितियों में करीब 4 लाख दुग्ध उत्पादक सदस्य हैं। प्रदेश में जहां पांच साल पहले प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 352 ग्राम प्रति दिन थी जो आज वित्तीय वर्ष में बढ़कर 406 ग्राम प्रतिदिन पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए संकल्प लिया है। इसी क्रम में अगले पांच वर्षों में एक हजार करोड़ निवेश की योजना बनाई गई है। इसके लिए नंद बाबा दुग्ध मिशन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में कुल दुग्ध उत्पादन में 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होने से जहां किसानों, पशुपालकों की आय में वृद्धि हुई वहीं दुग्ध समितियों में स्वयं सहायता समूह के जुड़ने से महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। प्रदेश में दूध उत्पादन की बढ़ोत्तरी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भूमिका अहम है। प्रदेश में जहां वर्ष 2016-17 में दूध का उत्पादन 264 लाख मीट्रिक टन होता था वहीं वर्तमान में 319 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हो रहा है। यूपी का डेयरी उद्योग सहकारी मॉडल पर आधारित है जो छोटे और सीमांत डेयरी किसानों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाता है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर योगी सरकार ने डेयरी क्षेत्र की बेहतरी के लिए कई कदम उठाए हैं। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और नया आयाम देने में दुग्ध उत्पादन का अहम योगदान है। इसके साथ ही महिलाएं इससे जुड़कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं।

दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि देश में 16.60 प्रतिशत शेयर के साथ उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाला राज्य है। अगर पिछले पांच वर्ष की बात करें तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में दुग्ध उत्पादन में प्रदेश में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश वर्तमान में 319 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन कर देश में पहले स्थान पर है जबकि राजस्थान 256 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन कर दूसरे, मध्य प्रदेश 171 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन कर तीसरे, गुजरात 153 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन कर चौथे और आंध्र प्रदेश 152 लाख मीट्रिक टन का दूध उत्पादन कर पांचवे स्थान पर है।

**दुग्ध उत्पादन के साथ खुलेंगे रोजगार की असीम संभावनाओं के द्वार:** मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का उद्घाटन किया। चार दिवसीय समिट में डेयरी उद्योग से जुड़े दुनियाभर के व्यापारी, विशेषज्ञ, किसान और नीति निर्माता शामिल हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश की धरती पर आयोजित हो रहा यह समिट दुग्ध उत्पादन और इस क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

# अल्कोहल और एथनाल उत्पादन में देश में पहले नंबर पर यूपी: भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर सुधारात्मक कार्य किए गए हैं, जिससे प्रदेश से डिस्टलरी में निवेश और शराब का निर्यात बढ़ा है। अब प्रदेश अल्कोहल और एथनाल उत्पादन में देश में पहले नंबर पर है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द डिस्टलियों का निर्माण पूरा कराकर उत्पादन शुरू कराएं, ताकि शराब निर्यात में भी प्रदेश नंबर एक हो।

उन्होंने बताया कि यूपी में पिछले 5 साल वर्षों में पांच हजार करोड़ के निवेश से 19 डिस्टलरियां लग चुकी हैं। इससे अल्कोहल उत्पादन क्षमता 170 करोड़ लीटर से बढ़कर 282 करोड़ बल्क लीटर हो गया है। चार हजार करोड़ से अधिक के निवेश से लगने वाले 18 और डिस्टलरी प्लांट एक से तीन वर्ष में उत्पादन शुरू कर देंगे। प्रदेश से वित्त वर्ष 2021-22 में 167 करोड़ से अधिक मूल्य की शराब का और 3537 करोड़ मूल्य के एथनाल का निर्यात हुआ है। जबकि पांच वर्ष पहले निर्यात कम होता था।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की उद्योग नीति, चहुंमुखी विकास, ला एंड आर्डर के कारण अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश कर शराब का उत्पादन शुरू किया है, जिसमें परनाड रिकार्ड, डियाजियो, यूएसएस, विलियम ग्रांट, एबीडी प्रमुख है। प्रदेश में स्थित रेडिको खेतान डिस्टलरी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रांड को लांच किया है। यूपी से इस समय माल्ट बियर, व्हीट बियर, ब्रांडी, व्हीस्की, रम, जिन, ग्रेन ब्लैंडड व्हीस्की, सिंगल माल्ट व्हीस्की आदि का निर्यात हो रहा है।

# उपेक्षित धार्मिक स्थलों को प्रमुख मार्गों से जोड़ने की योजना

● प्रमुख मार्गों का हो रहा चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण, मार्गों और सेतु पर बन रहे प्रवेश द्वार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक्सप्रेसवे** अब उत्तर प्रदेश की नई पहचान बन चुके हैं। प्रदेश सरकार एक्सप्रेसवे के साथ-साथ राजमार्गों एवं अन्य प्रमुख मार्गों को भी रफ्तार देने का काम तेजी से कर रही है। प्रदेश के महत्वपूर्ण राजमार्गों, सेतुओं और मार्गों पर प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौंदर्यीकरण के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से 5.45 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। यह राशि लोक निर्माण विभाग को चालू 14 कार्यों के लिए जारी की गई है। खास बात यह है कि इसके तहत प्रदेश के तमाम धार्मिक स्थलों को प्रमुख मार्गों से जोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि बीते 5 साल में योगी सरकार ने प्रदेश की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एक्सप्रेसवे के साथ प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए थे। वित्त विभाग द्वारा जारी इस राशि से इस काम में भी तेजी आने के आसार है। इनमें से बहुत सारे वो धार्मिक स्थल हैं जो पहले की सरकारों की अनदेखी के चलते जीर्ण क्षीण अवस्था में थे लेकिन योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ-साथ उपेक्षित इन धार्मिक स्थलों पर के नवीनीकरण पर भी ध्यान दिया है। कानपुर, सोनभद्र, आगरा, वाराणसी, बलिया, लखनऊ, चंदौली, सिद्धार्थ नगर, सहारनपुर और चित्रकूट जैसे जनपदों में कई धार्मिक स्थल हैं जिन्हें प्रमुख मार्गों से जोड़ा जाना है। इसके लिए प्रदेश के वित्त विभाग की ओर से 5 करोड़ 45 लाख और 10 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

# नेपाल व भारत के बीच आज भी हैं पारस्परिक मधुर संबंध: धर्मवीर प्रजापति



**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार एवं होमगार्डस राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कृष्णचन्द्र नेपाली पोखरेल मुख्यमंत्री मंड़की प्रदेश पोखरा एवं खगराज अधिकारी पूर्व गृहमंत्री नेपाल से शिष्टाचार भेंट कर भगवद् गीता की एक प्रति भेंट की। इस मौके पर प्रजापति ने कहा कि भारत एवं नेपाल का आपसी सम्बन्ध हजारों वर्षो से रहा है। दोनो देशों की संस्कृति एवं सभ्यता अति प्राचीन हैं। साय ही नेपाल हमारा मित्र देश है। भारत नेपाल दोनो देशों का आपसी मधुर संबंध होना भी विदेश नीति के तहत जरूरी है। इसके पूर्व उन्होंने नेपाल की राजधानी काठामाण्डू स्थित आदि शक्ति गुहेश्वरी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# सभी मोहल्लों से दस-दस संभ्रांत नागरिकों को डिजिटल वालेंटियर बनाएगी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्थानीय** निकाय चुनावों को देखते हुए पुलिस प्रत्येक जिले में हर मोहल्ले से 10-10 संभ्रांत लोगों को अपना वालेंटियर बनाएगी। इसके लिए नागरिकों के नाम और नंबर अपडेट किए जाने का काम शुरू हो चुका है। सी-प्लान एप के जरिए कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनता की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से यह कवायद की जा रही है। एप का संचालन लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय से होता है। इसे डीजीपी के कंट्रोल रूम और यूपी-112 के कंट्रोल रूम से भी जोड़ा गया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के अनुसार सी-प्लान एप के जरिए इस साल के अंत तक 20 लाख डिजिटल वॉलेंटियर्स को जोड़ने का लक्ष्य है। स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए हर मोहल्ले से 10-10 संभ्रांत लोगों के नाम और नंबर अपडेट किए जा रहे हैं। यह एप कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनता की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया है। प्रदेश के हर इलाके से जुड़े डिजिटल वॉलेंटियर्स अपने अपने क्षेत्र की संवेदनशील गतिविधियों और स्थानीय स्तर पर पांव पसार रही अफवाहों के बारे में तत्काल पुलिस विभाग को सूचित करते हैं, जिससे किसी भी प्रकार की हिंसा और अपराध को समय रहते काबू प्राप्त करने में काफी मदद मिलती है।

# उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें: एके शर्मा

● विद्युत समाधान सप्ताह शुरू, ऊर्जा मंत्री ने शिविर का दौरा कर लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** में सोमवार से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश में विद्युत समाधान सप्ताह की शुरूआत हुई जिसमें हर जिले में नियुक्ति किए गए अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण किया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सुबह अजगैन, उन्नाव स्थित 33-11 केवी विद्युत् उपकेंद्र जाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जा रहे विद्युत समाधान सप्ताह में लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। साथ ही इस उपकेन्द्र के अंदर आने वाले क्षेत्र से संबंधित सभी उपभोक्ताओं को इस सम्बंध में सूचित भी करने के निर्देश दिए। जिससे कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओ को इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से भी समस्याओ के बारे में जानकारी ली। इसमें जलालपुर, रायपुर गढ़ी, जैतीपुर, मकदूमपुर आदि गांवों के 20 उपभोक्ता शिविर में बिल ज्यादा आना, बिजली खपत, नाम पता गलत होना, मीटर लगाने, कनैक्शन, लाइट कटी होना आदि से संबंधित शिकायते लेकर पहुंचे थे। मकदूमपुर गांव के प्रधान भी सोहरन फीडर के ओवरलोड होने की शिकायत लेकर आए और कहा कि विद्युत आपूर्ति सुचारु ढंग से न होने से किसानों की फसलें सूख रही है। ऊर्जा मंत्री ने ओवरलोड फीडर से किसानों को हो रही विद्युत आपूर्ति की सुचारु बहाली के लिए किसी अन्य फीडर से विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों को जनता की अधिक से अधिक सेवा करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि 12 से 19 सितम्बर तक विद्युत समाधान सप्ताह के दौरान प्रदेश के सभी 33-11 केवी विद्युत उपकेंद्र में समाधान शिविर लगाए जा रहे। सभी उपभोकता शिविरो में जाकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और अधिक से अधिक इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में चलाए जा रहे विद्युत समाधान सप्ताह के दौरान प्रत्येक उपभोकता की समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराया जाएगा।

# युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत

**लखनऊ।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल के सोमवार को लखनऊ आगमन और पदभार ग्रहण करने पर प्रदेश मुख्यालय में रालोद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने रविन्द्र सिंह पटेल को पगड़ी पहनाकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। स्वागत से पूर्व रविन्द्र सिंह पटेल ने किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रदेश कार्यालय में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता वेद प्रकाश शास्त्री, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष राम सिंह पटेल का भी रालोद कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल को बूथ स्तर तक ले जाकर संगठन को मजबूत करना है इसमें युवाओं की बड़ी जिम्मेंदारी होती है। पटेल को युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेंदारी मिलने से राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को पूरे प्रदेश में बल मिलेगा और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। रविन्द्र सिंह पटेल ने युवाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने ऐसे व्यक्ति को कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का मौका दिया है जो सही को सही तथा गलत को गलत कहने का जज्बा रखता है।

# लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत धान क्रय केन्द्र खोले जाएं: राठौर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपी एस राठौर द्वारा मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत आगामी धान खरीद हेतु विभागीय तैयारियों की समीक्षा मुख्य भवन सचिवलाय स्थित कार्यालय कक्ष में की गयी। समीक्षा बैठक में क्रय केन्द्र स्थापित होने, क्रय केन्द्रों की जियो टैगिंग किये जाने, परिवहन ठेकेदार एवं हैन्डलिंग ठेकेदार की नियुक्ति किये जाने, धान क्रय केन्द्र हेतु धन की उपलब्धता, बोरों की उपलब्धता, चावल मिलों से अनुबन्ध निष्पादन करने, मिलों की बैंक गारण्टी एवं क्रय केन्द्रों का मिलों से सम्बद्धीकरण आदि बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

धान खरीद वर्ष 2022-23 में सहकारिता विभाग की तीनों क्रय एजेन्सियों यथा पीसीएफ , को-आपरेटिव यूनियन लि. तथा उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ द्वारा क्रय कार्य विभिन्न केन्द्रों के माध्यम से अधिकांशत: न्याय पंचायत स्तर पर अवस्थित प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) पर क्रय केन्द्र स्थापित करते हुए धान खरीद का कार्य संचालित कराया जायेगा। पीसीएफ द्वारा गतवर्ष स्वीकृत कराये गये 1693 क्रय केन्द्रों के सापेक्ष इस वर्ष 156 क्रय केन्द्र, यूपी को.आपरेटिव यूनियन लि. द्वारा गत वर्ष स्वीकृत कराये गये 794 क्रय केन्द्रों के सापेक्ष इस वर्ष 209 क्रय केन्द्र एवं उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ लि द्वारा गत वर्ष स्वीकृत कराये गये 413 क्रय केन्द्रों के सापेक्ष इस वर्ष अभी तक 146 क्रय केन्द्र ही स्वीकृत कराये गये हैं। गत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष क्रय केन्द्र कम स्वीकृत किये जाने पर सहकारिता मंत्री द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा तत्काल समस्त क्रय केन्द्र स्वीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक में सहकारिता मंत्री द्वारा सभी क्रय एजेन्सियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत क्रय केन्द्र खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा निर्देश दिये कि क्रय नीति के अनुसार निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप नियत तिथि तक समस्त तैयारियॉ पूर्ण कर ली जायें। क्रय केन्द्रों द्वारा अधिकाधिक कृषकों से सम्पर्क कर कृषकों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाये। प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीणा, विशेष सचिव सहकारिता अच्छे लाल यादव, अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक सहकारिता बी. चन्द्रकला तथा विभाग के तीनों क्रय एजेन्सियों के प्रबन्ध निदेशकों के साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# सुदूर ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारना सरकार की मंशा: नवनीत सहगल



● डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जल्द शुरू होंगी खेल गतिविधियां

● पहला क्रिकेट मैच डीएम-11 बनाम एसपी-11 के बीच खेला जायेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव खेलकूद डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम डाभासेमर में जल्द ही खेल गतिविधियां शुरू हो जायेंगी। इस स्टेडियम पहला क्रिकेट मैच डीएम-11 बनाम एसपी-11 के बीच खेला जायेगा। यह बात सोमवार को अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने बापू भवन स्थित कार्यालय कक्ष में अयोध्या जनपद में निर्माणाधीन अंतरर्राष्ट्रीय स्टेडियम की समीक्षा के दौरान कही। इस अवसर पर श्री सहगल ने कहा कि स्टेडियम में जो भी खामियां है, उन्हें तत्काल दूर किया जाये। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के बैठने और ठहरने के लिए व्यवस्थाएं की जाये। क्रिकेट मैच के लिए मैदान तैयार कराया जाय। साथ ही स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट, हैण्डबाल कोर्ट आदि जनसामान्य के लिए यथाशीघ्र प्रारंभ किये जायं। एथलेटिक्स ट्रैक को सुदृढ़ कर खेल प्रतियोगिताएं शुरू कराई जायें। उन्होंने स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए फुट ओवर ब्रिज निर्माण के निर्देश भी दिये। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जब स्टेडियम में सुविधाएं उपलब्ध होंगी, तभी बच्चे खेलने आयेंगे। सरकार की मंशा है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाडियों की प्रतिभाओं को निखारकर अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की। इस दिशा में अंतरर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सभी प्रकार सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। अपर मुख्य सचिव ने गत शुक्रवार अयोध्या में निर्माणाधीन स्टेडियम की स्थलीय निरीक्षण किया गया था, जिसमें कई खामियां प्रकाश में आयी थी। उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्तकाल खामियों को दूर करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में उन्होंने निदेशालय के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्टेडियम में खेल गतिविधियां शुरू कराने के सख्त निर्देश दिए। बैठक निदेशक खेल आरपी सिंह सहित परियोजना से जुड़ी कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# यूपी में कानून व्यवस्था के सभी दावे खोखले साबित हो चुके हैं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है। उत्तर प्रदेश में अपराधिक घटनाओं की बाढ़ आ रही है लेकिन जीरो टॉलरेंस वाली भाजपा सरकार अपराधमुक्त होने का ढोल पीटकर खुद की वाहवाही करने में मगन है। महिलाएं, दलित, पिछड़े सभी सताए जा रहे हैं। बच्चियों की जिंदगी से अमानवीय खिलवाड़ विचलित करने वाला है। सत्ता संरक्षित अपराधियों में पुलिस प्रशासन का खौफ नहीं रह गया है। अपराधी पुलिस पर भी हमलावर हो रहे है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में जातीय संरक्षण से भी अपराध बढ़ रहे हैं। अलीगढ़ में दलित परिवार की बेटियां समुदाय विशेष के लोगों द्वारा छेड़खानी से तंग आकर पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि पीलीभीत में कक्षा 12 की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर पुलिस की संवेदनहीनता की हद थी कि थाने में पीड़ित परिवार को नौ घंटे पुलिस बिठाए रखी। जहांगीराबाद में चारा लेने गई नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म हुआ। मऊ चित्रकूट थाना क्षेत्र में एक चार साल की बच्ची को बिस्कुट दिलाने का लालच देकर एक युवक ने दुष्कर्म किया। मोहम्मदी खीरी में एक 15 साल की किशोरी से पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म कियाए लड़की की हालत गम्भीर है।

## चेयरमैन नगरपालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर सपा में शामिल

**लखनऊ।** चेयरमैन नगरपालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ सोना सिंह ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा मुखिया से भेंट के उपरान्त सोना सिंह अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। बहुजन समाज पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में उस्मान चौधरी, वर्तमान बसपा सभासद, खजान सिंह अध्यक्ष मूढ़ा उद्योग, शेर सिंह कर्दम प्रबंधक डॉ. अम्बेडकर उत्थान समिति, अशोक कुमार फौजी, जिला सचिव किसान मोर्चा भारतीय किसान यूनियन, अरविन्द कुमार एडवोकेट बसपा नगर कार्यकारिणी सदस्य, बादल सिंह आजाद युवा मोर्चा बसपा कार्यकारिणी सदस्य, शहजाद चौधरी सदस्य युवजन बसपा तथा सरिता पत्नी योगेन्द्र पूर्व सभासद बसपा प्रमुख है।

# भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से आरएसएस व भाजपा में बौखलाहट चरम पर: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' के समर्थन में समूचा हिन्दुस्तान उठ खड़ा हुआ हैं। जिससे आरएसएस और भाजपा में बौखलाहट चरम सीमा पर देखने को मिल रही है। यही वजह है कि भाजपा नेता अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने कहा कि लगातार यात्रा में मजदूर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, छात्र, सामाजिक संगठन, स्थानीय कलाकर समूहों सहित सभी लोगों का अपने-अपने ढंग से समर्थन मिल रहा है और राहुल गांधी जी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहें हैं, नित्य प्रति विशाल समूह बनता जा रहा है।

प्रवक्ता ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तेल के दाम सात माह में सबसे निचले स्तर पर है। बावजूद इसके देशवासियों को तेल का दाम कम ना करके लाभ नहीं दिया जा रहा है बल्कि तेल कंपनियों को केंद्र सरकार मुनाफा कमवा रही है। इतना ही नहीं बार-बार देश की अर्थव्यवस्था का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार के लिए सबसे शर्मनाक यह है कि देश में विदेशी मुद्रा भंडार न्यूनतम है। जिस महंगाई को भारतीय जनता पार्टी लोगों की कमाई खाने वाली डायन बताती थी आज उसी महंगाई को नीतिगत सुरक्षा हासिल है। जनता के पास मात्र एक रास्ता बचता है कि लूट नीति पर चल रही सरकार को उखाड़ फेंके। भारत जोडो यात्रा जिस तरह एक विनम्र तरीके से चल रही है निश्चित रूप से देश में मौजूद 'हम दो हमारे दो' की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

## फीस बढ़ाने के फैसले को वापस लेने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि राज्य सरकार फीस वृद्धि कर नौजवानों से शिक्षा का अधिकार भी छीन लेना चाहती है। यही वजह है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत फीस वृद्धि कर भाजपा सरकार ने एक ऐतिहासिक नौजवान विराधी कदम उठाया है।

पार्टी प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि अविलंब छात्र-छात्राओं की बात सुनकर फीस वृद्धि का फैसला वापस लिया जाए। प्रवक्ता ने कहा कि जब से उत्तर प्रदेश एवं केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से गरीब और गरीब होता गया, कुछ अमीर बहुत अमीर हो गए। जहां किसान अपनी फसल का उचित दाम नहीं पा रहा है कर्ज के बोझ तले आत्महत्या को मजबूर है, वहीं चंद उद्योगपतियों के लाखों करोड़ के कर्ज माफकर श्रेय लिया जा रहा है।

जिस देश में 45 साल के सबसे उच्च दर पर बेरोजगारी है। सारी सरकारी संस्थाओं का निजीकरण हो रहा है। निश्चित रूप से शिक्षा को भी महंगा करना इस सरकार की प्राथमिकता में है।

# कच्चे तेल की कीमतें गिरने के बाद भी नहीं घटे डीजल-पेट्रोल के दाम: प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत पिछले सात माह में सबसे निचले पायदान पर आ गयी है । माह जून में कच्चे तेल की कीमत 123.19 डॉलर प्रति बैरल थी जो आज घटकर 85.39 (लगभग 86) डॉलर प्रति बैरल हो गयी है किन्तु भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई कमी नहीं की गयी है। आज भी पेट्रोल लगभग 100 रुपए प्रति लीटर और डीजल लगभग 98 रुपए प्रति लीटर की दर से बेंचा जा रहा है। तिवारी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब कच्चे तेल की कीमत में लगभग 40 प्रतिशत प्रति बैरल की कमी हुई है तो भारत में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में उसी अनुपात में कमी की जानी चाहिए थी किन्तु मोदी सरकार ने 'हम दो-हमारे दो' के मार्ग पर चलते हुए अपने कुछ चुनिन्दा पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए तेल की कीमतों में कोई कमी न करके जनता की जेब पर डाका डाल रही है और अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भरने में उनकी सहयोगी बनी हुई है तथा मोदी सरकार की छत्रछाया में उनके पूंजीपति मित्र फल-फूल रहे हैं। कच्चे तेल उत्पादक देषों के संगठक ओपेक और उसके सहयोगियों के उत्पादन में कटौती के बावजूद भी कच्चे तेल की कीमतों में कटौती आई है, फिर भी पेट्रोल और डीजल की कीमत नहीं घटायी गयी हैं, जो जनता के साथ विश्वासघात, धोखा और छलावा है। आने वाले लोकसभा के चुनाव में देश की महान जनता मोदी सरकार के खिलाफ मतदान करके इसका सबक सिखाएगी।

लहरपुर के अकबरपुर की आकांक्षा, शेखटोला की उजेफा खान ने नीट में मारी बाजी

# सीतापुर की बेटियों ने फिर बजाया कामयाबी का डंका

● लहरपुर की क्षेत्र की दो छात्राओं ने नीट की परीक्षा की उत्तीर्ण





संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**प्रतिभा किसी** के परिचय की मोहताज नहीं होती है वह अपने योग्यता दक्षता क्षमता के बलबूते अपना मुकाम हासिल ही कर लेती है तहसील क्षेत्र लहरपुर की दो लड़कियों ने मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी परीक्षा नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिजनों और गुरुजनों का नाम क्षेत्र में रोशन किया है बताते चलें कि ग्राम अकबरपुर निवासी प्रतिष्ठित डॉक्टर हरिश्चंद्र वर्मा की सुपौत्री व अवधेश कुमार वर्मा, माधुरी वर्मा की सुपुत्री आकांक्षा वर्मा ने नीट की परीक्षा में 720/640 अंक के साथ उत्तीर्ण किया है वही नगर के मोहल्ला शेख टोला निवासी बब्बन कॉपी किताब वाले की पोती उजैफा खान ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की। बताते चलें शेख टोला निवासी बब्बन की सुपौत्री व राशिद खान, निकहत परवीन की पुत्री उजैफा खान ने नीट की परीक्षा में 720 में 613 अंक प्राप्त किए। जोकि राजस्थान प्रदेश के कोटा जिले से तैयारी कर रही थी। क्षेत्र की दोनों लड़कियों द्वारा एमबीबीएस में एडमिशन लेने के साथ समाज सेवा के लिए पहल करते हुए अपने माता पिता व परिजनों का नाम रोशन करने के साथ उनके सपने को साकार किया। गौरतलब है कि एक तरफ जहां उज्जैफा खान ने अपने 2 वर्ष की तैयारी के बाद दूसरी बार में यह सफलता हासिल की वही आकांक्षा वर्मा ने बताया कि लखनऊ के ग्रेविटी कोचिंग सेंटर से पढ़कर 4 वर्ष से नीट की तैयारी कर रही थी जिसके चलते दो बार लगातार बीएएमएस में नाम आया लेकिन एमबीबीएस का उद्देश्य बनाकर नीट की परीक्षा पास की तथा सफलता हासिल की। आकांक्षा ने हाई स्कूल हिंदी मीडियम से पढ़कर इंटरमीडिएट की पढ़ाई इंग्लिश मीडियम के माध्यम से लखनऊ पब्लिक स्कूल माधौगंज, हरदोई से उत्तीर्ण की। आकांक्षा वर्मा ग्राम अकबरपुर से एमबीबीएस में एडमिशन के लिए जाने वाली पहली छात्रा है इससे पूर्व में आज तक कोई भी छात्र या छात्रा इस मुकाम तक नहीं पहुंचे। गौरतलब है कि आकांक्षा वर्मा के माता-पिता अवधेश कुमार वर्मा व माधुरी वर्मा क्षेत्र के ही मुबारकपुर ग्राम के जूनियर हाई स्कूल में अध्यापक अध्यापिका है। जिन्होंने अपने बेटी की पढ़ाई से लेकर एमबीबीएस में एडमिशन तक पूर्ण रूप से योगदान दिया। इस मौके पर अकबरपुर ग्राम के पूर्व प्रधान नीलू गुप्ता ने बताया कि जिस प्रकार आकांक्षा ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में एडमिशन लेने तक का सफर किया है यह वाकई में क्षेत्र वासियों के लिए बहुत गौरव की बात है। वही नगर क्षेत्र की रहने वाली उजैफा खान के पिता इंडियन रेलवे में चीफ इंजीनियर पद पर कार्यरत है उन्होंने बताया कि उनकी बेटी पिछले 2 वर्ष से राजस्थान के कोटा शहर में रह करके इस महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी जिसके परिणाम स्वरूप उसमें इस वर्ष बेहतर सफलता हांसिल की तहसील क्षेत्र की इन दोनों होनहार बेटियों ने लहरपुर का एक बार फिर नाम रोशन कर दिया।

# भारत परिषद की मासिक बैठक में जन समस्याओं के निवारण पर चर्चा

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर भारत** परिषद की मासिक बैठक घुरामऊ बांग्ला स्थित कैम्प कार्यालय मे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के संयोजन मे रखी गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आकाश राय व सञ्चालन जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा ने की। बैठक का शुभारम्भ गणपति भगवान की पूजन अर्चन व पदाधिकारियो के स्वागत से हुआ। इसके उपरांत जन समस्याओ की एक लिस्ट बनायी गयी जिसको ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के मध्य रखा जाएगा, और आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गयी। इसी दौरान जिला अध्यक्ष आकाश राय ने पूर्वी नगर अध्यक्ष शुभित बाजपेयी को हप्ते में एक दिन अपनी टीम के साथ पूर्वी नगर के मोहल्लो में जाकर वहा की समस्या को संगठन के बीच लाने का आदेश पारित किया। इसी दौरान सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष द्वारा दिवांस शुक्ला को नगर उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। जिला उपाध्यक्ष व ज्ञापन प्रभारी राम कुमार कटियार ने पूर्व में दिए गए जन समस्याओ के ज्ञापन पर प्रसाशन द्वारा किए गए कार्यवाही को संगठन के बीच में रखा। बैठक के अंत में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष आकाश राय, जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव अजीत सक्सेना जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राम कुमार कटियार, जिला संगठन मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी कांत बाजपेयी, जिला मंत्री अंबरीष दीक्षित, जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, उपाध्यक्ष डॉ विकास चंद्र जैन, जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ संजय पाण्डेय, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शशीकला मिश्रा, सोशल मीडिया प्रमुख शिखा शर्मा, नगर अध्यक्ष शुभित बाजपाई, नगर उपाध्यक्ष दिवांश शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य राजेश शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।

संवेदनशील इलाकों में मुस्तैद दिखा प्रशासन......

# यूपी में हाईअलर्ट, सड़क पर उतरे डीएम-एसपी



संवाददाता। सीतापुर

**ज्ञानवापी मामले** में यूपी में अलर्ट के बाद सीतापुर के डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर में गश्त की। आपको बता दें कि वाराणसी में ज्ञानवापी मामले में आज सुनवाई होनी थी, जिसको लेकर सीतापुर के संवेदनशील इलाकों में खुद डीएम, एसपी ने जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शहर के पुराने सीतापुर जाकर डीएम एसपी ने हाल जाना, यहां पर सिटी स्टेशन, कोट चौराहा पर भारी पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। सीतापुर के चौराहों पर भी जगह-जगह टुकड़ियों में पुलिस बल सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर भ्रमण करता रहा। डीएम, एसपी ने खैराबाद का भी भ्रमण किया। इसी के साथ संवेदनशील इलाकों लहरपुर, महमूदाबाद, पैतेंपुर, मछरेहटा, बिसवां, जहांगीराबाद, हरगांव सहित अन्य जगहों पर भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। शान्ति व्यवस्था को लेकर लोगो से अपील करते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा।

# समस्या को लेकर अजय ने सीएमओ को सौंपा पत्र

● जिला अस्पताल के इमरजेन्सी में व्याप्त अव्यवस्था पर की शिकायत



संवाददाता। सीतापुर

**जिला अस्पताल** के इमरजेंसी वार्ड में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर दया फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय मिश्र दया ने एक शिकायती पत्र सीएमओ डॉ मधु गैरोला को सौंपा गया। सीएमओ ने शिकायती पत्र प्राप्त की जल्द ही निरीक्षण का उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस मौके पर दया फाउंडेशन सदस्य नईम अंसारी राज बघेल भोलू कश्यप मौजूद रहे।

## सीएचसी में बांटी गई दवाएं

सीएचसी कसमण्डा क्षेत्र के ग्रामपंचायत बेहणा बैकुण्ठपुर के मजरा बैकुण्ठपुर व अयोध्या पार्वती इन्टर कालेज बिगहिया मास्टरबाग में बुखार पीड़ितों को दवाएं बांटी गई। सीएचसी अधीक्षक कसमण्डा डाक्टर अरबिद बाजपेई को जानकरी मिलने पर उन्होंनें दोनो जगहों पर स्वास्थ्य टीमे भेजकर बुखार पीड़ितों का चिकित्सीय परीक्षण कराया और दवाएं वितरित कराई। इस मौके पर अयोध्या पार्वती इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य राजू यादव भाजपा शक्ति संयोजक अरविंद कुमार तिवारी राजकुमार मौर्य सालिक राम बीडीसी शिवनरायन मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत मानक के अनुरूप नहीं बन रही सड़क

●ग्रामीणों में आक्रोश जेई ने भी निरीक्षण में पाया मानकों का उल्लंघन



**निघासन.खीरी।** एक तरफ जहां योगी सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए दृ? संकल्पित नजर आ रही है। वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार भृष्टाचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मामला निघासन.सुकाली पुरवा मार्ग का है।प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत बन रही इस सड़क के निर्माण में ठेकेदार द्वारा निर्धारित मानकों की जमकर धज्जियां उ?ाई जा रही हैं। मानक के अनुरूप स?क न बनने पर ग्रामीणों ने प्रशासन से शिकायत की है। करोड़ों की लागत से बन रहे निघासन सुकाली पुरवा मार्ग के सम्बन्ध में ग्रामीणों ने बताया कि मानक के हिसाब से पत्थर भी नहीं पड़ा और पत्थर के ऊपर मौरंग की जगह बालू और मिट्टी वहीं से खोद कर डाल दी गयी है। ग्रमीणों की सूचना पर जेई अग्रज कुमार सिंह और जेई अंकेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया तो कार्य मानक विहीन पाया। इस पर तुरन्त जेई ने निर्देश दिया कि फिर से पत्थर खोद कर मानक के अनुसार कार्य किया जाए लेकिन अब देखना यह है कि कार्य दोबारा होगा या फिर उसी को पाट कर वैसे ही बना दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि यदि इस सड़क का सुधार नहीं हुआ तो हम लोग इकट्ठा होकर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी जी से मिलकर शिकायत करेंगे। इस दौरान भाजपा सेक्टर प्रभारी श्रवण लोधीए चुन्नालाल पप्पूए गुरु प्रसादए दातारामए राममूर्तिए उमेश कुमारए ध्रुव कुमारए मालिकराम व सुरेश कुमार सहित काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

## ब्लॉक ईसानगर में वृहद जागरूकता शिविर 14 सितंबर को : उपायुक्त उद्योग

**लखीमपुर खीरी।** उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद लखीमपुर.खीरी के आकांक्षात्मक विकास खण्ड ईसानगर के परिसर स्थित ब्लॉक सभागार में 14 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से एक दिवसीय बृहद् जागरूकता शिविर रोजगार स्वरोजगार सृजन हेतु मेले आयोजन उद्योग श्रम कौशल विकास आईटीआइ एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने सभी ईसानगर विकास खण्ड वासियों से अनुरोध करते हुए कहा कि रोजगारपरक कौशल विकास प्रशिक्षण एवं स्व.रोजगार एवं रोजगार सृजन हेतु मेले में प्रतिभाग करने का कष्ट करेंएजिससे उनकों स्वरोजगार परक प्रशिक्षण स्वरोजगार रोजगार सृजन हेतु समुचित परामर्श एवं मार्गदर्शन तथा अपेक्षित सहयोग उपलब्ध करा कर रोजगार सृजन कराया जाना सम्भव हो सके।

# जीजीआईसी में हुई सीएम अभ्युदय योजना पर कार्यशाला



**लखीमपुर खीरी।** समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में नगर के राजकीय कन्या इण्टर कालेज ;जीजीआईसीद्ध में सीएम अभ्युदय योजना के तहत संचालित नीट व जेईई कोचिंग कक्षाओं पर कार्यशाला आयोजित हुई।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने कहा कि सीएम अभ्युदय योजना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। योजना की जानकारी देते हुए बताया कि वह छात्र जो जनपद से बाहर जाकर अपनी आर्थिकध्सामाजिक स्थिति के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नही कर पाते हैए उन्ही के लिये जनपद में डायट लखीमपुर में सीएम अभ्युदय योजना संचालित की जा रही है।

डीएसडब्लूओ ने कहा कि महानिदेशकए उपाम वेंकेटेश्वर लू व डीएम द्वारा दिये निर्देशों के क्रम में स्कूल स्तर पर कार्यशाला व सेमिनार के माध्यम से छात्रों से प्रत्यक्ष अन्तक्रिया के माध्यम से नामांकन में वृद्धि एवं अधिकतम छात्रों तक लाभ पहुँचाया जाना उद्देश्य है। साथ ही छात्राओं को नामांकन हेतु नामांकन पत्र वितरित किए व निर्देश दिए कि प्रधानाचार्या कि संस्तुति के साथ अपने नामांकन पत्रए सभी शैक्षिक व अर्ह प्रमाणों सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करा दें। जीजीआईसी प्रधानाचार्या डॉ शालिनी दुबे ने भी छात्राओं को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रधानाचार्या ने डीएसडब्लूओ को भरोसा दिलाया कि वे विगत वर्षों में उत्तीर्ण हो छात्राओं को भी इस योजना के तहत प्रवेश हेतु प्रेरित करेंगी। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ शालिनी दुबेए शिक्षिकाएं अधीक्षक एवं प्रभारी योजना सहायक सौरभ कुमार उपस्थिति रहें।

# योग दिवस को सफल बनाने वाले हुए सम्मानित

**लखीमपुर खीरी।** जिला आयुष समिति के तत्वावधान में सोमवार को कलेक्ट्रेट में अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने वाले योग प्रशिक्षकोंए योग संस्थाओ का भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अध्यक्ष जिला आयुष समिति महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम संचालन सहज योग की जिला समन्वयक डॉ नमिता श्रीवास्तव ने किया। डीएम ने सीडीओ संग अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने में सराहनीय योगदान करने वाले योग प्रशिक्षकों योग वालंटियर्स सहित विभिन्न योग संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि सम्मानित होने वाले योग प्रशिक्षकोंए वॉलिंटियर्स एवं विभिन्न योग संस्थाओ के सराहनीय योगदान से जिले ने न केवल अपने लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन किया बल्कि बड़ी संख्या में करीब 18.50 लाख



जनपदवासियों की सहभागिता सुनिश्चित कराई। कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को निरंतर करते रहना चाहिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खीरी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन द्वारा प्राप्त सात लाख लोगों को योग से जोड़ने के लक्ष्य को जनपद ने योग सप्ताह में साढ़े अठ्ठारह लाख से अधिक लोगों को जोड़कर न केवल प्राप्त किया बल्कि प्रदेश में अपना तीसरा स्थान भी सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि डीएम के कुशल नेतृत्व में हासिल हुई। वही क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ विजय प्रकाश जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ सरोज कुमार, आयुष योग वेलनेस सेन्टर के योग प्रशिक्षक सहायक आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के योग प्रशिक्षक, वालंटियर्स के साथ विभिन्न योग संस्थाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## इनका हुआ सम्मान

गायत्री परिवार, पतंजलि, सहजयोग ब्रम्हाकुमारी आदि संस्थाओं के समन्वयक वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ विवेक वर्मा खालिदउल्ला आलोक अवस्थी रवींद्र कुमार सहित 70 योग प्रशिक्षक सहायक वॉलेंटियर्स योग प्रदर्शन टोली सदस्यों विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति देने वाले हाइम योग टीम के सदस्यों सहित योग निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं योग स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर हौसलाअफ्जाई की।

## वेदप्रकाष शास्त्री बने प्रदेश प्रवक्ता



**सीतापुर।** राष्ट्रीय लोकदल ने जनपद सीतापुर के मूल निवासी वेद प्रकाश शास्त्री को राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश का प्रवक्ता नियुक्त किया है। केंद्रीय कार्यालय द्वारा जारी प्रदेश मीडिया सेल की सूची में सुनील रोहटा को प्रदेश संयोजक बनाया गया है जबकि वेद प्रकाश शास्त्री सहित पंद्रह अन्य लोगों को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है । वेद प्रकाश शास्त्री के मनोनयन पर रालोद नेता आर पी सिंह चौहान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मनोनयन से दल को मजबूत करने में मदद मिलेगी । जिला सदस्यता प्रभारी राजकुमार मिश्र भोलानाथ वर्मा प्रशांत त्रिपाठी अमित शर्मा शरद पांडेय मिश्री लाल मोहम्मद उमर शांती देवी धर्मेश चौधरी गौरव यादव आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आश्रम के सरकारी हैण्डपम्प पर अवैध कब्जा

**सीतापुर ।** नैमिषारण्य तीर्थ स्थित नारदानन्द आश्रम परिसर में सरकारी हैण्डपम्प व सम्पर्क मार्ग पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए स्थानीय नागरिक ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है नारदानन्द आश्रम निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फरानू सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि आश्रम कथास्थल के प्रागढ में एक सरकारी हैण्डपम्प लगा हुआ है जिस पर स्थानीय निवासी मीनू तिवारी पत्नी विजय कुमार तिवारी आदि ने अपना निजी समरसेबिल सरकारी हैण्डपम्प की बोरिंग में डाल रखा है जिसके कारण हैण्डपम्प का इस्तमाल सार्वजनिक रूप से आने वाले भक्तगण नही कर पाते है इसके साथ ही इन्हीं लोगो ने अपने घर के सामने निकले सम्पर्क मार्ग के किनारे सीमेन्टेड तखत और ईंट खण्डन्जा आदि लगा रखी है जिससे शिवमंदिर के सामने गन्दा पानी भर जाता है जहां अपने जाने वाले लोगो को काफी दिक्कतो का समाना करना पड़ता है। इसकी शिकायत पहले भी कई बार स्थानीय प्रशासन से महेन्द्र द्वारा की गयी फिर भी कोई भी स्थलीय निरीक्षण व कार्यवाही प्रशासन नही की गयी जिसके चलते स्थानीय लोगो में रोष व्याप्त है।

# पेज एक का शेष

## ज्ञानवापीः श्रृंगार गौरी...

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने गत 20 मई को ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिंदू श्रद्धालुओं की याचिका को मामले की जटिलता के मद्देनजर वाराणसी के सिविल न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत से जिला न्यायाधीश, वाराणसी की अदालत में हस्तांतरित कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि अच्छा होगा यदि इस मामले की सुनवाई 25-30 वर्ष का अनुभव रखने वाले किसी वरिष्ठ न्यायाधीश से कराई जाए। कराने के आदेश दिए थे। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा था कि वह सिविल जज की योग्यता को कमतर नहीं आंक रही है, मगर इस मामले की पेचीदगी को देखते हुए यह बेहतर है कि कोई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी इस मामले की सुनवाई करे। इसके बाद इस मामले को जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश की अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया था। अदालत के निर्णय सुनाए जाने की संवेदनशीलता के मद्देनजर वाराणसी जिला प्रशासन ने धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी थी और सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे।

## ज्ञानवापी मामले में अगली...

काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का एक समग्र भौतिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय, वाराणसी की जिला अदालत में वर्ष 1991 में दायर मूल वाद की पोषणीयता पर सुनवाई कर रहा है। वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने मूल वाद की पोषणीयता को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि मूल वाद में उस जगह को प्राचीन मंदिर बहाल करने की मांग की गई है, जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद है। मुकदमे में दलील दी गई है कि उक्त मस्जिद वहां मौजूद मंदिर का हिस्सा है।

## डेयरी सेक्टर ग्रामीण ...

राज्य सरकारों के साथ मिलकर केंद्र सरकार इसे कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है। हमारे वैज्ञानिकों ने लंपी रोग की स्वदेशी वैक्सीन भी तैयार कर ली है। भारत में हम पशुओं के यूनिवर्सल वैक्सीनेशन पर भी जोर दे रहे हैं। समिट में 50 देशों के डेलिगेट्स, 800 किसानों समेत करीब 1500 प्रतिनिधि शामिल हुए।

## गोगरा-हॉट स्प्रिंग से...

पूर्वी लद्दाख में स्थित पेंगोंग त्सो झील के पास साल 2020 में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद पेट्रोलिंग पॉइंट-15 समेत अन्य चौकियों पर तनाव की स्थिति बन गई थी। इस मामले को सुलझाने के लिए राजनयिक और सैन्य स्तर पर बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में बीते 9 सितंबर को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि 12 सितंबर तक सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## कांग्रेस के ट्वीट...

बीते सात सितंबर को राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू हुई यात्रा इस समय केरल में है। इस ट्वीट को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी हिंसा के लिए उकसा रही है और उसकी यात्रा भारत तोड़ो यात्रा है। संघ के सह कार्यवाह मनमोहन वैद्य ने कहा कि कांग्रेस नफरत के जरिए लोगों को जोड़ना चाहती है। क्या आप नफरत के जरिए भारत को एकजुट कर सकते हैं? लंबे समय से उनके मन में हमारे लिए नफरत है। उनकी पिछली पीढ़ियों (बाप-दादा) ने भी संघ को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन हम बढ़ते रहे, क्योंकि हमें लोगों का समर्थन प्राप्त था। रायपुर में आरएसएस के तीन दिवसीय समन्वय बैठक के समापन के बाद वैद्य ने कहा कि समाज में हिंदुत्व को भारी समर्थन मिल रहा है। आक्रामक हमले की अगली कड़ी में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल ने हिंसा के लिए उकसाने का काम किया है। पार्टी हिंसा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने यहां तक कहा कि कांग्रेस ने केरल में आतंकवादियों को इशारा किया कि संघ के पदाधिकारियों को निशाना बनाया जाए। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस को यह ट्वीट तत्काल हटाना चाहिए। भारत की संवैधानिक व्यवस्था में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। पात्रा ने दावा किया कि कांग्रेस का आग से बहुत पुराना नाता है तथा उसके सत्ता में रहने के दौरान पंजाब को आग में झोंक दिया गया और 1984 में सिखों को जिंदा जला दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी अक्सर आग की बात करते हैं और पिछले दिनों उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में आरोप लगाया था कि भाजपा ने पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया है और सिर्फ एक चिंगारी से आग भड़क सकती है। पात्रा के अनुसार, अग्निपथ योजना के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान राहुल गांधी ने इसी तरह टिप्पणी की थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या आप राहुल देश में हिंसा चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि जो लोग भाजपा-आरएसएस की विचारधारा का अनुसरण करते हैं, वे जल जाएं?

उधर, भाजपा के आरोप पर पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जो लोग नफरत, कट्टरता और पूर्वाग्रह की चिंगारी भड़काते हैं, उन्हें इसका सामना करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। यदि भाजपा उसके खिलाफ आक्रामक होगी, तो कांग्रेस डबल आक्रामक हो जाएगी। रमेश ने दावा किया कि भारत जोड़ो यात्रा को जनता से मिले समर्थन से भाजपा घबरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नफरत और कट्टरता की राजनीति करती है तथा लोगों को जाति, धर्म, भाषा और प्रांत के आधार पर बांटने का काम करती है और अफवाहें फैलाती है। भाजपा की राजनीति तोड़ने की है, जोड़ने की नहीं। राहुल गांधी की टी-शर्ट पर उठे विवाद की ओर इशारा करते हुए रमेश ने पत्रकारों से कहा कि वह टी-शर्ट, अंडरवीयर और वेस्ट के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। भारत जोड़ो यात्रा महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ है। यदि भाजपा इससे इतर कंटेनर, जूते और टी-शर्ट को मुद्दे बनाती है तो यह दिखाता है कि वह डरी हुई है। झूठ की फैक्टरी चौबीसों घंटे चल रही है। भाजपा के साथ वार-पलटवार को लेकर पूछे गए सवाल पर जयराम रमेश ने कहा कि संघ और भाजपा दोनों ही कांग्रेस की ओर से आक्रामक जवाब के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन यदि वे आक्रामक होंगे तो हम दोगुने आक्रामक होंगे।

## अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति...

वहीं पिछले साल अगस्त में यह 3.11 प्रतिशत थी। सब्जी, मसालों, फुटवियर (जूता-चप्पल) और ईंधन तथा प्रकाश श्रेणी में कीमतों में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। हालांकि, अंडे के मामले में मुद्रास्फीति में गिरावट आई जबकि मांस और मछली जैसे प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों की कीमतें स्थिर रहीं। मुद्रास्फीति इस साल अप्रैल में 7.79 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। हालांकि, बाद में इसमें कमी आई और जुलाई में यह 6.71 प्रतिशत पर आ गई।

## गैंगस्टरों, आतंकियों और...

मुक्तसर, गुरदासपुर और गुरुग्राम में छापे मारे गए। मूसेवाला की हत्या के मामले की जांच पंजाब पुलिस कर रही है और इस मामले में अभी तक 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एनआईए ने गुरुग्राम के नाहरपुर रूपा गांव में कौशल चौधरी तथा उसके करीबी सहायक अमित डागर और संदीप के आवास पर छापे मारे। एनआईए दल के साथ स्थानीय पुलिसकर्मी भी थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, एनआईए का दल सुबह करीब साढ़े पांच बजे गुरुग्राम पहुंचा और नाहरपुर रूपा गांव में तीन स्थानों पर छापे मारे।

## सोनाली फोगाट मौत...

फोगाट उससे एक दिन पहले अपने दो सहयोगियों के साथ तटीय राज्य गोवा पहुंची थीं। जबकि फोगाट की मौत को हत्या का मामला माना जा रहा है। गोवा पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें फोगाट के दो सहयोगी सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह शामिल हैं। सोनाली फोगाट के भाई रिंकू फोगाट ने कहा कि हमारा परिवार शुरू से ही इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहा था। अब सीबीआई जांच से सच्चाई सामने आएगी। गौरतलब है कि रविवार को हिसार में सर्व जातीय खाप महापंचायत ने सरकार को पार्टी की नेता सोनाली फोगाट की मौत के मामले में 23 सितंबर तक सीबीआई जांच की सिफारिश करने को लेकर अल्टीमेटम दिया था।

## कुनो में चीतों को बसाने...

यहां से इन चीतों को हेलीकॉप्टर की मदद से कुनो राष्ट्रीय उद्यान में 40 से 42 मिनट में पहुंचा दिया जाएगा। कुनो राष्ट्रीय उद्यान में प्रधानमंत्री चार से छह साल उम्र के इन चीतों को एक छोटे बाड़े में छोड़ेंगे जो वहां करीब 30 दिनों तक पृथकवास में रहेंगे। उन्होंने बताया कि कुनो राष्ट्रीय उद्यान में दोबारा चीतों को बसाने के लिए आवश्यक चरागाह, रिहायश, बांस, दलदली भूमि, नदियां और शिकार जैसी सुविधाएं नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 10 गुना बेहतर हैं। बीमारियों से बचने के लिए यहां जंगली कुत्तों का टीकाकरण कर दिया गया है। नए मेहमानों की अगवानी के लिए पूरे इलाके को सेनेटाइज कर दिया गया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने रविवार को ही यहां स्वयं दौरा कर इस महत्वकांक्षी परियोजना की तैयारियों का जायजा लिया। भारत में वर्ष 1952 में चीते को विलुप्त घोषित कर दिया गया था और देश में आखिरी बार चीता 1948 में मौजूदा छत्तीसगढ़ के कोरेया स्थित साल के जंगलों में मृत मिला था। केंद्र सरकार अगले पांच साल में 50 अफ्रीकन चीते यहां लाना चाहती है। दुनियाभर में मौजूद लगभग 7000 चीतों में से एक तिहाई नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका में हैं।

# टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की रिश्तेदार मेनका गंभीर ईडी के समक्ष पेश हुईं

**भाषा।** कोलकाता




**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी की रिश्तेदार मेनका गंभीर कथित कोयला घोटाला मामले के संबंध में पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने गंभीर को भूलवश सोमवार को दोपहर साढ़े 12 बजे के बजाय रविवार देर रात साढ़े 12 बजे पेश होने का नोटिस जारी कर दिया था, जिसके बाद उन्हें दोपहर दो बजे तक पेश होने के लिए नया समन जारी किया गया।

गंभीर पहले के समन के अनुसार देर रात करीब 12 बजकर 40 मिनट पर सॉल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी के कार्यालय पर पहुंच गई थीं लेकिन उन्हें वहां ताला लगा मिला। सूत्रों ने बताया कि नीले रंग का कुर्ता पहने हुए गंभीर ईडी कार्यालय पहुंचीं और उन्हें वहां ताला लगा मिला था, जिसके बाद वह वहां एक तस्वीर खिंचवाकर लौट गईं। बाद में एजेंसी ने नोटिस में दिए समय को टंकण की त्रुटि बताया। गंभीर अपने वकील के साथ ईडी कार्यालय पहुंची थीं। गंभीर को 10 सितंबर को कोलकाता हवाई अड्डे पर ईडी के अधिकारियों ने रविवार देर रात साढ़े 12 बजे यहां एजेंसी के कार्यालय में पेश होने का नोटिस सौंपा था। उन्होंने कथित कोयला घोटाला मामले में उनसे पूछताछ करने की जरूरत का हवाला देते हुए उन्हें विदेश जाने वाली उड़ान में सवार होने से रोक दिया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अगस्त में ईडी को दिल्ली के बजाय कोलकाता में अपने क्षेत्रीय कार्यालय में गंभीर से पूछताछ करने का निर्देश दिया था। साथ ही उसने मामले पर सुनवाई की अगली तारीख तक गंभीर के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई न करने का भी निर्देश दिया था। गंभीर ने ईडी के समन को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि उन्हें कथित कोयला घोटाला मामले के संबंध में पांच सितंबर को दिल्ली में पेश होने के लिए कहा गया और उन्होंने अदालत से एजेंसी को कोलकाता में पूछताछ करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। ईडी ने पहले इस मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तथा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी तथा उनकी पत्नी रुजिरा से पूछताछ की थी।

## असम में भाजपा के सत्ता में लौटने के बाद से 4,449 परिवारों को हटाया गया

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम विधानसभा** को सोमवार को यह जानकारी दी गई कि पिछले साल मई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के प्रभार संभालने के बाद से कथित अतिक्रमण को लेकर राज्य में कुल 4,449 परिवारों को इस जमीन से हटाया गया। यह पूछे जाने पर कि हटाए गए परिवार भारतीय थे या विदेशी , मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सरकार ने उनकी नागरिकता की कोई जांच नहीं की है। बांग्लादेश की सीमा से लगे पूर्वोत्तर के इस राज्य में अवैध प्रवास का आरोप राजनीतिक विमर्श का एक अहम हिस्सा है। कांग्रेस के विधायक शेरमन अली अहमद के एक सवाल के जवाब में शर्मा ने कहा कि नई सरकार ने अब तक 4,449 परिवारों को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात से भी अवगत नहीं है कि क्या सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने वाले ए लोग भू-क्षरण के कारण बेघर हुए थे।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल कार्यवाही पर रोक लगाई

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल द्वारा शुरू की गई कार्यवाही पर रोक लगा दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के आधार पर यह कार्यवाही शुरू हुई थी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने कहा कि मामले की विचारणीयता के संबंध में 75 वर्षीय नेता द्वारा उठाई गई आपत्ति पर भ्रष्टाचार-रोधी प्राधिकरण ने ध्यान नहीं दिया।

न्यायमूर्ति ने कहा, मामले की सुनवाई की अगली तारीख तक, लोकायुक्त के समक्ष लंबित कार्यवाही पर रोक रहेगी। याचिकाकर्ता द्वारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र को चुनौती दिए जाने पर ना ही कोई जवाब दिया गया और ना ही (प्राधिकरण द्वारा) इससे निपटा गया। सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने उनके मुवक्किल के खिलाफ शिकायत के साथ-साथ लोकपाल की कार्यवाही का विरोध किया और तर्क दिया कि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के मद्देनजर कार्यवाही कानून सम्मत नहीं है और अधिकार क्षेत्र के बाहर है। अगस्त 2020 में अपनी शिकायत में भाजपा नेता दुबे ने आरोप लगाया था कि जनता के पैसे का दुरुपयोग कर और भारी भ्रष्टाचार में संलिप्त शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने अकूत धन एवं संपत्ति अर्जित की। शिकायत को स्वीकार करते हुए लोकायुक्त ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शिकायत की प्रारंभिक जांच करने और अपनी रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था। लोकपाल ने चार अगस्त के अपने आदेश में शिकायत की विचारणीयता के संबंध में आपत्तियों पर विचार किए बिना मामले को आगे बढ़ाने का फैसला किया। इसके साथ ही लोकायुक्त ने यह निर्धारित करने के लिए कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया कि क्या याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्वाई के लिए प्रथम दृष्टया मामला बनता है। वकील पल्लवी लांगर और वैभव तोमर के माध्यम से दायर याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया कि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित है। इस मामले में अगली सुनवाई 14 दिसंबर को होगी।

# धोखाधड़ी मामले में मध्य प्रदेश ईओडब्ल्यू ने बिशप को नागपुर हवाईअड्डे से हिरासत में लिया

**● अनियमितताओं की शिकायत के आधार पर आठ सितंबर को ईओडब्ल्यू ने जबलपुर स्थित उनके निवास पर छापा मारा था**

**भाषा।** जबलपुर (मप्र)

**मध्य प्रदेश** आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जबलपुर स्थित बोर्ड ऑफ एजुकेशन चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के चेयरमैन-सह-बिशप पी सी सिंह को धोखाधड़ी करने के मामले में सोमवार को महाराष्ट्र के नागपुर हवाईअड्डे से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बिशप के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायत के आधार पर आठ सितंबर को ईओडब्ल्यू ने जबलपुर स्थित उनके निवास पर छापा मारा था। छापे में ट्रस्ट की संस्थाओं की लीज में धोखाधड़ी, टैक्स ना चुकाने जैसे कृत्य और 17 संपत्ति के दस्तावेज, 48 बैंक खाते, 1.65 करोड़ रुपए नकद राशि, 18,342 अमेरिकी डॉलर और 118 पौंड का पता चला। साथ ही आठ चार पहिया वाहन बरामद हुए। छापे वाले दिन सिंह जर्मनी में थे। ईओडब्ल्यू के पुलिस अधीक्षक (एसपी) देवेंद्र सिंह राजपूत ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ईओडब्ल्यू ने विदेश से लौटने पर सिंह की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) सहित विभिन्न एजेंसियों की मदद ली। उन्होंने कहा, सिंह को उनके खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए नागपुर हवाईअड्डे से हिरासत में लिया गया। अधिकारी ने बताया कि ईओडब्ल्यू ने पिछले महीने बिशप सिंह के खिलाफ एक शिकायत के बाद मामला दर्ज किया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि वह बोर्ड ऑफ एजुकेशन चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया में वित्तीय गड़बड़ियां करने एवं धोखाधड़ी में लिप्त है, जिसके वह चेयरमैन हैं। ईओडब्ल्यू द्वारा बिशप के निवास एवं कार्यालय पर छापे में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां और धोखाधड़ी की बात सामने आने के एक दिन बाद राजय के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि धर्म के नाम पर धर्मांतरण या गैरकानूनी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं होंगी और इस संस्था की अनिमितताओं और गतिविधियों की जांच ईओडब्ल्यू करेगा। उन्होंने कहा था, इस छापे में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां और धोखाधड़ी की बात सामने आई है। राज्य प्रशासन इस बात की जांच कराएगा कि धन का उपयोग कहीं गैर-कानूनी कामों में तो नहीं किया जा रहा था।



शंकराचार्य स्वरुपानंद को भू समाधि देने से पहले उनके पार्थिव शरीर का संस्कार विधि कराई गई

## क्विक न्यूज

### अरुणाचल प्रदेश से अगवा चार लड़कियों को असम में मुक्त कराया गया

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने असम के गुवाहाटी में एक लॉज से चार अपहृत लड़कियों को मुक्त कराया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश पुलिस के कर्मियों ने असम के पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर रविवार को एक संयुक्त अभियान में नाबालिगों को मुक्त कराया और एक महिला को गिरफ्तार किया, जो मुख्य संदिग्ध है। आठ सितंबर को अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के दीयुन पुलिस थाना को मनाभूम इलाके से चार लड़कियों के लापता होने की शिकायत मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने जांच शुरू की और लड़कियों की लोकेशन का पता लगाया। उन्होंने कहा कि चांगलांग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मिहिन गैम्बो ने असम पुलिस के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजीपी) प्रशांत चांगमई और दिसपुर के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुधाकर सिंह के साथ समन्वय कर लापता नाबालिगों के सटीक ठिकाने का पता लगाया। पुलिस ने कहा कि बाल कल्याण समिति चांगलांग के माध्यम से मुक्त कराई गई बालिकाओं को कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने और आवश्यक काउंसेलिंग के बाद उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया।

### तमिलनाडु ने फ्रांस के नागरिक के घर से 20 प्राचीन कलाकृतियों को जब्त किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु मूर्ति शाखा सीआईडी ने प्राचीन मूर्तियों को देश से बाहर ले जाने की कोशिश को नाकाम कर दिया और ओरोविले में फ्रांस के एक नागरिक के घर से 20 कलाकृतियों को जब्त किया है जिनमें मूर्तियां भी शामिल हैं। सूचना मिली की कि हस्तशिल्प की दुकान तमिलनाडु से संबंधित चोरी की प्राचीन कलाकृतियों का अवैध रूप से सौदा करती है। इसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट से आदेश लेने के बाद निरीक्षक इंदिरा के नेतृत्व में 11 सितंबर को मूर्ति शाखा ने दुकान की तलाश ली। दुकान की तलाशी के दौरान 20 प्राचीन वस्तुओं से संबंधित दस्तावेज़ मिले और डीलर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की मंजूरी हासिल कर इन कृलाकृतियों को तस्करी के जरिए फ्रांस भेजने के लिए फ्रांसीसी नागरिक की मदद करने की कोशिश में था। एक विज्ञप्ति में यहां बताया गया कि जब्त दस्तावेज़ों पर मौजूद पते के आधार पर मूर्ति शाखा ने फ्रांसीसी नागरिक के ओरोविले में स्थित घर की तलाशी ली और पत्थर की 13 मूर्तियां, धातु की चार प्रतिमाएं समेत 20 कलाकृतियों को जब्त किया। एक लकड़ी की कलाकृति, एक पेंटिंग और एक टेराकोटा कलाकृति भी जब्त की गई है। फ्रांसीसी नागरिक ने कलाकृतियों को फ्रांस ले जाने की योजना बनाई थी, लेकिन ऐसा नही कर सका क्योंकि एएसआई उनकी जांच करने पर उन्हें देश से बाहर ले जाने से मना कर दिया। एएसआई को यह शक हुआ कि ए प्राचीन वस्तुएं हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि फ्रांस का यह नागरिक यहां उसके घर की तलाशी के दौरान अपने देश में था। इस बाबत मामला दर्ज कर लिया गया है। भगवान गणेश, विष्णु, पार्वती, अय्यप्पन, हनुमान और मुरुगन की जब्त मूर्तियों को कुंभकोणम में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

### चंपावत के उपजिलाधिकारी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**चंपावत।** उत्तराखंड के चंपावत जिले मे उपजिलाधिकारी, सदर अनिल चन्याल लापता हो गए है। कोतवाली चंपावत मे गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस, एसओजी और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की तीन टीमें चन्याल की खोज में जुट गई हैं। उधर कुमाऊंके आयुक्त दीपक रावत ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी नरेंद्र भंडारी को सर्विलांस और सीसीटीवी सहित अन्य माध्यमों से उपजिलाधिकारी की तलाश के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पीचा ने बताया कि उपजिलाधिकारी, सदर के साथ सुरक्षा ड्यूटी मे तैनात होमगार्ड रमेश राम ने कोतवाली मे दी तहरीर मे कहा है कि शनिवार शाम उपजिलाधिकारी ने उनसे और वाहन चालक को जाने के लिए और सोमवार को आने को कहा था। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मी जब सुबह उनके घर पहुंचा तो उसे ताला लगा मिला, मोबाइल फोन से संपर्क करने पर वह भी बंद मिला। इस पर उसने इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारी को दी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी मे जब चन्याल के आवास का ताला तोड़ा गया तो वहां सब कुछ सामान्य था अलबत्ता उनका फोन मेज पर रखा था और उसके साथ एक पर्ची थी जिसपर लिखा था कि इसे जिलाधिकारी के यहां जमा करा देना। इसके बाद सुरक्षा कर्मी की ओर से गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। सूत्रों के अनुसार, उपजिलाधिकारी पिछले कुछ दिनो से तनाव मे थे और 15 दिन के अवकाश पर जाना चाहते थे, लेकिन दैवीय आपदा के चलते प्र्प्रदेश मे अवकाश लेने पर रोक लगी थी।

## जम्मू-कश्मीर ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां पर लोगों के पास कोई अधिकार नहीं है : महबूबा

**भाषा।** जम्मू

**पीपुल्स डेमोक्रेटिक** पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में कथित तौर पर जन असंतोष को लेकर उप राज्यपाल प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश आज ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां पर लोगों के पास न तो कोई अधिकार है और न ही उनकी शिकायतों को उठाने के लिए कोई मंच। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए कश्मीरी पंडितों की पीड़ा और उनकी परेशानी को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। महबूबा ने जम्मू क्षेत्र के दूसरे दिन के दौरे के दौरान विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात के वक्त कहा, लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है जबकि उप राज्यपाल का प्रशासन अपनी फर्जी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने में व्यस्त है ताकि भाजपा ने जो जम्मू-कश्मीर के साथ किया है उसे उचित ठहराया जा सके। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि लालफीताशाही, जड़ता और जन आक्रोश के कारण प्रशासन ने आम लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया। उन्होंने कहा, इसका नतीजा है कि जम्मू-कश्मीर आज ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां पर नागरिकों को न तो अधिकार है और न ही अपनी शिकायतों को उठाने का कोई मंच। कश्मीरी प्रवासी कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान महबूबा ने कहा कि भाजपा और उसके प्रशासन ने राजनीतिक उद्देश्य के लिए समुदाय(कश्मीरी पंडित) के दर्द और परेशानियों को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया है और उनके मुद्दों व शिकायतों की अनदेखी की। महबूबा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पलायन के बाद गत कुछ सालों में समुदाय ने अपना सबसे बुरा समय उस शासन के तहत देखा जिसने अपने स्वयं के सांप्रदायिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पीड़ाओं का अपराधीकरण और परेशानियों का राजनीतिकरण किया उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन अब भी कश्मीरी प्रवासी समुदाय में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने में बुरी तरह से विफल रहा है।

# जदयू नेता और मंत्री लेशी सिंह ने पार्टी विधायक भारती को भेजा मानहानि का नोटिस

**भाषा।** पटना

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) अपनी दो महिला विधायकों के बीच अनबन को लेकर असमंजस में है, जिनमें से एक विधायक मंत्री हैं। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग रखने वालीं लेशी सिंह ने पार्टी सहयोगी बीमा भारती, जिन्होंने उनके खिलाफ सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए थे, को मानहानि का नोटिस भेजा है।

जदयू की दोनों विधायक पूर्णिया जिले में पड़ने वाली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं और दोनों की शादी अपने-अपने इलाके के बाहुबली से हुई। हालांकि, लेशी के पति बूटन की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी। पूर्व मंत्री भारती के पति अवधेश मंडल एक हिस्ट्रीशीटर हैं। भारती ने पिछले महीने लेशी को मंत्रिमंडल में फिर से शामिल किए जाने को लेकर मीडिया के समक्ष अपनी बात रखी थी, जब पार्टी के शीर्ष नेता नीतीश ने भाजपा से नाता तोडकर प्रदेश में नई महागठबंधन सरकार बनाई थी। लेशी द्वारा भिजवाए गए नोटिस में हर्जाने के तौर पर पांच करोड़ रुपए की मांग किए जाने की पुष्टि करते हुए भारती ने कहा, मैं कानूनी उपायों का सहारा लूंगी, लेकिन मेरा मानना है कि लेशी सिंह आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं। भारती की नाराजगी को मुख्यमंत्री ने अस्वीकार कर दिया था, लेकिन भाजपा मौका ढूंढ़ रही है। प्रदेश में सत्ता से बाहर हो चुकी भाजपा के अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव निखिल आनंद ने ट्वीट कर कहा कि वर्तमान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी पूर्व में लेशी सिंह के खिलाफ आरोप लगा चुके हैं। भाजपा की राज्य इकाई के प्रवक्ता आनंद ने यह भी आरोप लगाया कि भारती को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह एक अत्यंत पिछड़ा वर्ग से आती हैं। इस बीच लेशी सिंह ने उनकी ओर से भेजे गए नोटिस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया पर यह जरूर कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को इस मुद्दे के बारे में बताया है। लेशी ने कहा कि वह उनके (भारती) के खिलाफ कोई दुर्भावना नहीं रखती हैं, पर अगर वे रखती हैं तो यह उनकी समस्या है। जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्रिमंडल सहयोगी विजय कुमार चौधरी ने कहा, उनके बीच कुछ व्यक्तिगत मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन दोनों जदयू की कार्यकर्ता हैं। कोई गंभीर समस्या नहीं है।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सरकार से भर्ती घोटाले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी

**नैनीताल (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को राज्य सरकार को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नियुक्तियों में की गई कथित अनियमितताओं पर 21 सितंबर से पहले विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा। खटीमा से कांग्रेस विधायक भुवन चंद्र कापड़ी द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने ए निर्देश जारी किए। कापड़ी ने याचिका में मामले की सीबीआई से जांच कराए जाने की प्रार्थना की है। रिपोर्ट में राज्य सरकार को यह विस्तार से बताने को कहा गया है कि चयन आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं और पदों पर नियुक्तियों में कैसे अनियमितताएं हुईं। पिछली सुनवाई में अदालत में याचिकाकर्ता से यह स्पष्ट करने को कहा गया था कि वह मामले की सीबीआई जांच क्यों चाहते हैं, जबकि इसकी तफ्तीश पहले से ही विशेष कार्यबल (एसटीएफ) कर रहा है। अदालत ने कापड़ी से उनकी याचिका को सुने जाने के अधिकार के बारे में भी स्पष्टीकरण मांगा था। याचिका में कहा गया है कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने शिक्षा, पुलिस,वन और ग्राम्य विकास समेत कई विभागों में नियुक्तियां की हैं और हाल में स्नातक स्तरीय परीक्षाओं में सामने आए घोटाले के आलोक में इनकी भी जांच की जानी चाहिए। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कई प्रभावशाली व्यक्तियों की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ता ने कहा है कि मामले की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए।

## माकपा ने भारत जोड़ो यात्रा की आलोचना की

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इस यात्रा के तहत उसके शासन वाले केरल में 18 दिन बिताना और भारतीय जनता पार्टी के शासन वाले उत्तर प्रदेश में दो दिन बिताना भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लड़ने का अजीबो-गरीब तरीका है। इस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि माकपा केरल में भाजपा की ए टीम है। माकपा ने राहुल गांधी की एक तस्वीर के साथ ट्वीट किया, भारत जोड़ो या सीट जोड़ो। केरल में 18 दिन...उत्तर प्रदेश में दो दिन। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पलटवार करते हुए कहा, अपना होमवर्क बेहतर करिए और यह जानिए कि इस यात्रा की योजना इस तरह से क्यों बनी। एक पार्टी से तुच्छ आलोचना हो रही है, जो भाजपा की ए टीम है।

# अपनी पार्टी से नाखुश नहीं हूं : अजित पवार

**भाषा।** मुंबई



**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार ने सोमवार को कहा कि वह अपनी पार्टी से नाखुश नहीं हैं और ना ही पार्टी ने उन्हें नजरअंदाज किया है। दिल्ली में रविवार को हुई राकांपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान अजित पवार मंच से उठकर चले गए थे, इस मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया ने मामले को बेवजह तूल दिया। राकांपा नेता ने कहा कि वह केवल कुछ देर के लिए प्रसाधन (वॉशरूम) गए थे।

बारामती से विधायक पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मेरी पार्टी ने कभी मुझे नजरअंदाज नहीं किया। मैं पार्टी नेतृत्व से नाराज या निराश नहीं हूं। पार्टी ने मुझे प्रमुख पद दिए। मुझे उप मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष (विधानसभा में) बनाया गया। रविवार को कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा अजित पवार के संबोधित किए जाने की मांग के बीच वह मंच से उठकर चले गए थे। इससे यह अटकलें लगाई गईं कि राकांपा प्रमुख शरद पवार के भतीजे अजित और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल के बीच शीत युद्ध चल रहा है। इस तरह की अटकलों को खारिज करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, मैं सुबह से ही मंच पर बैठा था। एक इंसान के लिए प्रसाधन जाने की आवश्यकता महसूस होना स्वाभाविक है। लेकिन, मीडिया ने इसे बेवजह तूल दिया।

# कर्नाटक का अगला विस चुनाव जद (एस) के लिए अग्निपरीक्षा की तरहः कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु



**जनता दल** (सेकुलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने कहा है कि 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव उनकी पार्टी के लिए अग्निपरीक्षा की तरह होंगे और इसके परिणामों का उसके राजनीतिक भविष्य पर अगले 20-25 तक असर रहेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी अपने बेटे और जद (एस) युवा इकाई के प्रमुख निखिल कुमारस्वामी के हाल में दिए गए एक बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। निखिल ने एक तरह से अपने बयान में संकेत दिया था कि आगामी विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए आखिरी चुनाव होगा। एच डी कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा, मैंने खुद कई बार कहा है कि 2023 के विधानसभा चुनाव जद (एस) के लिए अग्निपरीक्षा की तरह हैं और इस चुनाव के परिणाम का अगले 20-25 साल तक उनकी पार्टी के राजनीतिक भविष्य पर असर रहेगा। इसलिए यह चुनाव अहम है। यही निखिल कुमारस्वामी ने कहा था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हम दोनों ने कई बार इस बारे में चर्चा की है कि 2023 का चुनाव हमारे लिए बड़ी चुनौती है और यदि कुछ अनपेक्षित होता है तो इसका पार्टी के भविष्य पर असर पड़ेगा। इसलिए इसे चुनौती के रूप में लिया जाना चाहिए तथा अगले 25 साल के लिए नए पुनर्गठन के साथ पार्टी की मजबूत आधारशिला रखी जानी चाहिए। उनका (निखिल का) बयान उस संदर्भ में था और इसका और कोई मतलब निकालने की कोई जरूरत नहीं है। निखिल ने हाल में तुमकुरु में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपने दादा एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा की उम्र तथा उनके पिछले दो-तीन महीने से जनता के बीच नहीं दिखने का उल्लेख करते हुए कहा था, मैं कहना चाहता हूं कि देवगौड़ा हमारे साथ सैकड़ों साल तक रहेंगे, लेकिन 2023 का चुनाव एक तरह से हमारे लिए आखिरी है और इसे इस तरह समझा जाए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यहां से जद (एस) के लिए अगले 25 साल के लिहाज से नया अध्याय शुरू होना चाहिए। जद (एस) ने अगले साल मार्च-अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुल 224 सीटों में से कम से कम 123 पर जीतने का लक्ष्य तय किया है।

## लोगों व किसानों की आवाज बनने के केसीआर के प्रयास का समर्थन करेंगेः कुमारस्वामी

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) नेता एच. डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर लोगों और किसानों की आवाज बनने के तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव के प्रयास को सहयोग देने का आश्वासन दिया है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने एक दिन पहले ही हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री राव से मुलाकात की थी। राव ने रविवार को ही घोषणा की कि कि वह समाज के विभिन्न वर्गों के साथ और अधिक चर्चा करने के बाद वह एक राष्ट्रीय पार्टी का गठन करेंगे। कुमारस्वामी ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, "यह तीसरे मोर्चे का सवाल नहीं है, इस देश के मुद्दों के समाधान के संबंध में राव के अपने विचार हैं। हमने कल लगभग तीन घंटे चर्चा की थी। किसान समुदाय और देश के सात प्रमुख शहरों के बारे में उनकी अपनी अवधारणा है तथा राष्ट्रीय स्तर पर उसे लागू करने के बारे में उनकी अपनी सोच है।

उन्होंने कहा कि राव ने अपने प्रयास में जद (एस) से सहयोग मांगा है। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पुत्र कुमारस्वामी ने कहा, "एक छोटी पार्टी के रूप में हम जो अनुभव साझा करते हैं, उनके आधार पर, मैंने किसानों और देश के लोगों के मुद्दों के लिए हर प्रकार से सहयोग देने और उनके साथ हाथ मिलाने का आश्वासन दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस का एक राष्ट्रीय विकल्प मुहैया करने की कोशिश कर रहे राव ने कहा था कि टीआरएस विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा जारी रख कर वैकल्पिक राष्ट्रीय एजेंडे पर आम सहमति पर पहुंचेगी।

# भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का मजबूत दावेदार : जयशंकर

भाष। रियाद



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का मजबूत दावेदार है। साथ ही उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद को न केवल अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा कायम रखने के अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बल्कि प्रासंगिक बने रहने के लिए भी बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुकूल होना चाहिए।
जयशंकर विदेश मंत्री के तौर पर सऊदी अरब की अपनी पहली यात्रा पर हैं।विदेश मंत्री ने कहा कि भारत काफी समय से सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रयासों में सबसे आगे रहा है और परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हकदार है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद वर्तमान स्वरूप में 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं करती। जयशंकर ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर व्यापक वैश्विक सहमति है, खासकर इसलिए क्योंकि यह निकाय दुनिया की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद का विस्तार न केवल भारत बल्कि अन्य गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों के भी पक्ष में है। उन्होंने सऊदी गजट समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में कहा, भारत सबसे बड़े लोकतंत्र, पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, परमाणु शक्ति संपन्न, प्रौद्योगिकी केंद्र और वैश्विक संपर्क की परंपरा वाले देश के रूप में सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का मजबूत दावेदार है। परिषद को न केवल अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, बल्कि प्रासंगिक बने रहने के लिए भी बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुकूल होना चाहिए। जयशंकर दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में यह सऊदी अरब की उनकी पहली यात्रा है। उन्होंने रविवार को सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक लिखित संदेश उन्हें सौंपा। साथ ही उन्होंने युवराज को द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति से अवगत कराया।

## हम यह जानकर खुश हैं कि दादी और दादा का पुनर्मिलन हो गया है : प्रिंस हैरी

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के प्रिंस** हैरी ने सोमवार को पहली बार अपनी दादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी अच्छी सलाह और मनमोहक मुस्कान को याद किया और कहा कि उन्हें यह जानकर तसल्ली मिली है कि उनका उनके दादा प्रिंस फिलिप से पुनर्मिलन हो गया है। गौरतलब है कि हैरी दो साल पहले शाही परिवार से अलग होकर अमेरिका में बस गए। उन्होंने शनिवार को अपनी पत्नी मेगन तथा अपने भाई प्रिंस विलियम और भाभी कैथरीन के साथ विंडसर कैसल के बाहर शोकाकुल लोगों से मुलाकात की। हैरी ने अपनी आर्चवेल वेबसाइट पर एक बयान में लिखा, अपनी दादी महामहिम महारानी के जीवन का जश्न और उन्हें खोने का दुख..... हमें याद है कि उन्होंने सेवा तथा कर्तव्य के पथ पर आगे बढ़ते हुए असंख्य लोगों का मार्गदर्शन किया। दुनियाभर में उनकी सराहना तथा सम्मान किया जाता है। उन्होंने अपनी बात यह कहते हुए खत्म की, सेवा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता के लिए शुक्रिया। आपकी अच्छी सलाह के लिए शुक्रिया। आपकी मनमोहक मुस्कान के लिए आपका शुक्रिया। हम भी यह जानकर मुस्कुराते हैं कि आप और दादा अब फिर से मिल गए हो और दोनों शांति में हो। हैरी ने महाराज चार्ल्स तृतीय के रूप में अपने पिता की नई भूमिका की भी सराहना की। स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में महारानी के निधन के एक दिन बाद शुक्रवार को देश को दिए अपने पहले संबोधन में महाराज चार्ल्स ने प्रिंस हैरी तथा मेगन के लिए अपने प्रेम को व्यक्त किया था। दरअसल, ऐसी खबरें थीं कि शाही परिवार से अलग होने के बाद पिता और पुत्र के बीच तनाव है। अपने बयान में 37 वर्षीय हैरी ने महारानी से अपने जुड़ाव की बात की। उन्होंने कहा, उनका अतुलनीय गरिमापूर्ण व्यक्तित्व पूरी जिंदगी कायम रहा और अब उनकी चिरस्थाई विरासत।

## चीन के राष्ट्रपति एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जाएंगे

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग पिछले दो साल मे पहली बार इस सप्ताह देश से बाहर कजाकिस्तान की यात्रा करेंगे और उज्बेकिस्तान मे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन मे भाग लेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने एक संक्षिप्त बयान मे बताया कि शी समरकंद शहर मे एससीओ के राष्ट्राध्यक्षो की परिषद की 22वी बैठक मे भाग लेंगे और 14 से 16 सितंबर तक कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान की यात्रा करेंगे। शी 14 सितंबर को कजाकिस्तान का दौरा करेंगे, जो जनवरी 2020 के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। शी ने आखिरी बार 17-18 जनवरी, 2020 को म्यांमा का दौरा किया था। म्यांमा से वापसी के कुछ ही दिनो बाद, चीन ने वुहान मे कोरोना वायरस के बड़े पैमाने पर प्रकोप की घोषणा की। बाद मे यह वैश्विक महामारी मे बदल गया, जिसके परिणामस्वरूप दुनिया भर मे लाखो लोगो की मौत हुई। तब से, शी (69) चीन से बाहर नही गए है और डिजिटल तरीके से वैश्विक कार्यक्रमो मे भाग लेते रहे है। कजाकिस्तान के बाद शी पड़ोसी उज्बेकिस्तान की यात्रा करेंगे, जहां एससीओ शिखर सम्मेलन 15-16 सितंबर को होने वाला है।

## आईएस आतंकवादियों ने पूर्वी सीरिया में अमेरिका समर्थित छह लड़ाकों को मार गिराया

**बेरूत।** इस्लामिक स्टेट समूह ने सोमवार को पूर्वी सीरिया मे अमेरिका समर्थित छह सीरियाई लड़ाको को मार गिराया। आईएस ने कहा कि हत्या चरमपंथी समूह के परिवार के सदस्यो के आवासीय शिविर के अंदर चल रहे एक अभियान के प्रतिशोध मे की गई थी। आईएस से संबंधित अमाक समाचार एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया, जिसमे कुर्द नेतृत्व वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स (एसडीएफ) के छह सदस्यों को स्वैश के पूर्वी गांव के पास रविवार देर रात गोली मारते हुए दिखाया गया। 2019 मे सीरिया मे अपनी हार के बाद आईएस ने अपने लड़ाको को नियंत्रित करने वाली जमीन का आखिरी हिस्सा भी खो दिया। लेकिन आतंकवादियो के स्लीपर सेल ने सीरिया और इराक मे घातक हमले करना जारी रखा जहां एक समय मे दोनो देशो के बड़े हिस्से पर उसका कब्जा था। विवार को यह हमला इराक की सीमा के निकट सीरिया के पूर्वी प्रांत दीर अल-ज़ौर मे हुआ। पिछले सप्ताह, अमेरिकी सेना ने कहा था कि एसडीएफ लड़ाको ने दर्जनो आईएस आतंकवादियो को गिरफ्तार किया और चार महिलाओं को बचाया, जिन्हे आईएस परिवारो के अल-होल शिविर मे एक तंबू के अंदर जंजीरो मे बांध कर रखा गया था।

## 75 भारतीय-अमेरिकी संगठन यूएस कैपिटल में आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे

**वाशिंगटन।** भारत की आजादी की 75वी वर्षगांठ के मौके पर 75 भारतीय-अमेरिकी संगठनो ने 14 सितंबर से यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) मे आजादी का अमृत महोत्सव मनाने की घोषणा की है। यूएस-इंडिया रिलेशनशिप काउंसिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और आयोजन समिति के अध्यक्ष जशवंत पटेल ने कहा, यह अनूठा यूएस कैपिटल कार्यक्रम भारत की आजादी के उत्सव मे एक प्रतीक होगा, जो 75 संगठनों को एक साथ लाएगा और भारत की अनूठी संस्कृति और विविधता का प्रदर्शन करेगा। पटेल ने कहा, भारतीय प्रवासी संगठन इस अवसर का उपयोग भारत की समृद्ध परंपरा, उसके नायकों, लोगो और उनकी उपलब्धियो को याद करने के लिए करेंगे। पटेल सनातन संस्कृति के लिए सरदार पटेल कोष के अध्यक्ष भी हैं। पिछले 75 वर्षों मे भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने अमेरिका मे महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## ईयू देश अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने के प्रयासों से पीछे नहीं हटें: संरा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाहक मानवाधिकार प्रमुख नदा अल-नाशिफ ने सोमवार को यूरोपीय संघ के सदस्य देशों से ऐसे समय मे अक्षय ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं को विकसित करने के अपने प्रयासो से पीछे हटने से बचने का आग्रह किया जब ऊर्जा की बढ़ती कीमतो ने कुछ को जीवाश्म ईंधन के उपयोग एवं खोज को बढ़ावा देने को प्रेरित किया है। मानवाधिकार के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यवाहक उच्चायुक्त नादा अल-नाशिफ ने जिनेवा मे मानवाधिकार परिषद के नवीनतम सत्र के उद्घाटन भाषण में इथियोपिया, यूक्रेन, म्यांमार और हैती सहित 30 से अधिक देशो, क्षेत्रो के बारे मे मानवाधिकार संबंधी चिंताओ का उल्लेख किया। उन्होने यूक्रेन मे रूस के युद्ध के प्रत्यक्ष प्रभाव के बारे मे चिंता व्यक्त करने के अलावा यह उल्लेख किया कि युद्ध ने कैसे इन दो देशो से खाद्य और ईंधन के निर्यात को प्रभावित किया है, जो इन दोनों के प्रमुख उत्पादक है। उन्होने यह भी उल्लेख किया कि इसके चलते कैसे यूरोपीय संघ के सदस्य देश ऊर्जा स्रोतो को बढ़ावा देने के लिए कैसे संघर्ष कर रहे है।

## नाक से दी जाने वाली कोरोना वायरस की नई दवा संक्रमण को सीमित कर सकती है : अध्ययन

भाषा। लॉस एंजिलिस

**अनुसंधानकर्ताओं** ने कोविड-19 के लिए नाक से दी जाने वाली एंटी-वायरल दवा विकसित की है जो संक्रमित पशुओं से सार्स-सीओवी2 के प्रसार को कम तथा इसके संक्रमण को सीमित कर सकती है। जब लोगों की जांच में कोविड-19 होने का पता चलता है तब तक वायरस उनके श्वसन तंत्र में पैठ बना चुका होता है। वहीं लोग हर सांस के साथ अदृश्य संक्रामक तत्वों को शरीर से बाहर निकालते हैं।इस समय कोविड-19 के उपचार वाली दवाएं वायरस के प्रकोप से होने वाले लक्षणों पर केंद्रित हैं लेकिन उनसे संक्रमण को फैलने से रोकने की दिशा में बहुत ज्यादा सफलता नहीं मिलती।अमेरिका के ग्लैडस्टोन इंस्टीट्यूट के अनुसंधानकर्ताओं ने पूर्व में संक्रामक रोगों के उपचार के लिए अनोखा तरीका इजाद किया जिसमें एक खुराक में नाक से दवा दी जाती है जो सार्स-सीओवी2 के गंभीर संक्रमण से बचाव करती है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में वे दर्शाते हैं कि थेरप्यूटिक इंटरफियरिंग पार्टिकल (टीआईपी) नामक यह उपचार संक्रमित पशुओं से वायरस के संक्रमण को कम करता है और इसके प्रसार को सीमित भी करता है।अनुसंधानकर्ता लियोर वीनबर्गन ने कहा, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो एंटीवायरल और टीकों के लिए सांस के जरिए फैलने वाले वायरस के संक्रमण को सीमित करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा, यह अध्ययन दिखाता है कि टीआईपी की एक खुराक में नाक से दी जाने वाली दवा पशुओं से वायरस के प्रसार को कम करती है। वीनबर्गर और अनुसंधानकर्ता सोनाली चतुर्वेदी ने सार्स-सीओवी2 से ग्रस्त चूहों का उपचार एंटीवायरल टीआईपी से किया और फिर उनकी नाक में रोजाना वायरस की संख्या मापी। उन्होंने देखा कि जिन चूहों का उपचार नहीं किया गया है।

# रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया

● व्यापक पैमाने पर बिजली संकट

भाषा। कीव

**रूस ने** यूक्रेन में ऊर्जा संयंत्रों और अन्य बुनियादी ढांचों पर हमले किए हैं जिससे युद्धग्रस्त देश में व्यापक पैमाने पर बिजली संकट पैदा हो गया है। वहीं, कीव की सेनाओं ने जवाबी कार्वाई करते हुए रूसी सेना को उत्तरपूर्वी क्षेत्र से खदेड़ दिया है, जहां उसने पहले कब्जा कर लिया था। खारकीव के पश्चिमी बाहरी इलाके में रविवार को बमबारी से एक ऊर्जा संयंत्र में भीषण आग लगी और कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने असैन्य नागरिकों के खिलाफ जानबूझकर किए मिसाइल हमलों की निंदा की तथा इन्हें आतंकवादी कृत्य के समान बताया। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में रविवार रात को बत्ती गुल रही। लोगों को अंधेरी सड़कों पर गाड़ियां चलानी पड़ीं और कुछ पैदल यात्रियों ने गंतव्य तक पहुंचने के लिए मोबाइल फोन का टॉर्च जलाया। रूस के कब्जे वाले दक्षिणी क्षेत्र में यूरोप के सबसे बड़े जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र को इलाके में लड़ाई तेज होने पर परमाणु विकिरण की आपदा से बचने की कवायद के तौर पर बंद कर दिया गया है। कीव की खारकीव क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले इलाकों को फिर से अपने कब्जे में लेने की कार्वाई के बाद मॉस्को सेनाओं को खुद को घेरे जाने के डर से वहां से जाना शुरू कर दिया है और वे अच्छी-खासी संख्या में हथियारों और गोला-बारुद छोड़कर जा रहे हैं। यूक्रेन के सैन्य प्रमुख जनरल वालेरी जालुझनी ने कहा कि उनकी सेनाओं ने सितंबर में शुरू किए अभियान के बाद से करीब 3,000 वर्ग किलोमीटर के हिस्से पर फिर से कब्जा जमा लिया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना रूसी सीमा से महज 50 किलोमीटर दूर है। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने क्षेत्र में 40 से अधिक बस्तियों पर फिर से कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूस ने देश के दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा संयंत्र खारकीव टीईसी-5 पर हमला किया। जेलेंस्की ने खारकीव ऊर्जा संयंत्र में आग लगने का वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने ट्वीट किया, रूसी आतंकवादी अब भी आतंकवादी हैं और उन्होंने अहम बुनियादी ढांचों पर हमला किया।

## यूक्रेन का जवाबी हमला जारी, रूस की सीमा तक पहुंचने का दावा किया

**खारकीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन ने सोमवार को रूस के खिलाफ युद्ध मे जवाबी कार्वाई जारी रखते हुए दावा किया कि उसने एक के बाद एक गांवों को मुक्त कराया है और उसने एक क्षेत्र मे आश्चर्यजनक कार्वाई करते हुए हमलावरों को सीमा तक पीछे धकेल दिया। पूर्वोत्तर खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओले सिनीहुबोव ने कहा,कुछ क्षेत्रो मे, हमारे रक्षक रूसी संघ के साथ लगती राज्य की सीमा तक पहुंच गए। उल्लेखनीय है कि हमले के पहले दिन 24 फरवरी को रूसी सैनिकों ने इस क्षेत्र मे सीमा पार की थी। रूस ने सैन्य घटनाक्रम को यह कहकर स्वीकार किया कि वह फिर से संगठित हो रहा है।पूरे युद्ध मे सैन्य दावो को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करना कठिन रहा है। बिजली केंद्रो और अन्य बुनियादी ढांचे पर रविवार को रूसी हमलो से पूरे यूक्रेन में कई जगहो पर बिजली ठप होने के बाद यूक्रेनी अधिकारियो ने यह भी कहा कि खारकीव क्षेत्र मे बिजली और पानी की आपूर्ति लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है।खारकीव के मेयर इहोर तेरखोव ने टेलीग्राम पर लिखा, आप नायक है। उन सभी को धन्यवाद जिन्होने खारकीव के लिए मुश्किल रात मे शहर के जीवन को जल्द से जल्द सामान्य करने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

## एनटीपीसी ने 2021-22 के लिए 2,909 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश दिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने अपने शेयरधारकों को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2,908.99 करोड़ रुपए के अंतिम लाभांश का भुगतान किया है। एनटीपीसी ने बयान मे कहा कि यह लाभांश कंपनी की 30 प्रतिशत चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के बराबर है। इसके साथ ही पिछले वित्त वर्ष के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 6,787.67 करोड़ रुपए हो गया। यह पिछले वित्त वर्ष के शुद्ध लाभ का 42 प्रतिशत है।

## मुरादाबाद में खुली रेडक्लिफ लैब्स

**मुरादाबाद।** विश्वस्तरीय रेडक्लिफ लैब्स ने मुरादाबाद के स्थानीय निवासियों को फ्री में शुगर जांच करवाने का तोहफा दिया है। कोई भी व्यक्ति रेडक्लिफकी नई खुली मुरादाबाद लैब में आधुनिक तकनीक से युक्त मशीनों द्वारा निशुल्क शुगर जांच करवा सकते हैं। ये सुविधा सभी मुरादाबाद के के निवासियों के लिए 30 सितंबर तक जारी रहेगी। मुरादाबाद सोनाकपुर परगना कंठ रोड में अपनी इस नई लैब सुविधा को खोला है। मुरादाबाद लैब उत्तर प्रदेश में ये छठी लैब है। सितंबर के अंत तक नई लैब फ्री शुगर टेस्ट की सुविधा प्रदान करेगी और लैब में आने वाले सभी वॉक.इन ग्राहकों के लिए मान्य है। मुरादाबाद में ये नई लैब लगभग 1800 वर्ग फुट में फैली है और इसमें प्रतिदिन अलग अलग तरह के 500 से अधिक टेस्ट किए जा सकते हैं। नई लैब के उद्घाटन पर प्रतिक्रिया देते हुए धीरज जैन संस्थापकए रेडक्लिफलैब्स ने कहा कि प्रत्येक लैब विस्तार के साथ हम उच्च गुणवत्ता वाले डायग्नोस्टिक्स प्रदान करने के अपने उद्देश्य के करीब जा रहे हैं।

## गैजप्रॉम सिंगापुर ने एलएनजी आपूर्ति में चूक पर भारत को मामूली जुर्माना चुकाया

**नई दिल्ली।** रूसी कंपनी गैजप्रॉम की एक पूर्व इकाई तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति में चूक के लिए भारत को मामूली जुर्माना अदा कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गैजप्रॉम सिंगापुर समझौते की शर्तों के बावजूद जून की शुरुआत से भारत को आपूर्ति करने में विफल रही है। गैजप्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (जीएमटीएस) को 20 साल के लंबे अनुबंध के तहत इस साल सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड को 25 लाख टन एलएनजी की आपूर्ति करनी थी। लेकिन, जीएमटीएस ने जून की शुरुआत से एलएनजी के किसी भी कार्गो की आपूर्ति नही की है।

# रुपए ने दूसरी मुद्राओं की तुलना में अधिक जुझारूपन दिखाया: गोयल

भाषा। लॉस एंजिलिस



**वाणिज्य एवं** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि दुनिया की दूसरी मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए ने पिछले कुछ वर्षों में कहीं अधिक जुझारूपन दिखाया है और इसके मूल्यह्रास की औसत वार्षिक वृद्धि दर 2014 से पहले की तुलना में कम है। अमेरिका की यात्रा पर आए गोयल ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आई हालिया गिरावट को देखते हुए निर्यातकों को सिर्फ कमजोर रुपए पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके बजाय निर्यातकों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता और वैश्विक बाजारों में उपभोक्ताओं की जरूरतो को पूरा करने की क्षमता पर अधिक निर्भर होना चाहिए। गोयल ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि रुपए के लिए कोई भी स्तर सुविधाजनक या असहज करने वाला है। रुपया खुद ही अपनी जगह बना लेता है। यह मुद्रास्फीति और पूंजी प्रवाह जैसे तत्वों पर निर्भर करता है। मुझे खुशी है कि भारतीय रुपए ने बीते कुछ वर्षों में अधिकांश मुद्राओं की तुलना में अधिक जुझारूपन दिखाया है। रुपए की कीमत पिछले कुछ महीनों में खासी कम हुई है। सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.67 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर कारोबार कर रहा था। निर्यात को प्रतिस्पर्धी और आयात को कम नुकसान पहुंचाने वाले रुपए के सुविधाजनक स्तर के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा, वर्ष 2014 के पहले रुपए के मूल्यह्रास की औसत वार्षिक वृद्धि दर 3.25-3.5 प्रतिशत के करीब थी लेकिन फिलहाल इसकी दर करीब 2.5 प्रतिशत है। इस तरह रुपए की मजबूती में खासा सुधार आया है। यूरोपीय संघ की तरफ से सामान्ईकृत सीमा-शुल्क वरीयता योजना (जीएसपी) के तहत दिए जा रहे निर्यात लाभों को वापस लिए जाने की योजना के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने भरोसा जताया कि भारतीय निर्यातक अपनी मजबूती के आधार पर अधिक आपूर्ति कर पाने में सफल रहेंगे। भारत के करीब आठ अरब डॉलर मूल्य के प्लास्टिक, पत्थर, मशीनरी एवं मशीनी उपकरणों निर्यात को जीएसपी लाभ हटा लिए जाने के बाद जनवरी, 2023 से कम या शून्य शुल्क का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## पीएलआई योजना में और अधिक क्षेत्रों को शामिल करने पर चर्चा जारी

**नई दिल्ली।** उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दायरे को कुछ इलेक्ट्रॉनिक घटकों, फार्मा और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर सरकार में चर्चा चल रही है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके अलावा खिलौने, फर्नीचर, साइकिल और कंटेनर उद्योग को पीएलआई योजना में शामिल करने पर भी चर्चा चल रही है। इस योजना का मकसद घरेलू विनिर्माण को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना, निर्यात को बढ़ावा देना और रोजगार के मौके बढ़ाना है। सरकार ने पिछले साल ऑटोमोबाइल और ऑटो कलपुर्जे, व्हाइट गुड्स, कपड़ा, उन्नत रसायन सेल (एसीसी) और विशेष इस्पात सहित 14 क्षेत्रों के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ इस योजना को शुरू किया था। अधिकारी ने कहा, योजना बनाई जा रही है। कुछ प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। आयात में कटौती और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की सरकार की मंशा के बीच कुछ इलेक्ट्रॉनिक घटकों, खिलौने, फर्नीचर, साइकिल और कंटेनर जैसे क्षेत्रों को पीएलआई में शामिल करने की मांग की गई है।

# सेंसेक्स 322 अंक चढ़कर फिर 60,000 अंक के पार

भाषा। मुंबई



**शेयर बाजारों में** सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स करीब 322 अंक चढ़कर 60,000 अंक के पार बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख और बैंक, सूचना प्रौद्योगिकी तथा ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 321.99 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ तीन सप्ताह के उच्चस्तर 60,115.13 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में मजबूती के साथ खुलने के बाद सेंसेक्स ऊंचे में 60,284.55 अंक तक गया और नीचे में 59,912.29 अंक तक आया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 103 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,936.35 अंक पर बंद हुआ। पिछले तीन कारोबारी सत्रों के दौरान सेंसेक्स में ।,086 अंक और निफ्टी में 312 अंक का उछाल आया है। विदेशी निवेशकों की लिवाली, कच्चे तेल के 93 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करने और वृहद आर्थिक आंकडों से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती देखी जा रही है, जो घरेलू शेयर बाजार में स्थिर वृद्धि में सहायता कर रही है। बैंक ऋण में अगस्त के दौरान सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत की वृद्धि से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार आ रहा है। निवेशक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों की भी प्रतीक्षा कर रहे है, जो कारोबार बंद होने के कुछ देर बाद जारी होंगे। नायर ने कहा कि खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े जुलाई में 6.7 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़ने का अनुमान है, जिससे अल्पावधि में अस्थिरता बढ़ सकती है। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन में सबसे अधिक 2.39 प्रतिशत की तेजी आई। एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील, आरआईएल, इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और एलएंडटी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ एचडीएफसी का शेयर सबसे अधिक 0.43 प्रतिशत टूट गया तथा एचडीएफसी बैंक और नेस्ले के शेयर भी गिरावट में बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, शेयर बाजार के बेहतर प्रदर्शन का कारण मजबूत आर्थिक सुधार है। आरबीआई की रिपोर्ट में बैंक ऋण वृद्धि के 15.5 प्रतिशत पर पहुंचना इस तथ्य की पुष्टि करता है।

# खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर सात प्रतिशत पर

भाषा। नई दिल्ली

**खाने का सामान** महंगा होने से खुदरा महंगाई दर अगस्त महीने में बढ़कर सात प्रतिशत पर पहुंच गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक महीने पहले जुलाई में यह 6.71 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने रिजर्व के संतोषजनक स्तर की ऊपरी सीमा से ऊंची बनी हुई है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अगस्त में 7.62 प्रतिशत रही जो जुलाई में 6.69 प्रतिशत थी। वहीं पिछले साल अगस्त में यह 3.11 प्रतिशत थी।

### औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जुलाई में सुस्त पड़कर 2.4 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) में जुलाई के दौरान 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एक साल पहले जुलाई, 2021 के दौरान आईआईपी में 11.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से सोमवार को जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई, 2022 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.2 प्रतिशत बढ़ा। इसके अलावा खनन उत्पादन में जुलाई के दौरान 3.3 प्रतिशत की गिरावट, जबकि बिजली उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## महंगाई कम करने वाले उपायों का असर आने वाले महीनों में दिखेगा: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण प्रतिकूल तुलनात्मक आधार के अलावा खाद्य वस्तुओं और ईंधन के दाम में आई तेजी है। इसके साथ ही उसने भरोसा जताया कि महंगाई को काबू में लाने के लिए उठाए गए उठाए गए कदमों का आने वाले महीनों में असर दिखेगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त महीने में बढ़कर सात प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि जुलाई के महीने में यह 6.71 प्रतिशत थी।

## डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे चढ़कर 79.53 पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों के निवेश के बीच रुपया अपने आरंभिक नुकसान से उबर गया और अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को चार पैसे चढ़कर 79.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.66 पर खुला।

**ADMISSION NOTICE**
एस.सी.ई.आर.टी के संबद्ध संस्थान के लिए डीपीएसई (2022-24) के तहत प्रबंधन कोटा के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।
**Satyam International Polytechnic**
GD Block, Near Pitampura Metro Station, Pitampura, Delhi-110088 Ph: 9711396842

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री राम नारायण, ने गांव बिंदापुर, दिल्ली राज्य, कॉलोनी उत्तम नगर के नाम से जाना जाता है के राजस्व संपत्ति में स्थित एक प्लॉट नंबर 195 जिसमें भूतल पर एक दुकान और प्रथम तल पर निर्मित एक कमरा शामिल है भूमि क्षेत्रफल "10*25", पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 27.04.1998 के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रीना जिंदल पत्नी श्री ओम प्रकाश जिंदल उपरोक्त संपत्ति को श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री राम नारायण से, पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ खरीद रही है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the general public on behalf of IDFC First Bank Ltd. that Mrs. Sudha Rani is owner of Flat. Pvt. No. SF-1, on Second Floor without roof/terrace rights, area measuring 50 sq. yds, (said flat) built on Property bearing No.RZ-D-2/29, area measuring 150 sq. yds, out of Khasra No.758/99, Situated in the area of Village Nasirpur, colony known as Mahavir Enclave, New Delhi "the said property" by virtue of Sale deed dated 17.09.2021, registration No. 9198, executed by Mr. Dipak Sharma & Mrs. Suman Sharma, has lost/misplaced the previous sale deed dated 15.12.2010, executed by Mr. Inderjit Singh in favour of Mr. Dipak Sharma & Mrs. Suman Sharma, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.
For Kumar & Associates (Advocates & consultants)
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-15
kumarassociates.advocate@gmail.com, Ph: 011-41112527-28

**भौतिक कब्जे की सूचना**
ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005
जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की माँग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार का नाम/ (ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोरमा देवी/ राकेश कुमार खाता नंबर- 27300000358, खाता नंबर- QZDWA00005021560 | डीडीए जनता फ्लैट नंबर-198, तीसरी मंजिल, पॉकेट-7, फेज-1, नासिर पुर, द्वारका दिल्ली/ 08-सितंबर-2022 | जून 03, 2021 ₹. 12,65,589/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: सितंबर 13, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.




ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी प्रकरण में जिला अदालत में फैसले को लेकर काशी नगरी में चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच फ्लैगमार्च करती पुलिस और कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को लेकर जश्न मनातीं हिंदू पक्ष की महिलाएं

# राज्यमंत्री ने पूछा-दुकान आवंटन में देरी क्यों!

## दयाशंकर मिश्रा 'दयालु ने कमिश्नर से फोन पर की वार्ता , नाइट मार्केट के बारे में विवस्तार से ली जाननकारी, 15 दिनों के अंदर प्रक्रिया शुरू कराने को पूर्व पार्षद को दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी**



**छावनी** परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय पर चौकाघाट लहरतारा पुल के नीचे बने नाइट मार्केट की दुकानों के आवंटन में हो रही देरी को लेकर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्रा 'दयालु' को फूल के पत्र दिया।

पत्र में शैलेंद्र सिंह ने लिखा कि 7 जुलाई 2022 को आपने चौकाघाट लहरतारा पुल के नीचे बने नाइट मार्केट का उद्घाटन किया था,और बनारस के ठेला खोमचे वालों को समर्पित किया था,लेकिन स्थानीय अधिकारियों द्वारा मीडिया में कहा गया कि नाइट मार्केट की 30: दुकानें ठेला खोमचे वालों को और 70: दुकानें आमजनमानस को मिलेगी ।आवंटन प्रक्रिया लाटरी के माध्यम से होगी ।यह भी बताया गया कि 15 अगस्त तक यह नाइट मार्केट अपना विस्तार रूप ले लेगा और दुकाने चालू हो जाएंगी। परंतु 2 महीने के उपरांत भी अभी तक ना तो नाइट मार्केट की किसी भी दुकानों का आवंटन हुआ है और ना ही यह तय हो पाया है कि यह दुकानें कैसे और कितने मूल्य में आम जनमानस को आवंटित होंगी ।जहां एक तरफ दुकानें आवंटित होने में देरी हो रही है वहीं दूसरी तरफआम जनमानस में भ्रम की स्थिति बढ़ती जा रही है,कोई कहता है कि दुकानें पांच लाख में मिलेंगी तो कोई कह रहा है कि दुकानें तीन लाख में मिलेंगी ।तो कोई कह रहा है कि स्मार्ट सिटी में दुकानों के आवंटन में पैसे का खेल हो रहा है ऐसे में अपने मेहनत से दो पैसे की कमाई करने की आस लगाये बैठे गरीब दुकानदार पसोपेश की स्थिति में हैं।

आप काशी के सांसद होने के नाते नाइट मार्केट के आवंटन की जानकारी लेते हुए इसे सही दिशा में ले जाने की कृपा करें जिससे आम जनमानस को बीच के बिचौलियों से राहत मिले यह काशी आपकी है इसे सही दिशा में विकास के रास्ते पर ले जाना आपकी ही प्रेरणा से संभव है। पत्र लेने के बाद मंत्री दयालू ने वाराणसी कमिश्नर दीपक अग्रवाल से फ़ोन पर बात की और दुकानों के आवंटन में हो रही देरी की वजह पूछी वाराणसी कमिश्नर ने बताया कि आवंटन की प्रक्रिया चल रही है कान्टैऊक्टर ने बैंक गारंटी देने के लिए 15 दिन का समय मांगी है। और 15 दिन के बाद आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और पूरी ईमानदारी के साथ दुकानों का आवंटन होगा।

## 'समष्टि का सुस्पष्ट सत्य' नामक पुस्तक का किया गया विमोचन

**वाराणसी।** देवालय पीठ के कंदवां स्थित सभागार में संयोजक आचार्य शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी का शोध पत्र ' समष्टि का सुस्पष्ट सत्य' पुस्तक का लोकार्पण हुआ और उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों के बहुमत से उसे बीएचयू के कुलपति प्रो0 एस के जैन समेत वाराणसी के सभी कुलपतियों, कुलसचिवों, संकायप्रमुखों, विभागाध्यक्षों व महाविद्यालय के प्राचार्यो को पुस्तक की प्रति देवालय पीठ के मीडिया प्रभारी डॉ0 एन0केत्रिपाठी द्वारा भेंट की गई। इस पुस्तक ' समष्टि का सुस्पष्ट सत्य' को पढ़ने के बाद सभी कुलपतियों ने आचार्य शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर देवालय पीठ के सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में विद्वान वक्ताओं ने संसार के बड़े चालीस चिन्तकों के पुस्तक में उल्लेख होने को महत्वपूर्ण बताया एवं पुस्तक में विश्व शासन की अनूठी योजना के लिए आचार्य श्री त्रिपाठी की प्रशंसा भी किया। आचार्य शैलेन्द्र के इस कथन कि इसके पूर्व समष्टि का का सत्य कहीं कभी लिखा ही नहीं गया है, इस पर कुछ लोग जहाॅ सहमत रहे वहीं कुछ विद्वानों ने इस विश्व वांगमय की अवमानना तक कहा। इस पर डॉ0 एन के त्रिपाठी ने उत्तेजित होकर कहा कि तब पुस्तक को बैन कराइये नही ंतो इसे संयुक्त राष्ट्र व नोबल प्राइज समिति में भेजने की अनुशंसा किया जाए। इस बात पर वक्तागण एक मत दिखे। अंत में डॉ0 हरिओम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में लीगल एडवाइजर अरविन्द कुमार त्रिपाठी, सचिव डॉ0 कुमार, महासचिव पं0 अरूणोदय मिश्र, राकेश पाण्डेय, दीपक कुमार, रविन्द्र सिंह एवं मनीष चौधरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले के मेरठ-करनाल राजमार्ग पर तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी ।पुलिस के मुताबिक, हादसा रविवार को झिंझाना थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव के पास हुआ। मृतकों की पहचान इंतजार (45), उनकी पत्नी सईदा (40) और उनकी आठ साल की बेटी के रूप में हुई है ।वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गंगोह (सहारनपुर) से शामली जिले के नगला राय गांव जा रहे थे। मेरठ-करनाल राजमार्ग पर ए लोग तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रक की चपेट में आ गए ।उमेरठ-करनाल राजमार्ग पर ए लोग तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रक की चपेट में आ गए ।उन्होंने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया ।पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

## सरकारी जमीन पर बना अवैध मदरसा गिराया गया

**अमेठी।** अमेठी जिले की गौरीगंज तहसील क्षेत्र में अवैध कब्जे को लेकर बड़ी कार्वाई करते हुए रायबरेली सुलतानपुर मार्ग पर गुजरटोला गांव के पास बने मदरसे के ढांचे को सोमवार को गिरा दिया गया। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक सड़क के किनारे सरकारी चारागाह की जमीन पर यह अवैध मदरसा बनाया गया था, जिसे लेकर तहसील दार गौरीगंज ने इसे गिराने का आदेश जारी किया था। मदरसा मालिक हसन पुत्र सुलतान पर दो लाख 24 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। मदरसे पर बुलडोजर चलाए जाने के समय उपजिलाधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज समेत पांच थानों से पुलिसकर्मी मौजूद थे। अमेठी के जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि बांदा टांडा राजमार्ग के किनारे 2009 से चारागाह की महंगी सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मदरसा बनाया गया था पिछले दो साल से मदरसा बंद था। उन्होंने बताया कि जमीन हथियाने के लिए मदरसा बनाया गया था, जिसे आज पुलिस और राजस्व टीम ने संयुक्त कार्वाई में गिरा दिया।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**पीलीभीत** ।जिले के जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने एक किशोरी के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया। जहानाबाद पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई की गांव के दो लोगों ने उसकी बेटी के साथ खेत में दुष्कर्म किया। शिकायत में कहा गया कि आरोपियों ने मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जहानाबाद के थाना प्रभारी प्रभाष चन्द्र ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर नामजद अभियोग दर्ज किया है। किशोरी को चिकित्सकीय जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

## बारह नए फ्लेवर वाली फन पिज़्ज़ा की रेंज लॉन्च

**वाराणसी।** पसंदीदा और विश्वसनीय पिज़्ज़ा ब्रांड, पिज़्ज़ाहट ने अपनी नई फ्लेवर फ्नरेंज लॉन्च की है। इस नई रेंज में12 नए पिज़्ज़ा शामिल हैं जो 5 बेजोड़ सॉस फ्लेवर्स - तंदूरी, शेज़वान, इटालियन, चीज़ी और क्लासिक में उपलब्ध हैं। इनके साथ सात वेजिटेरियन और पांच नॉन-वेजिटेरियन टॉपिंग कॉम्बिनेशंस हैं। यह क्यूएसआर इंडस्ट्री की अन्य पेशकश की तुलना में कंज्यूमर्स के लिए सबसे किफायती और विशिष्ट विकल्प बन गया है। फ्लेवरफ्न पिज़्ज़ा भारत में डाइन-इन, डिलिवरी और टेकअवे के माध्यम से सभी 700 प्लस पिज़्ज़ा हट स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। फ्लेवर फ्न की पूरी रेंज व्यक्तिगत पिज़्ज़ा के आकार में उपलब्ध है। पिज़्ज़ा हट ने इसे जेन.ज़ी और ख़ास तौर कॉलेज जाने वाले व शीघ्र नौकरी पर जाने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए किफायती कीमत पर लॉन्च किया है। लॉन्च के बारे में पिज़्ज़ा हट इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, नेहा ने बताया मैं ब्रांड की ओर से अपूर्व कीमत पर हमारे फ़्लेवर फ़नरेंज के लॉन्च को लेकर बेहद उत्साहित हूँ।

## आर्थोपेडिक सर्जरी या फ्रैक्चर के बाद महत्वपूर्ण है फिजियोथेरेपी

**लखनऊ।** आर्थोपेडिक सर्जरी या कॉलर बोन के फ्रैक्चरए हेयरलाइन फ्रैक्चरए पैर फ्रैक्चरए हाथ फ्रैक्चर और हड्डी फ्रैक्चर के बाद भौतिक चिकित्सा या फिजियोथेरेपी की लगभग हमेशा आवश्यकता होती है। हालांकिए इसके बारे में जागरूकता और फिजियोथेरेपी सेंटर उपलब्ध न होने के कारण रोगियों द्वारा इसे आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। रीजेंसी सुपर.स्पेशियलिटी अस्पताल, लखनऊ के हड्डी रोग विशेषज्ञों ने कहा है कि वे पोस्ट.ऑपरेटिव प्रक्रियाओं की उपेक्षा न करेंए इससे उन्हें न केवल रोगी की ताकत वापस लाने और वापस से चलने फिरने में मदद मिलती है। डॉ रोहित जैन, कंसलटेंट . ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट, ने कहा, फिजियोथेरेपी फ्रैक्चर और सर्जरी के प्रकार के आधार पर भिन्न होती है। लेकिन सामान्य तौर परए थेरेपी तब शुरू होती है जब कास्ट हटा दिया जाता है। फिजियोथेरेपी के लिए आमतौर पर तब तक इंतजार करना चाहिए जब तक कि हड्डी ठीक न हो जाए। पुनर्वास तकनीक रोगी को आघात से बाहर आने और उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद करती है।

## चिकित्सक को मिली जान से मारने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**गाजियाबाद।** जिले के एक चिकित्सक को कथित रूप से अमेरिका के नंबर से व्हाट्सऐप कॉल कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) आलोक दुबे ने यहां बताया कि सिहानी गेट थाना क्षेत्र में लोहिया नगर पुलिस चौकी के पास पिछले करीब दो दशक से अपना क्लीनिक संचालित कर रहे डॉक्टर अरविंद वत्स ने सोमवार को दर्ज कराए गए मुकदमे में दावा किया है कि गत एक सितंबर की रात को उन्हें अमेरिका के एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप कॉल की गई थी, लेकिन गहरी नींद में होने के कारण वह उस कॉल का जवाब नहीं दे पाए। वत्स के मुताबिक अगले दिन उसी नंबर से उन्हें फिर से कॉल आई जिसमें फोन करने वाले ने उनसे कहा कि तुम अनेक हिंदू संगठनों के लिए काम कर रहे हो।

## गोविन्द ने बनाया अनोखा रिकार्ड

**लखीमपुर.खीरी।** जनपद के लोगो के लिये यह किसी खुशखबरी से कम नही था जब यह पता चला कि एक छोटे से कस्वे में जन्मे गोविन्द गुप्ता ने कविताओं में ही विश्व कीर्तिमान बना दिया। श्री गुप्त देश के पहले ऐसे कवि बन गये जिन्होंने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर काव्य छेत्र में दस विश्व रिकार्डो में सहभागिता की वह भी मात्र दो वर्ष में यह अनोखा रिकार्ड बनाकर खुशी व्यक्त करते हुये श्री गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने कस्वे जनपद ही नही प्रदेश और का नाम विश्व स्तर पर पहुंचाने का कार्य किया जो हमारा संकल्प था। कोरोना के लाकडाउन में यह परवान च? गया और देखते ही देखते विश्व के विभिन्न मंचों द्वारा आयोजित विश्व रिकार्ड कार्यक्रमो में सहभागिता हुई और यह मुझे खुशी हुई जब सर्च करने पर दूसरा कोई व्यक्ति नहीं मिला जिसने यह रिकॉर्ड बनाया हो। यह उपलब्धि मैं देश के उन सैनिकों को समर्पित करता हूँ जो सीमा पर रहकर हम सब सुरक्षित करते हैं। आज श्री गुप्ता को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में कपिलश फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व रिकार्ड अभिनन्दन समारोह में सम्मानित किया गया। देश विदेश से उन्हें बधाई मिल रही है जिनमें दोहा कतरए तंजानियाए जर्मनीए अमेरिकाए मस्कट ओमान व नाइजीरिया सहित अनेक देशों के मित्रो ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से भी मित्रो द्वारा बधाई मिल रही है। जनपद में सांसद रेखा वर्माए गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रए विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंहए रोमी साहनीए अरविंद गिरीए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंहए जिला महामंत्री ज्योतिर्मय वर्तरियाए चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा सहित समाज के प्रत्येक वर्ग प्रज्ञालोकए प्रेस क्लबए बार संघए गायत्री परिवारए श्याम परिवार आदि संस्थाओं की ओर से भी बधाई प्राप्त हुई है।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद जलाई गई किशोरी को लखनऊ भेजा, दोनों आरोपी जेल गए

**पीलीभीत।** पीलीभीत में जिस दलित किशोरी को कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म के बाद जलाकर मार डालने का प्रयास किया गया, उसे इलाज के लिए लखनऊ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार प्रभु ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभु ने बताया कि आरोपियों की पहचान राजवीर (उम्र 19 वर्ष) और ताराचंद उर्फ तरुण कुमार (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उप जिलाधिकारी (सदर) योगेश कुमार गौड़ जिला राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे जहां उन्होंने किशोरी का बयान दर्ज किया। आग से जली किशोरी की हालत में सुधार होता न देख चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया। पुलिस अधिकारिओं का कहना है अभी उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक दिनेशकुमार प्रभु ने रविवार को संवाददाताओं को बताया था कि गत सात सितंबर को जिला अस्पताल में एक युवती को गंभीर रूप से जली हालत में उसके परिवार ने भर्ती कराया था ।प्रभु ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 10 सितंबर को माधोटांडा पुलिस को सूचना दी कि राजवीर और ताराचंद ने घर में घुसकर उसकी 16 वर्षीय पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म किया और इसके बाद डीजल छिड़ककर उसे आग लगा दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलने पर वह तत्काल किशोरी के गांव पहुंचे और पूरे मामले की स्वयं तहकीकात की। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ बलात्कार, हत्या के प्रयास तथा धमकी देने के आरोप में शनिवार को मुकदमा दर्ज किया।

## 72 लाख रुपए की नेपाली मुद्रा के साथ युवक गिरफ्तार

**महराजगंज।** जिले में सोमवार को बिना किसी कानूनी दस्तावेज के 72.80 लाख रुपए की नेपाली मुद्रा अवैध रूप से ले जा रहे एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोनौली स्थित भारत नपाल सीमा चौकी पर सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सामान्य जांच के दौरान नेपाल के रूपंदेही जिले के निवासी सुभाष (42) को रोककर उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 72.80 लाख रुपए की नेपाली मुद्रा बरामद की गई।

## दो दिन से गायब व्यक्ति की नहर किनारे मिली लाश, परिवार वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** थाना बिथरी चौनपुर क्षेत्र में दो दिनों से लापता व्यक्ति की नहर किनारे सड़ी गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई , पुलिस जहां पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं तो वहीं परिवार बालो का आरोप है किसी ने उनकी हत्या की ।बरेली के बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के नरियावल के रहने वाले 45 वर्षीय श्यामवीर शर्मा पुत्र रामचंद्र 9 सितंबर की सुबह घर से निकले थे पर उसके बाद उनका कुछ पता नहीं लगा। घरवालों ने काफी तलाश करने की कोशिश की पर जब वह नहीं मिले तब थाने में 9 सितंबर को श्यामवीर की गुमशुदगी दर्ज कराई गई , जिसके बाद बिथरी चौनपुर थाने की पुलिस भी श्यामवीर शर्मा को तलाश कर रही थी कि तभी रविवार को नरियावल में ही नहर किनारे खेत में श्यामवीर की सड़ी हुई लाश मिली। 45 वर्षीय श्यामवीर की सड़ी हुई लाश मिलने से उनके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के बेटे का आरोप है उसके पिता श्यामवीर की किसी ने हत्या की है लाश की शिनाख्त मिटाने के लिए उनके चेहरे पर कोई केमिकल या तेजाब डाला है चेहरा खराब हो चुका है शरीर पर जगह-जगह छाले पड़े हुए थे । अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा मौत का कारण।

### दुर्घटना में घायल मजदूर ने दम तोड़ा

बरेली । मजदूरी करके घर लौट रहे बाइक सवार मजदूर को बस ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी 35 वर्षीय चंद्र पाल पुत्र छेदा लाल की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया चंद्रपाल एक ईंट भट्टे पर काम करता था और 2 दिन पूर्व शाम के समय काम समाप्त होने के बाद वह मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में जब वह दमखोदा पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी तेजी से आ रही एक बस ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस फरार हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जो मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा अब तक तीन बच्चों का पिता था।

## 33 वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी इंटर कालेज सिविल लाइन्स में सोमवार को विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 33वीं क्षेत्रीय कबड्डी की तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस मौके पर पुरस्कार वितरण समारोह विशाल सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल से पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमचन्द्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश रहे। जबकि अध्यक्ष विक्रम सिंह पूर्व छात्र एवं विशिष्ट अतिथि शरद गुप्त कोषाध्यक्ष विद्या भारती पूर्वी विजय उपाध्याय क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख डॉ राम मनोहर प्रान्त संगठन मंत्री विद्या भारती काशी प्रान्त एवं प्रो वी एन सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्वविद्यालय रहे। सभी ने माँ सरस्वती के सन्मुख दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्चन कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथि परिचय एवं स्वागत दीपक यादव व्यवस्था प्रमुख ज्वाला देवी सिविल लाइन्स ने कराया। क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह ने समारोह में परिणाम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों की यह विधा भारतीय कीर्ति को प्रसारित करने वाली होगी। जिसमें यह नौनिहाल खिलाड़ी भैया बहिन के उज्जवल भविष्य की संकल्पना साकार होगी। कार्यक्रम को रंगारंग बनाए रखने हेतु ज्वाला देवी इण्टर कालेज सिविल लाइन्स की छात्राओं द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। आभार ज्ञापन क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सन्तोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में बच्चों ने किया।



**विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने मारी बाजी:**प्रयागराज। ज्वाला देवी में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बाजी मारी है। काशी प्रान्त नगरीय ज्वाला देवी कॉलेज सिविल लाइन्स प्रयागराज

द्वितीय गोरक्ष प्रान्त नगरीय सरस्वती शिशु मन्दिर पक्कीबाग गोरखपुर

तृतीय अवध प्रान्त नगरीय सरस्वती विद्या मन्दिर अलीगंज लखनऊ ने बाजी मारी है। बाल वर्ग बहिन में प्रथम अवध प्रान्त नगरीय बालिका कॉलेज जानकीपुरमए लखनऊ द्वितीय काशी प्रान्त नगरीय ज्वाला देवी बालिका कॉलेज मम्फोर्डगंज प्रयागराज

तृतीय गोरक्ष प्रान्त नगरीय सरस्वती शिशु मन्दिर पक्कीबाग गोरखपुर ने बाजी मारी।

# टी-20 विश्व कप टीम में बुमराह, हर्षल की वापसी

● शमी स्टैंड-बाय मे

**भाषा।** नई दिल्ली



**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह और डेथ ओवरों के विशेषज्ञ गेंदबाज हर्षल पटेल की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्ईय टीम में वापसी हुई है। इस विश्व कप में भारत अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट मैदान में खेलेगा। बुमराह के पीठ में चोट लगी थी जबकि हर्षल की मांसपेशियों में खिंचाव था। इन दोनों ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) किया और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उन्हें फिट घोषित किया। आवेश खान और रवि बिश्नोई हालांकि विश्व कप की 15 सदस्ईय टीम में जगह बनाने से चूक गए। बिश्नोई की जगह ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को तरजीह दी गई। टीम में हर्षल की वापसी के बाद वैसे भी आवेश के लिए जगह नहीं बनती। आवेश ने आखिरी ओवरों में काफी खर्चीले रहे है। उन्होंने इस दौरान 18 रन प्रति ओवर (आखिरी ओवरों में) के हिसाब से रन लुटाए है।

बिश्नोई के लिए हालांकि यह निराशाजनक जरूर है क्योंकि उन्होंने एशिया कप के सुपर फोर मैच में पाकिस्तान के खिलाफ टीम के नियमित स्पिनर युजवेन्द्र चहल से अच्छा प्रदर्शन किया था। चहल टीम के लिए पहली प्राथमिकता के स्पिनर है और एक ही टीम में दो लेग स्पिनर की जगह मुश्किल से बनती ऐसे में चयनकर्ताओं ने अनुभवी रविचंद्रन अश्विन को मौका देने का फैसला किया। विश्व कप में भारत के ग्रुप में पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और संभवत: श्रीलंका (क्वालीफायर जीतने पर) की टीमें होगी। इन सभी टीमों में बाएं हाथ के बल्लेबाजों को देखते हुए अश्विन की भूमिका अहम हो सकती है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी हालांकि टी20 टीम में वापसी करने में सफल रहे। वह विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जाने वाली श्रृंखलाओं की टीम का हिस्सा होंगे। शमी उन चार स्टैंड-बाय खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे। विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शमी के अलावा श्रेयस अय्यर, बिश्नोई और तेज गेंदबाज दीपक चाहर भी शामिल हैं। टीम में बल्लेबाजी को लेकर ज्यादा परेशानी होगी। एशिया कप में भी बल्लेबाजों ने निराश किया। रविन्द्र जडेजा के चोटिल होने के बाद सिर्फ विकेटकीपर ऋषभ पंत ही विशेषज्ञ बाएं हाथ के बल्लेबाज है। ऐसे में यह देखना होगा कि उनके साथ टीम में फिनिशर दिनेश कार्तिक का इस्तेमाल कैसे होगा। हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान फिटनेस और कंडीशनिंग से संबंधित काम के लिए एनसीए जाएंगे।

**टीमें: आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम**
रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।
स्टैंड-बाय खिलाड़ी - मोहम्मद शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, दीपक चाहर।
**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह।
**दक्षिण अफ्रीका टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह।

## मैं हर्षल की जगह शमी को विश्व कप टीम में रखता: श्रीकांत



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत ने सोमवार को कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्ईय टीम का हिस्सा होना चाहिए था। श्रीकांत आखिरी ओवरो के विशेषज्ञ गेंदबाज हर्षल पटेल की जगह शमी को टीम में रखना चाहते है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम मे वापसी हुई है। टीम की घोषणा के बाद स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम फॉलो द ब्लूज पर चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, अगर मै चयन समिति का मौजूदा अध्यक्ष होता, तो शमी निश्चित रूप से टीम मे होते। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, हम विश्व कप ऑस्ट्रेलिया मे खेलेंगे, शमी के पास गति और उछाल प्राप्त करने की क्षमता है। वह स्विंग हासिल कर शुरुआती विकेट ले सकता है। मै हर्षल पटेल के बजाय शमी को टीम मे रखता। श्रीकांत ने कहा, इसमें कोई संदेह नही कि हर्षल पटेल एक अच्छे गेंदबाज है, लेकिन परिस्थितियो के मुताबिक मोहम्मद शमी बेहतर खिलाड़ी है।

# करो या मरो के मुकाबले में बेहतर बल्लेबाजी के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला टीम

**भाषा।** ब्रिस्टल



**इंग्लैंड के** खिलाफ पहले मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 मुकाबले में बेहतर बल्लेबाजी करने के इरादे से उतरेगी। चेस्टर ली स्ट्रीट में पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए थे। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पहले मैच के बाद हमने कुछ चीजों पर चर्चा की। बेशक हमने वैसा क्रिकेट नहीं खेला जो पिछले कुछ महीनों से खेल रहे थे। हमने अतीत में जो हासिल किया है उसके स्तर की बराबरी करने की जरूरत है। यह थोड़ा निराशाजनक था लेकिन यह एक बुरा दिन था। स्मृति ने चेस्टर ली स्ट्रीट पर पहले मैच में हार के बाद खेलने योग्य हालात नहीं होने की कप्तान हरमनप्रीत कौर की बात दोहराई लेकिन स्वीकार किया कि टीम को वास्तव में अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरत है, विशेषकर बीच के ओवरों में। उन्होंने कहा, हां पहले मैच में हालात उतने अच्छे नहीं थे और आउटफील्ड पर भी पैच थे लेकिन हम इसे बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं करेंगे। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, हमें 12वें और 18वें ओवर के बीच अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरत है। ऐसा हमने पहले मैच में नहीं किया है। स्मृति ने स्वीकार किया कि भारतीय बल्लेबाजों के ढुलमुल रवैए के कारण उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा और अगर उन्हें स्तरीय टीम को हराना है तो उनका लक्ष्य स्कोर को 160 से 170 रन के आसपास रखना होना चाहिए। आजकल टी20 क्रिकेट के स्तर को देखते हुए हमें सुरक्षित रहने के लिए 160 से 170 रन बनाने होंगे। लेकिन यह विकेट की प्रकृति पर भी निर्भर करता है। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद मुझे लगता है कि यह हरमन (हरमनप्रीत कौर), जेमिमा (रोड्रिग्ज) या मेरी जिम्मेदारी है कि हम 20 ओवरों तक खेलें। लेकिन यह टी 20 क्रिकेट है, हमने हेमलता और किरण भी टीम में शामिल किया है। लेकिन इस स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आपको उसे समय देना होगा। राधा यादव का दूसरे मैच में खेलना संदिग्ध है। उन्हें इंग्लैंड के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान दूसरे ओवर में गेंद को रोकने के प्रयास में कंधे में चोट लग गई थी। इस 23 वर्षीय ने दर्द के कारण मैदान छोड़ दिया और उनके जाने का मतलब यह भी था कि भारत के पास एक गेंदबाज कम थी। स्मृति ने कहा, मेडिकल टीम अभी भी राधा यादव की स्थिति की जांच कर रही है।

### कार्यभार प्रबंधन के लिए महिला बिग बैश लीग से हटने पर विचार कर रही हैं मंधाना

**डर्बी।** भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना अपने कार्यभार प्रबंधन के लिए महिला बिग बैश लीग से हटने पर विचार कर रही है ताकि वह राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने के लिए फिट रह सकें। मंधाना फरवरी के बाद से ही लगातार खेल रही है जब भारत ने वनडे विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी। पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से मंधाना द हंड्रेड के लिए ब्रिटेन में रुक गई थी और अब वह मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला का हिस्सा है। मंधाना ने दूसरे टी20 से पहले वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि यह मानसिक से ज्यादा शारीरिक प्रबंधन के बारे में है।

### राजस्थान यूनाइटेड को हरा कर हैदराबाद डूरंड कप के सेमीफाइनल में

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग चैंपियन हैदराबाद एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां राजस्थान यूनाइटेड एफसी को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नाइजीरिया के अनुभवी बार्थोलोम्यू ओगबेचे (छठे मिनट) ने आईएसएल चैंपियन के लिए गोल का खाता खोला। टीम के लिए आकाश मिश्रा (45 वे मिनट) और जेवियर सिवेरियो (69 वे मिनट) ने अन्य दो गोल किए।

### डिज्नी स्टार को लीजेंड्स लीग क्रिकेटका प्रसारण अधिकार

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के खेल के दिग्गज लीजेंड्स लीग क्रिकेट में 16 सितंबर से 5 अक्टूबर तक खेलेंगे। आयोजकों ने डिज्नी स्टार को टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक घोषित किया है,जो स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी, हॉटस्टार पर लाइव और एक्सक्लूसिव प्रसारित होने वाले सभी 16 मैचों का गवाह बनेगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि जिस तरह से हमने लीग और सभी भागीदारों को लेकर सोचा था।

### चक्षु ने श्रीनगर ओपन टेनिस चैम्पियनशिप जीती

**श्रीनगर।** चक्षु महाजन ने इस साल श्रीनगर ओपन टेनिस चैम्पियनशिप में सोमवार को पुरुष एकल ट्राफी अपने नाम की जबकि मोआज्जाम राशिद और हैदर हुसैन ने अपना युगल खिताब बरकरार रखा। महाजन ने फाइनल में 20 साल के चिराग डोगरा को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से पराजित किया। युगल स्पर्धा में मोआज्जाम और हैदर ने नदीम सामदानी और जय कुमार की जोड़ी को सीधे सेटों में 7-5, 7-6 से शिकस्त दी।

### विनिसियस जूनियर और रोड्रिगो के गोल से मैड्रिड ने मालोर्का को हराया

**मैड्रिड।** विनिसियस जूनियर और रोड्रिगो के गोल से रीयाल मैड्रिड ने मालोर्का को हराकर मौजूदा सत्र मे स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग ला लीगा मे लगातार पांचवी जीत दर्ज की। करीम बेनजेमा की गैरमौजूदगी मे खेल रही मैड्रिड की टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मालोर्का को 4-1 से हराया। विनिसियस (72वें मिनट) और रोड्रिगो (89वें मिनट) ने दूसरे हाफ मे गोल दागे।

### रजा, मैकग्रा अगस्त महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**दुबई।** भारत की जेमिमा रोड्रिग्स अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया की तहलिया मैक्ग्रा से पिछड़ गई जबकि पुरुष वर्ग मे जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने अपने दमदार प्रदर्शन से यह खिताब अपने नाम किया।

### उन्नति, अनुपमा जूनियर बैडमिंटन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी

**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर एक जूनियर खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और ओडिशा ओपन सुपर 100 चैंपियन उन्नति हुड्डा 17 से 30 अक्टूबर तक स्पेन के सेंटेडर मे होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप मे भारत की चुनौती की अगुआई करेंगी। कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है।

# अल्कारेज अमेरिकी ओपन के नए सरताज

● रूड को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता

● 19 साल की उम्र मे पहला ग्रैंड स्लैम जीता और सबसे कम उम्र मे एटीपी रैंकिंग मे शीर्ष पर पहुंचने वाली खिलाड़ी बने

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**कार्लोस अल्कारेज ने** अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में कैस्पर रूड को चार सेट में हराकर 19 साल की उम्र में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता और सबसे कम उम्र में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गए। तीसरे वरीय स्पेन के अल्कारेज ने नॉर्वे के पांचवें वरीय रूड को 6-4, 2-6, 7-6 (1), 6-3 से हराया। तीसरे सेट में एक महत्वपूर्ण क्षण आया जब अल्कारेज 5-6 से पिछड़ते हुए सर्विस कर रहे थे और रूड को दो सेट प्वाइंट मिले। अल्कारेज ने न सिर्फ दोनों सेट प्वाइंट बचाए बल्कि टाईब्रेकर में सेट भी जीत लिया। अल्कारेज ने टाईब्रेकर में काफी बेहतर प्रदर्शन किया और 2-। की बढ़त बनाई। उन्होंने चौथे सेट को आसानी से जीतकर मुकाबला और खिताब अपने नाम किया। बारिश और 26 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच आर्थर ऐश स्टेडियम की छत को बंद करके यह मुकाबला कराया गया। अल्कारेज 1973 में कम्प्यूटरीकृत एटीपी रैंकिंग शुरू होने के बाद से मात्र 19 साल और 4 महीने की उम्र में नंबर एक पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वह 1990 में पीट सम्प्रास के 19 साल की उम्र में खिताब जीतने के बाद अमेरिकी ओपन में सबसे कम उम्र के पुरुष चैंपियन भी हैं। रूड जून में रफेल नडाल के खिलाफ फाइनल में हार के साथ फ्रेंच ओपन में भी उपविजेता रहे थे।

### करमन ने पेक्वे ट को हराकर उलटफेर किया

**चेन्नई।** भारतीय खिलाड़ी करमन कौर थंडी ने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के शुरूआती दौर मे सोमवार को यहां आठवी वरीयता प्राप्ता फ्रांस की खिलाड़ी क्लो पेक्वेट को पिछड़ने के बाद शिकस्त दी। वाइल्ड कार्ड के जरीए टूर्नामेंट के मुख्य दौर मे जगह बनाने वाली विश्व रैंकिंग की 365 स्थान की खिलाड़ी करमन ने रैंकिंग मे 111वे स्थान पर काबिज पेक्वेट को 4-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।पेक्वेट शुरूआती सेट मे करमन पर भारी पड़ी लेकिन यहां की गर्मी और उमस भरी परिस्थितियों मे रैंकिंग के मामले मे भारत की दूसरी शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी के सामने दमखम नही दिखा सकी। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही विश्व रैंकिंग की पांचवे नंबर की पूर्व खिलाड़ी यूजिनी बूचार्ड ने स्विट्जरलैंड की जोआन जुगर पर जीत के साथ इस टूर्नामेंट मे अपने अभियान की शानदार शुरूआत की।क्नाडा की खिलाड़ी ने पहले दौर के इस मुकाबले को 7-5, 6-2 से अपने नाम किया।विम्बलडन उपविजेता (2014) रही बुचार्ड ने डब्ल्यूटीए स्पर्धा मे मार्च 2021 के बाद पहली जीत दर्ज की है। अन्य मैचो मे पोलैंड की कटारजिना कावा ने ऑस्ट्रेलिया की एस्ट्रा शर्मा को 6-4, 6-3 से और सातवी वरीयता प्राप्त रेबेका मैरिनो (कनाडा) ने अन्ना ब्लिंकोवा (रूस) को 7-5, 6-2 से हराया।जापान के नाओ हिबिनो ने क्वालीफायर खिलाड़ियों के मुकाबले में जाना फेट (क्रोएशिया) को 6-0, 6-4 से पराजित कर अंतिम 16 के दौर मे प्रवेश किया।

# भारत ने बांग्लादेश को हराया

### सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप फाइनल में स्थान पक्का किया

**कोलंबो।** भारत ने सोमवार को यहां सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 2-। से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। स्ट्राइकर थांगलालसोन गंगटे (51वें और 59वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर भारत को जीत दिलाई। बांग्लादेश ने 62वें मिनट में पेनल्टी पर मीराजुल इस्लाम की मदद से एकमात्र गोल किया। दोनों टीमों ने पहले हाफ में कई मौके बनाए लेकिन इनमें कोई गोल नहीं हो सका। 16वें मिनट में भारत को अच्छा मौका मिला था लेकिन यह प्रयास नाकाम रहा। भारत ने दूसरे हाफ में आक्रामकता दिखाई और पांच मिनट बाद ही बढ़त हासिल कर ली। स्ट्राइकर गंगटे ने विपक्षी टीम के डिफेंडर को छकाते हुए गोलकीपर की दाहिनी ओर शॉट लगाया जो गोल में तब्दील हो गया। सात मिनट बाद भारतीय टीम ने बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय टीम ने यह गोल जवाबी हमले में किया। वानलापेका गुइटे के शॉट को गंगटे ने गोल की ओर दिशा दी और टीम 2-0 से आगे हो गई। हालांकि बांग्लादेश की टीम ने स्ट्राइकर मीराजुल की बदौलत जीत का अंतर कम किया जिन्होंने पेनल्टी पर गोल किया।

# दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की टेस्ट श्रृखला जीती

**भाषा।** लंदन

**जैक क्रॉली** की नाबाद 69 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को जीत की औपचारिकता पूरी करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला को 2-। से अपने नाम की। जीत के लिए 130 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 97 रन से की थी। टीम ने 25 मिनट के अंदर ही जरूरी 33 रन बना लिए। इस दौरान उसने एलेक्स लीज (39) का विकेट गंवाया जो कागिसो रबाडा की गेंद पर पगबाधा हुए। क्रॉली ने 57 गेंद की आक्रामक पारी में 12 चौके लगाए। ऑली पोप ने नाबाद 11 रन का योगदान दिया। नए कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की अगुवाई में टीम के लिए यह सत्र शानदार रहा। इस दौरान उसने सात टेस्ट मैचों में से छह में जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने विश्व टेस्ट चैम्पियन न्यूजीलैंड को 3-0 से हराने के बाद भारत को पांचवें टेस्ट में हराया। टीम ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका को इस श्रृंखला में 2-। से शिकस्त दी। इस टेस्ट मैच में शुरुआती दो दिनों का खेल रद्द होने के बाद इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 118 रन पर समेट दी थी। इंग्लैंड की टीम भी हालांकि अपनी पहली पारी में 158 रन ही बना सकी।




# विश्व कप से पहले प्रो लीग मुकाबलों से खुद को आंकने का मौका मिलेगा: श्रीजेश




**भाषा।** बेंगलुरू

**अनुभवी** भारतीय हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को लगता है कि स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के शुरूआती दो मैच अगले साल की शुरुआत में भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले विश्व कप से पहले मॉक टेस्ट होंगे जिसमें टीम को खुद को आंकने का मौका मिलेगा। भारत अगले साल 13 से 29 जनवरी तक पुरुष विश्व कप की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पहले भारत भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में आगामी एफआईएच प्रो लीग 2022-23 के अपने पहले मुकाबले में 30 अक्टूबर और छह नवंबर को दुनिया की आठवें नंबर की टीम स्पेन की मेजबानी करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, एफआईएच हॉकी प्रो लीग हमारे लिए सबसे अच्छा मंच है क्योंकि हमें कुछ शीर्ष टीम के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है। स्वदेश में होने वाले आगामी मुकाबले हमारे लिए मॉक टेस्ट की तरह होंगे, यह हमें वास्तविक चुनौतियों में मदद करेगा जिनका हम जनवरी 2023 में सामना करेंगे। यह हमें युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय हॉकी खेलने का अनुभव प्रदान करने में भी मदद करेगा। यह हमारे लिए एक शानदार अवसर है क्योंकि यह हमें विश्व कप के लिए लय बनाने में मदद करेगा। भारत को अगले साल होने वाले विश्व कप में मुश्किल पूल डी में रखा गया है और श्रीजेश को शुरुआती चरण में अपने विरोधियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने की उम्मीद है।

### पूर्व कोच शोर्ड मारिन ने 2020 ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी के प्रदर्शन पर किताब लिखी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के पूर्व कोच शोर्ड मारिन अपनी आगामी पुस्तक विल पावर के साथ लेखक बनने जा रहे है जिसमें उन्होंने तोक्यो 2020 ओलंपिक मे टीम के शानदार प्रदर्शन की कहानी साझा की है। हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक 21 सितंबर से बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। इसे शून्य आत्मविश्वास वाली टीम की कहानी बताया जा रहा है जो अंततः शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक मे चौथे स्थान पर रही जो खेलो के महाकुंभ मे उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मारिन को 2017 में जब महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था तब भारत विश्व हॉकी मे पिछड़ गया था। साढ़े चार साल बाद उन्होंने टीम की किस्मत को बदल दिया और उन्हे विश्व स्तर पर एक ताकत बना दिया।

### राजपक्षे ने एशिया कप खिताब को संकट का सामना कर रहे देशवासियों को समर्पित किया

**दुबई।** श्रीलंका की एशिया कप मे खिताबी जीत के हीरो रहे भानुका राजपक्षे ने इस खिताब को संकट का सामना कर रहे अपने देश को समर्पित किया है। राजपक्षे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, कुछ दशक पहले हम हमेशा दुनिया को दिखाना चाहते थे कि हमारे पास आक्रामक्ता है और हम चाहते थे कि एक टीम के रूप मे हम दोबारा उन लम्हो को पैदा करे। उन्होने कहा, आगे बढ़ते हुए हम विश्व कप से पहले इस लय को बनाए रखना चाहते है। स्वदेश मे संकट के हालात को देखते हुए यह श्रीलंका के सभी लोगों के लिए एक कठिन समय है लेकिन आशा है कि हम अपने लोगो के चेहरो पर कुछ मुस्कान ला पाए है। राजपक्षे ने मुस्कुराते हुए कहा, यह पूरे देश के लिए है वे इतने लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे।

# कार्यकाल से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को कहा कि वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की उस याचिका पर 13 सितंबर को सुनवाई करेगा, जिसमें अध्यक्ष और सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों के कार्यकाल को लेकर इसके संविधान में संशोधन करने के लिए शीर्ष न्यायालय की अनुमति मांगी गई है। बीसीसीआई ने प्रस्तावित संशोधन में अपने पदाधिकारियों के लिए कूलिंग-ऑफ अवधि को समाप्त करने की मांग की है, जिससे सौरव गांगुली और जय शाह संबद्ध राज्य क्रिकेट संघों में छह साल पूरे कर चुके होने के बावजूद अध्यक्ष और सचिव के पद पर बने रह सकेंगे। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने बीसीसीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह इस मामले के साथ-साथ क्रिकेट बोर्ड के कामकाज से जुड़े अन्य मामलों पर मंगलवार दोपहर को सुनवाई करेंगे। शीर्ष न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस नरसिम्हे के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को इस मामले में न्याय मित्र नियुक्त किया है। न्यायालय ने सिंह को इससे जुड़ी अर्जियों को एकत्र कर अदालत के समक्ष पेश करने के लिए कहा है। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में गांगुली का कार्यकाल सितंबर में समाप्त होने वाला है।


# नईम ने जीता वेटरन शतरंज खिताब



**लखनऊ।** 70 वर्षीय कमर बहराईच के कमर नईम ने सीसीबीडब्ल्यू -60 वेटरन शतरंज टूर्नामेंट में सर्वाधिक 6.5 अंक अर्जित करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। अंतिम राउंड में आधे अंक से पिछड़े कानपुर के 69 वर्षीय बालगोविंद अवस्थी 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं झांसी के 81 वर्षीय आरके गुप्ता टाईब्रेक स्कोर के चलते तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने पांच अंक हासिल किए। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज शतरंज खिलाड़ी 82 साल के क्रांति कुमार गुप्ता रहे। बरेली से चैंपियनशिप में खेलने के लिए लखनऊ आए क्रांति कुमार गुप्ता ने प्रारंभिक राउंड में उम्दा खेल दिखाया। अंतिम राउंड के बाद उनके तीन अंक रहे। सातवें व अंतिम राउंड में नईम के बेहद आक्रामक खेल का जवाब लखनऊ के शीर्ष वरीय विमल भाटिया ने उम्दा रणनीति से दिया लेकिन बाद में समय की कमी के दबाव के चलते कई गेम चूक गए। अच्छी शुरुआत करने वाले लखीमपुर के कृष्ण मुरारी वर्मा दूसरे हाफ में पीछे हट गए। वहीं लखनऊ के दिग्गजों के बीच के एक मुकाबले में केके खरे जीत की ओर बढ़ रहे थे लेकिन अपनी एक गलती के चलते गेम गंवा बैठे और प्रभात अधौल्या ने जीत हासिल की। विजेताओं को मुख्य अतिथि महामिलिंद लाल निदेशक वित्त, राज्य पोषण मिशन ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### टेनिस में दिखाया दम

**लखनऊ।** उन्नाद टेनिस अकादमी आशियाना में पुरुषों की टेनिस टूर्नामेंट में वीएम रंजीत व तानिक ने सफलता प्राप्त की। पुरुष एकल पहले दौर में वीएमण् रंजीत ने यश यादव को तानिक गुप्ता ने उत्कर्ष गुप्ता को आदिथ अमरनाथ ने कार्तिक सक्सेना को,आयुष गुरनानी ने तन्मय झा को अभिषेक गौर ने दिमित्री बसकोव को, उत्कर्ष तिवारी ने परंजय कुकरेती को प्रदीन ने हनु वर्मा को विवेक कुमार ने अमन कुमार को अभिनसु ने हेमंत कुमार को अथर्व शर्मा ने अनुज मान को शेखा इफ्तिखार ने पार्थ चौध को मुकिल रमणन ने अरुणव मजूमदार को रिदम मल्होत्रा ने आदित्य तिवारी का , गौतम काले ने ऋ षिराज शेखावत को वाशु गुप्ता ने मान केसरवानी को हराया।



### कतर ओलंपिक और खेल संग्रहालय में भारतीय सितारों से जुड़ी कई यादें

**दोहा।** फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी को तैयार कतर ने यहां आने वाले प्रशंसकों को यादगार अनुभव देने के लिए ओलंपिक और खेल संग्रहालय में दुनिया भर के खेल सितारों से जुड़ी चीजों को दर्शाया है जिसमें भारतीय खिलाड़ियों की यादों को प्रमुखता से जगह दी गई है। दुनिया के 32 ओलंपिक संग्रहालय में से एक कतर ओलंपिक और खेल संग्रहालय में अंदर जाते ही सबसे पहले निगाहें ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू के द्वारा कही गई बातों पर जाती है, जिसमें लिखा है, सबसे बड़ी ताकत एक मजबूत दिमाग है। अगर मुझे पता है कि कोई मुझ से अधिक मेहनत कर रहा है तो इसके लिए मेरे पास कोई बहाना नहीं होना चाहिए।

### लंबी कूद खिलाड़ी जेस्विन एल्ड्रिन ने गोल्डन फ्राई सीरीज मीट में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** लंबी कूद में भारत के शीर्ष खिलाड़ी जेसविन एल्ड्रिन ने 8.12 मीटर के प्रभावशाली प्रयास के साथ लिकटेंस्टीन में आयोजित तीसरी गोल्डन फ्राई सीरीज एथलेटिक्स मीट में स्वर्ण पदक जीता। एल्ड्रिन ने पहली बार भारत के बाहर आठ मीटर की बाधा पार की है।